

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रांतिधरा मेरठ से चुनावी शंखनाद किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 89 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# बड़े-बड़े सत्ताधारी जेल में: पीएम मोदी

= सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत नहीं मिल रही; इन बेईमानों ने जो धन लूटा है, वो गरीबों को लौटाऊंगा: मोदी

**गरजे पीएम**

8 मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रांतिधरा मेरठ से चुनावी शंखनाद किया। पीएम ने पश्चिमी यूपी की लोकसभा सीटों एनडीए के प्रत्याशियों को भी गिनाया। उन्होंने अरूण गोविल, डॉ संजीव बालियान, चंदन चौहान का नाम लिया और कहा कि कैसा भी मौसम हो, गर्मी कितनी भी हो लेकिन आप वोट डालने के लिए जरूर जाना, औरों को भी लेकर जाना। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए, नौजवानों के लिए, किसानों की समृद्धि के लिए, भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने के लिए आप मेरा एक काम करेंगे। ये काम बहुत छोटा सा है। आप घर घर जाना और कहना कि मोदी मेरठ आए थे और आपको प्रणाम भेजा है। घर घर मेरा प्रणाम पहुंचा दीजिए।

**कांग्रेस के कार्यों की कीमत देश आज तक चुका रहा है:** मेरठ में जनसभा के मंच से पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यों की कीमत देश को आज तक चुकानी पड़ रही है। जब हमारे छोटे भाई जयंत चौधरी को संसद में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की मांग करने के लिए बोलेने लगे तो उन्हें रोकने का प्रयास किया। उनका अपमान किया गया। ऐसे लोगों को उनके क्षेत्र के घर-घर में जाकर माफी मांगनी चाहिए। चौधरी चरणसिंह ने किसानों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**भ्रष्टाचारियों पर एक्शन होगा, मोदी है झुकने वाला नहीं है:** मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं और मेरे प्यारे देशवासियों मैं कहता हूं मोदी की गारंटी रहती है। मोदी का मंत्र है, भ्रष्टाचार हटाओ! वह कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ! यह चुनाव किन दो खेमों की लड़ाई है- एक खेमा एनडीए का भ्रष्टाचार हटाने के लिए मैदान में है] दूसरा वह एक है जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मैदान में है। कहा कि मैं भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं कर रहा, इन भ्रष्टाचारियों ने इन बेईमानों ने जिसका धन लूटा है, उनका धन मैं लौटा रहा हूं। इन लोगों ने मिलकर एक इंडी गठबंधन बना लिया है। इनको लगता है मोदी इससे डर जाएगा लेकिन मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है, मेरा भारत मेरा परिवार है। मैं अपने देश को भ्रष्टाचार से बचने के लिए जो कदम उठाए जा रहे हैं। उनके खिलाफ एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ूंगा, इसलिए बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं। सुप्रीम कोर्ट तक जमानत नहीं मिल रही है और इसलिए कई बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और इसलिए पूरे देश में अपने टीवी पर देखा होगा कहीं बिस्तर के नीचे से नोटों के ढेर निकल रहे हैं, कहीं दीवारों से नोटों के ढेर निकल रहे हैं।





### '3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम हो रहा'

पीएम ने कहा कि यह मोदी की गारंटी है तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम कर रहा है। साथियों नमो ड्रोन दीदी योजना भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही है इसमें महिला स्वयं सहायता समूह को आधुनिक ड्रोन दिए जा रहे हैं। यह ड्रोन हमारी खेती का भविष्य बदलने वाले हैं। खेती का काम आसान करने वाले हैं। जब गांव की बेटियां ड्रोन पायलट बनेगी उनका गौरव भी बढ़ेगा उनकी कमाई भी बढ़ेगी और किसानी भी सरल हो जाएगी।

**महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी:** महिलाओं को आरक्षण भी पहले संभव लगता था लेकिन नारी शक्ति अभिनंदन अधिनियम संभव लगता है। चार करोड़ गरीबों को पक्के घर बना कर दिए यह हमारी सरकार है, जो 11 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर महिलाओं की गरिमा की रक्षा की है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया। इस अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रपति कार्यालय से सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।

## बंगाल का मतलब केवल तृणमूल कांग्रेस: ममता

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि बंगाल का मतलब सिर्फ तृणमूल कांग्रेस हैं। भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दे रही है। मेरा चैलेंज है कि वे पहले 200 सीटों का आंकड़ा पार करके दिखाए। बंगाल सीएम ने कहा- 2021 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 200 से अधिक सीटें जीतने का दावा किया था, लेकिन उन्हें 77 पर रुकना पड़ा। भाजपा बंगाल में फिर बुरी तरह हारेगी। वे कह रहे कि उन्हें 400 सीटें मिलेंगी। ममता ने कृष्णानगर में अपनी पहली चुनावी रैली में ये बातें कहीं। वे टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा का प्रचार करने पहुंची थी।

## मोदी मैच फिक्सिंग करके जीतना चाह रहे चुनाव: राहुल

ये जो उनका 400 पार का नारा है वो बिना मैच फिक्सिंग के 80 पार नहीं हो सकता है: राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रामलीला मैदान में महारैली हुई। महारैली में विपक्षी गठबंधन का नारा 'तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' रहा। इस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कई विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। वहीं, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी भी रामलीला मैदान पहुंचीं।

**पीएम मोदी इस चुनाव में मैच फिक्सिंग कर रहेः** इंडिया गठबंधन की महारैली में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, 'आज कल आईपीएल के मैच चल रहे हैं। आप सबने मैच फिक्सिंग शब्द सुना है। जब बेइमानी से एम्पायर पर दबाव डालकर, खिलाड़ियों को खरीदकर मैच जीता जाता है, तो इसे मैच फिक्सिंग कहा जाता है। हमारे सामने लोकसभा का चुनाव है। हमारी टीम में से मैच शुरू होने से पहले दो खिलाड़ियों को गिरफ्तार करके अंदर कर दिया गया। पीएम मोदी इस चुनाव में मैच फिक्सिंग करने की कोशिश कर रहे हैं। ये जो उनका 400 पार का नारा है वो बिना मैच फिक्सिंग के 80 पार नहीं हो सकता है।' उन्होंने आगे कहा, 'कांग्रेस पार्टी विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारे सभी बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। चुनाव के बीच में देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के बैंक अकाउंट बंद कर दिए। हमारे सारे संसाधनों को बंद कर दिया गया।

### आप नेता से आपको घबराहट किस बात की: अखिलेश यादव

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, 'ये रामलीला मैदान ऐतिहासिक मैदान है और आज जब हम लोग यहां एकत्रित हुए हैं और एकसाथ खड़े हुए हैं तो इस मैदान से ये एलान होने वाला है कि सत्ताधारी जो दिल्ली में बैठे है वो अब ज्यादा दिन नहीं रहेंगे। आज हम दिल्ली आए हैं। सुना है दिल्ली वाले आज दिल्ली से बाहर गए हैं। दिल्ली से जो आज बाहर जा रहे हैं वो हमेशा-हमेशा के लिए बाहर जा रहे हैं।


### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद्

### मन की बात



"जब तक जीना, तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं।"

स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख





## विश्व भारती यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पर यौन शोषण का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** कोलकाता में विश्वभारती यूनिवर्सिटी की तीन छात्राओं ने एक गेस्ट प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इनका आरोप है कि इस प्रोफेसर ने सेमेस्टर परीक्षा में पास कराने के बदले में शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। यूनिवर्सिटी के फारसी, उर्दू और इस्लामिक स्टडी डिपार्टमेंट में पढ़ने वाली तीनों स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि प्रोफेसर ने उन्हें वॉट्सएप पर अश्लील मैसेज भी भेजे और कई बार उन्हें गलत तरीके से छुआ। छात्राओं ने 28 मार्च को शांतिनिकेतन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया कि परीक्षा में फेल होने का डर दिखाकर उन्हें प्रताड़ित किया गया। छात्राएं सबूत लेकर थाने पहुंचीं। उन्होंने पुलिस को प्रोफेसर के भेजे मैसेज दिखाए। जिनमें उसने छात्राओं से अलग से मिलने और रात गुजारने की भी बात लिखी थी।

## चुनाव अधिकारियों ने केसीआर के वाहन की ली तलाशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबादः** देश में लोकसभा चुनाव की दुंदुभी बजने के बाद से ही चुनाव आयोग सक्रिय हो गया है। लोकसभा चुनाव में निष्पक्षता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस बीच, तेलंगाना के सूयार्पेट जिले में पूर्व सीएम केसीआर के वाहन की तलाशी ली गई है। सूयार्पेट की यात्रा के दौरान निर्वाचन अधिकारियों ने यह कार्रवाई की। बीआरएस ने कहा कि जिले के एडुलापर्रे टांडा चेक पोस्ट पर वाहन की जांच की गई।

**चुनावी समर**

8 केसीआर किसानों से मिलने और उनके खेतों का निरीक्षण करने के लिए वे सूयार्पेट जा रहे थे: बीआरएस

बीआरएस ने बताया कि केसीआर किसानों से मिलने और उनके खेतों का निरीक्षण करने के लिए वे सूयार्पेट जा रहे थे। सूयार्पेट इस समय कथित तौर पर सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहा है।

## कच्चतीवु द्वीप पर गरमाई राजनीति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत की ओर से कच्चतीवु द्वीप श्रीलंका को दिए जाने का मुद्दे ने लोकसभा चुनाव खासकर तमिलनाडु की राजनीति को गरमा दिया है। रामेश्वरम और श्रीलंका के बीच मौजूद इस द्वीप को इंदिरा गांधी सरकार ने श्रीलंका को दे दिया था। एक आरटीआई में इसकी जानकारी सामने आने के बाद मुद्दा फिर से सुर्खियों में है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस संबंध में एक समाचार साझा कर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस भरोसे के लायक नहीं है। प्रधानमंत्री ने एक समाचार साझा करते हुए सोशल मीडिया पर कहा कि यह बात आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली है। नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने लापरवाही करते हुए कच्चतीवु को छोड़ दिया। इससे हर भारतीय नाराज है और लोगों के मन में यह बात बैठ गई है कि हम कांग्रेस पर कभी भरोसा नहीं कर सकते! भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना 75 वर्षों से कांग्रेस का काम करने का तरीका रहा है। विदेश मंत्री ने भी प्रधानमंत्री के बाद इस पर अपने विचार रखे। उनका कहना है कि यह महत्वपूर्ण है कि लोग हमारे अतीत के बारे में पूरी सच्चाई जानें।





## कांग्रेस को 1745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने नया नोटिस दिया है। इसमें 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपए के टैक्स की डिमांड की गई है। इस नए नोटिस के साथ कांग्रेस पर टैक्स डिमांड बढ़कर 3567 करोड़ रुपए हो गई है। 2014-15 के लिए 663 करोड़ रुपए, 2015-16 के लिए 664 करोड़ रुपए और 2016-17 के लिए 417 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस कांग्रेस को भेजा गया है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का दावा है कि आईटी विभाग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स रिबेट खत्म कर दी है और पूरे कलेक्शन के लिए पार्टी पर टैक्स लगा दिया है।

रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी ने छापे में कांग्रेसी नेताओं से जब्त डायरियों की थर्ड पार्टी को लेकर हुई एंट्रीज पर भी टैक्स लगाया है।

कांग्रेस को 2 दिन पहले यानी 29 मार्च को ही आयकर विभाग से पहला नोटिस मिला था। जिसमें करीब 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने कहा गया है।



**परेशानी बढ़ी**

8 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपए के टैक्स की डिमांड की गई है

## 'स्वदेशीकरण और तकनीकी समावेश होगा सेना का फोकस'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय सेना लगातार अपने खेमे को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने सेना की मजबूती पर बात की। उन्होंने कहा कि स्वदेशीकरण, तकनीकी समावेश और परिचालन क्षमता में वृद्धि सेना की दक्षिणी कमान के फोकस क्षेत्र होंगे। बता दें, दक्षिणी कमान भारतीय सेना की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी कमान है।

## पीएम मोदी आत्मावलोकन करें: खड़गे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कच्चाथीवू द्वीप के संदर्भ में दिए बयान के बाद उनसे अपनी पार्टी के कार्यों को लेकर आत्मावलोकन करने की सलाह दी है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस के प्रति दुराग्रह छोड़ उन्हें अपने गलत कार्यों पर विचार करना चाहिए जिसका खामियाजा देश को भुगतना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री ने रविवार को इंदिरा गांधी सरकार द्वारा कच्चाथीवू द्वीप श्रीलंका को दिए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा कि पार्टी भरोसे के लायक नहीं है। इसके जवाब में खड़गे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चुनावों के चलते इस तरह के आरोप हताशा दिखाते हैं। खड़गे ने कहा कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने हिंसक अलगाववादी ताकतों से सफलतापूर्वक लड़ाई लड़ते हुए अपनी जान दी है।

उन्होंने पंजाब, असम, मिजोरम, तमिलनाडु और नगालैंड को सफलतापूर्वक भारत के साथ जोड़े रखते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखा।



**शिकंजा**

8 कांग्रेस के प्रति दुराग्रह छोड़ उन्हें अपने गलत कार्यों पर विचार करना चाहिए: कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन

## 370 सीटों का टारगेट दक्षिण पूरा करेगा: नितिन गडकरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नागपुरः नितिन** गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस विश्वास से भाजपा के 370 जीतने की बात कह रहे हैं, ये लक्ष्य दक्षिण भारत पूरा करेगा। भाजपा की देश में सबसे ज्यादा टीआरपी है। देश में विपक्षी नेताओं की तरफ से अपोजिशन को कमजोर करने की बात कही जा रही है। इस पर केंद्रीय सड़क परिवहन और हाईवे मिनिस्टर ने कहा कि विपक्ष कमजोर हो या मजबूत, क्या ये हमारी जिम्मेदारी है? जब हमारी दो सीटें थीं और हमारी पार्टी की कमजोर स्थिति थी, तब किसी ने भी हमें सहानुभूति नहीं दी थी।



अब मेरे दिमाग में कोई संशय नहीं है। भाजपा की अगुआई वाला एनडीए 400 का आंकड़ा पार करेगा। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, क्योंकि हमारी सरकार ने 10 साल में ठोस काम किया है।

**विपक्ष लोगों का भरोसा जीतने की कोशिश करेः** गडकरी ने इस आरोप को खारिज किया कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों को हथियार की तरह इस्तेमाल कर विपक्ष को कमजोर कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के विरोधियों को इस तरह की बातें करने की बजाय लोगों का विश्वास जीतने की कोशिश करनी चाहिए। भाजपा आज जिस मजबूत है, उसके लिए बीते सालों में कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की है। भाजपा को 370 और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें कैसे मिलेंगी, इस पर गडकरी ने कहा कि इसके लिए आपको राज्यवार विश्लेषण की जरूरत नहीं है।

**मांगों को लेकर..** माइनस -8 डिग्री सेल्सियस में भूख हड़ताल कर रहीं; लद्दाख को पूर्ण राज्य बनाने की मांग

## वांगचुक के बाद लेह में 70 महिलाएं अनशन पर बैठीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**लेहः** इनोवेटर और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने 21 दिन की भूख हड़ताल खत्म कर दी है, पर लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने समेत अन्य मांगें ठंडी नहीं पड़ी हैं। वांगचुक के उठने के दूसरे दिन 70 महिलाएं लेह के उसी एनडीएस मेमोरियल पार्क में माइनस 8 डिग्री सेल्सियस की सर्दी में भूख हड़ताल पर बैठ गईं। चार दिन से उनका साथ देने के लिए बैच में रोज 400-500 महिलाएं भी आ रहीं है। एक बैच जाने के बाद दूसरा बैच दिनभर के उपवास पर बैठता है। यह क्रम 6 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद युवा भी 10 दिन भूख-हड़ताल करेंगे। महिलाओं के अनशन के बाद 7 अप्रैल को लेह के शीर्ष निकाय के बैनर तले एलएसी के पास चांगथांग की ओर बॉर्डर मार्च या पश्मीना मार्च किया जाएगा, ताकि यह पता लग सके कि भारतीय चरागाह की कितनी भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है। इस मार्च में 10,000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। अनशन में शामिल एक रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी नोरजिन एंग्मो ने कहा था- मैं अपने बच्चों और पोते-पोतियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए भूख हड़ताल पर बैठी हूं। हम विकास के नाम पर लद्दाख के नाजुक पर्यावरण को खराब होते नहीं देख सकते। नोरजिन ने कहा- 20 साल पहले, नदियां इतनी साफ थीं कि हम सीधे पानी पीते थे, पर आज अत्यधिक प्रदूषित हैं। हमें उनकी रक्षा की जरूरत है। शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी महिलाएं भाजपा का 2019 के लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र की प्रतियां लहरा रही है।





**विरोध**

8 चार दिन से उनका साथ देने के लिए बैच में रोज 400-500 महिलाएं भी आ रहीं है

नई दिल्ली, 01 अप्रैल 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# आरआरटीएस और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच कनेक्टविटी होगी बेहतर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सराय काले खां** आरआरटीएस स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाले फुटओवर ब्रिज (एफओबी) का निर्माण जल्द ही पूरा होने को है। 280 मीटर लंबे एफओबी पर दोनों स्टेशनों के बीच यात्रियों की सुगम, सुरक्षित और आरामदायक आवाजाही की सुविधा के लिए छह ट्रैवलेटर भी लगाए जाएंगे। एनसीआरटीसी अधिकारियों के अनुसार, एफओबी के सभी 11 पिलरों का काम पूरा हो चुका है। 10 पाटों में लगने वाले सभी 40 गार्डरों को प्रीकास्ट कंक्रीट तकनीक के जरिए पहले से तैयार



करके लाया गया था। इस तकनीक को अपनाने से यह फायदा हुआ कि प्रदूषण कम हुआ। साथ ही निर्माण की गति तेज हुई।

**मई तक पूरा हो जाएगा:** फिलहाल 24 गार्डरों वाले छह पाट (स्पैन) सफलतापूर्वक लांच कर दिए गए हैं। बाकी 16 गर्डरों वाले चार स्पैन के लिए लॉन्चिंग प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू की जाएगी। उस स्थान पर स्लैब की कंक्रीट ढलाई भी शुरू हो गई है। इस एफओबी को मई 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

**फम्ळर और निजामुद्दीन स्टेशन के बीच की दूरी 300 मीटर**
सराय काले खां आरआरटीएस स्टेशन और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच की दूरी करीब 300 मीटर है। इसी के कारण, परिवहन के दो अलग-अलग साधनों के बीच निर्बाध यात्रा सुविधा के लिए फुट ओवर ब्रिज पर एक ट्रैवलेटर को शामिल करना आवश्यक समझा गया। इस अतिरिक्त सुविधा से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांगों खासकर भारी सामान ले जाने वालों सहित तमाम यात्रियों को काफी लाभ होने की उम्मीद है। इस पर प्रति घंटे 12,000 यात्री गुजर पाएंगे। जो लोग ट्रैवलेटरों का इस्तेमाल करना पसंद नहीं करते, उनके लिए समानांतर एक तीन मीटर चौड़ा वाकवे भी बनाया जा रहा है।

**गौरतलब है कि दिल्ली-**गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के साहिबाबाद और मोदीनगर उत्तर के बीच 34 किमी का खंड चालू है, जिसमें आठ स्टेशन शामिल हैं। शेष हिस्सों पर निर्माण तेजी से आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है कि पूरे 82 किमी का यह कारिडोर जून 2025 की तय समय सीमा से पहले ही चालू हो जाएगा।

# बच्ची से दुष्कर्म के मामले में आरोपी ट्यूशन टीचर के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पूर्वी दिल्ली के मंडावली** इलाके में कुछ दिनों पहले ट्यूशन टीचर ने चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया था। इस मामले में स्थानीय लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों की मांग है कि आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। साथ ही कहा कि आरोपी की बहन व कोचिंग संचालिका को भी इस मामले में गिरफ्तार किया जाए।

**यह है मामला:** मंडावली इलाके में शिक्षक ने ट्यूशन पढ़ने आई चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया। बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसे उसके घर भेज दिया। बच्ची की हालत देखकर स्वजन ने उसे एलबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे एम्स



रेफर कर दिया। वहां उसका इलाज चल रहा है। मंडावली थाना ने दुष्कर्म समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की गई। पुलिस ने आरोपित ट्यूशन शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित परिवार मंडावली थाना क्षेत्र में रहता है। पीड़िता पड़ोस के कोचिंग सेंटर में शनिवार को ट्यूशन पढ़ने के लिए गई थी। बच्ची को अकेला पाकर शिक्षक ने दुष्कर्म किया। पीड़िता घर गई तो उसकी हालत देखकर स्वजन को कुछ गलत होने का अंदेशा हुआ। जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता का कहना है कि बच्ची का स्वास्थ्य ठीक है।

# लोकतंत्र की कसौटी पर लोगों की ताकत, इस साल चुनावी महाकुंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**साल** 2024 दुनियाभर के मतदाताओं का साल है। आप कह सकते हैं कि यह चुनावी महाकुंभ वाला साल है। 2024 में संयुक्त रूप से 44.2 ट्रिलियन (खरब) डॉलर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वाले भारत और अमेरिका सहित करीब 40 देशों के करीब 320 करोड़ लोग इस चुनावी महाकुंभ में मतदान के रूप में आहुति देंगे। अगर भारत में राज्य और स्थानीय निकायों के चुनावों को भी इसमें शामिल कर लिया जाए तो मतदान का यह स्तर अधिक विराट होगा। यह भी कह सकते हैं कि दुनिया में हर दूसरा शख्स मतदान करेगा। चुनाव पर नजर रखने वाली बहुत सी एजेंसियों का मानना है कि



एक साल में पहले कभी इतने अधिक लोगों ने मतदान नहीं किया।

**लड़खड़ा रही विश्व की अर्थव्यवस्था:** यह पॉलीक्राइसिस यानी बहुसंकट का भी समय है। इसका आशय है कई विनाशकारी घटनाओं का एक साथ लगातार घटित होना। मसलन मौजूदा समय में जलवायु आपातकाल ने हर देश और हर नागरिक के सामने खतरा पैदा कर दिया है। पर्यावरण के क्षरण और सामूहिक विलुप्ति ने प्रकृति को अक्षम कर दिया है और साथ ही दशकों की प्रगति के बाद गरीबी व भुखमरी बढ़ने से विश्व अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है।

**दुनिया में सबसे अधिक युवा जनसंख्या:** कई देश ऐसे हैं जो गरीबी के बीच महामारी से लड़ते हुए खुद को उबारने का संघर्ष कर रहे हैं। अस्तित्व के संकट के अलावा दुनिया कई युद्धों से भी जूझ रही है और आपस में जुड़ी वैश्विक प्रणालियां ध्वस्त हो रही हैं। देश भी अपने समाज को कई ध्रुवों में बंटता देख रहे हैं। यह ऐसा भी समय है जब विश्व में सबसे अधिक युवा जनसंख्या है। इस लिहाज से देखें तो 2024 वह महत्वपूर्ण मोड़ है, जब लोगों की ताकत लोकतंत्र की कसौटी पर परखी जाएगी। यदि लोकतंत्र में चुनाव स्वीकृति देने का पहला कदम है तो इस बहुसंकट के दौर में दुनिया कैसी प्रतिक्रिया देगी या मतदान करेगी?

**क्या चुनाव में उठेंगे ये मुद्दे?**
क्या जलवायु परिवर्तन, महामारी, गरीबी एवं भुखमरी जैसे संकट हमारे चुनावी निर्णयों को निर्धारित करेंगे? क्या ध्रुवीकृत मतदाता इन संकटों को एजेंडा नहीं बनाएंगे और अपनी वैचारिक नजदीकी के मुताबिक मतदान करेंगे? यदि मतदाता अपनी वैचारिक नजदीकी के अनुसार व्यवहार करते हैं तो निर्वाचित सरकारें किस उद्देश्य की पूर्ति करेंगी? जैसे-जैसे समय गुजरेगा, हमारे पास संबंधित चुनाव और उसके संदेशों का देश-वार मूल्यांकन होगा।

**लोकतंत्र की स्वीकार्यता और उपयोगिता का होगा अध्ययन**
एक और संदर्भ है जिसका इन चुनावों में अध्ययन किया जाना चाहिए। वह है लोकतंत्र की स्वीकार्यता और उपयोगिता। इसमें शक नहीं है कि लोकतंत्र को अब भी प्राथमिकता दी जाती है। यह बात फ्रीडम हाउस द्वारा किए गए 'फ्रीडम इन द वर्ल्ड' मूल्यांकन से भी स्पष्ट होती है। इसके नवीनतम मूल्यांकन के अनुसार, 1973 में जब इस तरह का पहला सर्वेक्षण आयोजित किया गया था, तब 148 में से केवल 44 देशों को 'स्वतंत्र' के रूप में वगीर्कृत किया गया था। वर्तमान में यह संख्या 84 (195 देशों में से) है। ओपन सोसाइटी फाउंडेशन ने अपने 'ओपन सोसाइटी बैरोमीटर' शीर्षक से 2023 में किए गए सर्वेक्षण में पाया था कि औसतन 86 प्रतिशत उत्तरदाता लोकतांत्रिक राज्य में रहना चाहते हैं। सर्वेक्षण में आम चुनौतियों में स्कूलों-अस्पतालों का निर्माण, पर्यावरण की रक्षा व अपराध को कम करना जैसी 'अनिवार्यताएं' शामिल थीं।

# 'केजरीवाल जेल के अंदर ज्यादा खतरनाक हैं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: रामलीला मैदान में** विपक्षी नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। देशभर की विभिन्न पार्टियों ने एकजुटता प्रदर्शित की और लोगों से लोकतंत्र बचाने की अपील की। वहीं रैली के बाद दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने अपनी प्रतिक्रिया दी। गोपाल राय ने कहा- देश भर से इंडिया गठबंधन के सभी वरिष्ठ नेता रामलीला मैदान में एकत्र हुए। आज रैली में हमने जो विशाल जनसमूह देखा, वह दशार्ता है कि अरविंद केजरीवाल जेल के बाहर से ज्यादा खतरनाक हैं। लोग उनसे बहुत मोहब्बत करते हैं।

**चुनाव एक क्रांति का रूप ले चुका: गोपाल राय**
उन्होंने कहा कि आपने सोचा कि केजरीवाल को जेल में डालकर उनकी लड़ाई खत्म कर देंगे। लेकिन उनके जेल में जाने के बाद लड़ाई शुरू हो चुकी है। इस बार का चुनाव एक क्रांति का रूप ले चुका है। आम लोग इस चुनाव को आंदोलन के रूप में आगे बढ़ेंगे। यकीन मनिए, इस देश में तानाशाही हारेगी और लोकतंत्र जीतेगा।

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**
ई-निविदा सूचना सं. इलेक्ट-पीएस-20550RT 04 दिनांक: 23.03.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/(पीएस)/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। विवरण: कार्य का नाम: अर्थिंग के उपचार सहित एमसीएफ/आरबीएल के आवासीय क्वार्टर, सेवा भवन, अधिकारियों और कार्यशाला क्षेत्र की दोषपूर्ण क्षतिग्रस्त अर्थिंग के स्थान पर नई अर्थिंग का प्रावधान, कार्य स्थल: आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, जिला-रायबरेली, अनुमानित लागत: ₹34,83,933.83 (₹ केवल चौंतीस लाख तिरासी हजार नौ सौ तैंतीस और तिरासी पैसे), अमानत राशि: ₹69700.00 (₹ उनहत्तर हजार सात सौ मात्र), कार्य समाप्ति की अवधि: 06 (छह माह), निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 18.04.2024, 11:30 बजे, अन्य शर्तें: अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य विद्युत अभियंता/(पीएस)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं एमसीएफ/आरबीएल/टेंडर/एस डब्लू, इ डब्लू, लेव एस डब्लू और रूफ रिवर्सल का निर्माण/2024-25/सी56बी दिनांक-28.03.2024, आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है कार्य का नाम: कार्यक्षेत्र के अनुसार साइड वॉल एंड वॉल, लैव साइड वॉल और रूफ रिवर्सल का निर्माण, कार्य की अनुमानित लागत (₹): 1,07,08,127.58, निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹): शून्य, अमानत राशि: ₹2,03,900.00, (₹ दो लाख तीन हजार नौ सौ मात्र), कार्य की मात्रा: शेड्यूल के अनुसार, कार्य समापन की अवधि: 12 माह, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 19.04.2024 को 15:00 बजे। निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल

शुद्धि पत्र — शुद्धि पत्र सं. 11, दिनांक: 27.03.2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 110/ईटी/2023-24 दिनांक 18.03.2024 | टैण्डर नं. 03231773C | निविदा खुलने की तिथि 26.03.2024 स्थान पर तिथि 02.04.2024 पढ़ें |
| 02 | 110/ईटी/2023-24 दिनांक 18.03.2024 | टैण्डर नं. 04231360 | निविदा खुलने की तिथि 28.03.2024 स्थान पर तिथि 02.04.2024 पढ़ें |
| 03 | 110/ईटी/2023-24 दिनांक 18.03.2024 | टैण्डर नं. 04231304 | निविदा खुलने की तिथि 26.03.2024 स्थान पर तिथि 02.04.2024 पढ़ें |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल
SERVING CUSTOMERS WITH A SMILE

# गैस रिसाव की वजह से रेस्तरां और ढाबे में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा: कोतवाली सेक्टर-24** क्षेत्र में सेक्टर-12 के एक्स ब्लॉक स्थित जायका किंग रेस्तरां और कड़क सिंह ढाबा में रविवार शाम गैस रिसाव के कारण आग लग गई। आग लगने से दोनों प्रतिष्ठानों पर लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने करीब 15 मिनट में आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर-12 के सामने एक्स ब्लाक में जायका किंग रेस्तरां और कड़क सिंह ढाबा में आग लगने की सूचना करीब 4 बजकर 55 मिनट पर मिली। आग लगने का कारण गैस रिसाव होना बताया गया। मौके पर तत्काल तीन गाड़ियों को भेजा गया। दमकल



कर्मियों ने करीब 15 मिनट में आग पर काबू पाया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और न ही अग्निकांड के दौरान कोई अंदर फंसा रहा। सीएफओ ने बताया कि आग जायका किंग रेस्तरां में पहले लगी थी। करीब साढ़े चार बजे यहां आग लगी। जिस समय आग लगी कुक और उसके सहकर्मी समेत करीब दस लोग अंदर थे।

**देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया:** आग लगते ही सभी बाहर निकल आए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। विभाग की गाड़ियां जबतक पहुंचतीं रेस्तरां में रखा लाखों का सामान जल चुका था और बराबर में ढाबे की तरफ आग बढ़ रही थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से पानी की बौछार कर ढाबे की आग को बढ़ने नहीं दिया गया।

**स्थानीय लोगों ने पाया आग पर काबू:** काफी दूर से आग और धुआं दिखाई पड़ रहा था। रेस्टोरेंट के बाहर लोग जमा हो गए। प्रारंभिक चरण में स्थानीय लोगों ने भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया था।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि आग लगने की सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को देरी से दी गई।

# गर्दन पर फावड़ा मारकर पत्नी की हत्या, अवैध संबंध के शक में किया वारदात

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद: लोनी कोतवाली** क्षेत्र की मुस्तफाबाद कॉलोनी में शनिवार रात पति ने पत्नी की फावड़े से गला काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित फरार हो गया। पिता के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुस्तफाबाद कॉलोनी का अयूब के परिवार में पत्नी फरजाना, बेटी महक, अर्शी, अतिशा और बेटा अरम और आयान हैं। शनिवार रात 10 बजे बड़ा बेटा अरम घर से बाहर गया था। अन्य सभी बच्चे घर पर ही थे। पत्नी फरजाना चारपाई पर लेटकर मोबाइल देख रही थी। तभी आयूब ने फरजाना पर फावड़े से एक के बाद एक कई वार कर दिए और मौके पर फरार हो गया। इसके बाद अरम घर आया तो मां की मौत हो चुकी थी।

**एक महीने से धमकी दे रहा था आरोपी:** हत्या के दौरान घर में चार बच्चे थे। बच्चे मां के शव के पास बैठकर रो रहे थे। अर्शी ने भाई अरम के बताया कि पिता ने मां की फावड़े से हत्या कर दी।

आरोपित एक माह से पत्नी को मारने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बताया जा रहा है कि पति ने अवैध संबंधों के शक में हत्या की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 15 दिन में खराब हुआ जूता, स्टोर ने नहीं किए वापस, मुआवजा देने का दिया आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम: करीब दो हफ्ते में** ही नए जूते खराब हो जाने पर उपभोक्ता आयोग ने कंपनी को आदेश दिया है कि वह उपभोक्ता को 15 हजार रुपये का मुआवजे के साथ ही जूते की राशि ब्याज समेत वापस करे। उपभोक्ता को नौ प्रतिशत की दर से जूते की राशि दी जाएगी। यह आदेश जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की सदस्य खुशविंद्र कौर ने दिया है। गुरुग्राम निवासी मनदीप ने अपनी याचिका में बताया कि सेक्टर-14 में स्थित न्यू बैलेंस स्टोर से 15 अगस्त 2023 को एक जोड़ी जूते 4500 रुपये में खरीदे थे। जूते खरीदने के 15 दिन बाद ही जूते के धागे खुलने लगे थे। इसको लेकर उन्होंने स्टोर पर जाकर शिकायत करते हुए जूते बदलने या पैसे वापस करने के लिए कहा था, लेकिन स्टोर वालों ने ऐसा नहीं किया। इस पर उन्होंने उपभोक्ता आयोग में याचिका दायर कर दी। इस मामले में स्टोर ने अपना पक्ष आयोग में नहीं रखा था। आयोग में अपना पक्ष नहीं रखा था। आयोग ने उपभोक्ता की दलील को सुनते हुए कंपनी को आदेश दिया है कि वह जूते की राशि नौ प्रतिशत की दर से वापस करे। इसके साथ ही उपभोक्ता को होने वाली मानसिक परेशानी पर 15 हजार रुपये का मुआवजा और कानूनी प्रक्रिया पर होने वाले खर्च के लिए 11 हजार रुपये दिए जाएं।

**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**
**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**
**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104
**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**

**क्लासीफाइड**

**टूर एण्ड ट्रैवल्स**
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**
**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**
**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**
**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

**खोया-पाया**
मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

**बेदखली सूचना**
**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**
**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

**बेदखली सूचना**
**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**
मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

**खोया-पाया**
मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# महारैली में पत्नी ने पढ़ा केजरीवाल का संदेश

## नया भारत बनाएंगे, जेल से सीएम अरविंद केजरीवाल ने देश को दी छह गारंटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अरविंद** केजरीवाल की पत्नी सुनिता केजरीवाल ने रविवार को विपक्षी इंडी गठबंधन के साझा मंच से जेल में बंद अरविंद केजरीवाल का संदेश पढ़ा। इसमें इंडी गठबंधन की ओर से देश को छह गारंटी दी गई। इसमें 24 घंटे बिजली, गरीबों को मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लिनिक, मुफ्त एवं समान शिक्षा, किसानों को एमएसपी, दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसी गारंटी शामिल रही। साथ ही केजरीवाल की ओर से गठबंधन से पूछे बिना घोषणा करने को लेकर माफी भी मांगी गई। रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, राजद नेता तेजस्वी यादव, सपा नेता अखिलेश यादव समेत कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्री भी मंच पर मौजूद रहे। इस रैली को तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ नाम दिया गया है।



### पूरा देश आपके साथः उद्धव ठाकरे

**महाराष्ट्र** के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा, आप लोग (कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल) चिंता मत करो, सिर्फ हम ही नहीं पूरा देश आपके साथ है। कुछ दिन पहले आशंका थी कि क्या हमारा देश तानाशाही की ओर चल रहा है? लेकिन अब ये आशंका नहीं सच्चाई हो गई है। भाजपा पार्टी को लग रहा होगा कि अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने से लोग डर जाएंगे लेकिन उन्होंने अपने देशवासियों को कभी पहचाना नहीं। बहन लड़ रही तो भाई क्यों पीछे रहे। उन्होंने आगे कहा, मेरे भारत में हर कोई डरने वाला नहीं, लड़ने वाला है। भाजपा सरकार ने किसानों को दिल्ली आने से रोका। अब भाजपा को दिल्ली आने से रोकना होगा। ईडी, आईटी और सीबीआई ये सभी बीजेपी की साथी पार्टियां हैं. बीजेपी देश के लिए खतरनाक हो गई है।



### केजरीवाल को परेशान कर रही भाजपाः मुफ्ती

**जम्मू-कश्मीर** की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को इसलिए परेशान किया गया ताकि वो भाजपा में चला जाए। भ्रष्टाचारी बता रहे हैं। उसका क्या कसूर था। उन्होंने अच्छे स्कूल और अस्पताल बनाए। भाजपा पर हमला करते हुए मुफ्ती ने कहा कि इनको अगर परिवारवाद से दिक्कत होती तो सिंधिया जैसे नेताओं को ना लेते। इनको बस नेहरू गांधी परिवार से दिक्कत है।

उन्होंने कहा कि दो करोड़ नौकरियां देने की बात की गई थी, लेकिन इन्होंने नौजवानों का अपराधीकरण किया उनसे दंगा कराए. कौन क्या खा रहा है ये दिखाया।

### 'हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों पर राज होता'

**पंजाब के मुख्यमंत्री** भगवंत मान ने कहा, 'देश का लोकतंत्र खतरे में है। ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं है। ये 140 करोड़ लोगों का देश है। ये (भाजपा) क्या समझते हैं, इसको भी अंदर खत्म कर दो, उसको भी अंदर कर दो, ये नेता फ्रीज कर दो, क्या आप ऐसे जीत जाएंगे? हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों पर राज होता है, यूं कहने पर तो मुर्गों के सिर पर ताज होता है। मैं नमस्कार करता हूं कि इन्होंने (कल्पना सोरेन और सुनीता सोरेन) इतने दुख झेले, इन्होंने क्या-क्या नहीं देखा। अरविंद केजरीवाल को तो आप (भाजपा) गिरफ्तार कर लेंगे, लेकिन आप उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करेंगे?

### 'ये ऊर्जा लोकतंत्र को जीत दिलाएगी'

**माकपा** महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा, 'भारत की राजनीति में एक नई ऊर्जा आज पैदा हुई है जो यहां मौजूद है। ये ऊर्जा भारत के संविधान और लोकतंत्र को जीत दिलाएगी और तानाशाही की ताकतों को हरवाएगा।' लोकतंत्र को बचाने और भाजपा को हराने के लिए...: डी. राजा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के महासचिव डी. राजा ने कहा, 'भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आप सभी के साथ मिलकर भारत, संविधान और लोकतंत्र को बचाने और भाजपा को हराने के लिए हमारे साझा संकल्प की घोषणा करती है। हम अपनी सामूहिक शक्ति का प्रदर्शन करते हैं।'

महारैली में अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, आज आपके अपने केजरीवाल ने जेल से संदेश भेजा है, मैं इससे पहले कुछ पूछना चाहती हूं। क्या प्रधानमंत्री ने मेरे पति को जेल में डालकर सही किया? क्या आप मानते हैं कि केजरीवाल एक सच्चे और ईमानदार आदमी हैं? क्या अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए?

## लाभार्थी संपर्क से चुनावी राह सुगम करेगी भाजपा

### दिल्ली के 13 हजार से अधिक बूथ पर चलेगा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नरेन्द्र मोदी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में बड़ी उम्मीद है। वह उनसे संपर्क कर अपनी बात पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इसके लिए पिछले कई माह से अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अब बड़े स्तर पर संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। सभी मतदान केंद्रों को इस अभियान में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। इसकी तैयारी चल रही है और पार्टी का प्रयास अगले सप्ताह तक इसे शुरू करने की है।

**पहले चरण में तैयार की गई 1.27 लाख लाभार्थियों की सूची:** भाजपा नेताओं का कहना है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में



भाजपा को मिली जीत में लाभार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका थी। इसे ध्यान में रखकर लोकसभा चुनाव में भी इन्हें अपने साथ जोड़ने की कोशिश हो रही है। इसके लिए लाभार्थी मेला, सम्मेलन, जनसंपर्क सहित कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दिल्ली में 1.27 लाख लाभार्थियों की सूची तैयार की गई थी और लगभग 40 हजार से संपर्क किया जा चुका है। नेताओं का कहना है कि लाभार्थियों की संख्या इससे बहुत अधिक है। उनकी पहचान करने के लिए अगले कुछ दिनों में अभियान शुरू किया जाएगा।

**प्रत्येक मतदान केंद्र पर 100 लोगों से संपर्क का लक्ष्य:** भाजपा नेताओं का कहना है कि कोरोना संकट के समय से ही दिल्ली में लगभग 78 लाख लोगों को केंद्र सरकार से पांच किलो निश्शुल्क राशन मिल रहा है। जहां झुग्गी वहीं मकान योजना के अंतर्गत साढ़े तीन हजार गरीबों को फ्लैट मिल चुके हैं। लगभग साढ़े तीन हजार फ्लैट तैयार हैं। इसी तरह से गर्भवती महिलाओं, सुकन्या योजना, मुद्रा योजना, जनधन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, उज्ज्वला योजना, होम लोन पर सब्सिडी सहित अन्य योजनाओं से लाखों लोगों को लाभ मिला है।

## दोस्त की हत्या के आरोप में शख्स गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के शास्त्री नगर इलाके में एक शख्स को उसके ही दोस्त ने मौत के घात उतार दिया। दिल्ली पुलिस ने रविवार को कहा कि एक 22 वर्षीय व्यक्ति को झगड़े के दौरान अपने दोस्त की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान मुस्तकीम (22) के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान यासीन के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से एक 7.65 मिमी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि घटना 26 मार्च की सुबह दिल्ली की बुलंद मस्जिद के बाहर घटी।



मुस्तकीम का अपने दोस्तों यासीन और सोहेल के साथ विवाद हो गया।

पुलिस के अनुसार, तनाव तब बढ़ गया जब सोहेल, मुस्तकीम के साथ गाजियाबाद के कौशांबी में 'द बैंग बैंग बार' में अपनी पूर्व पत्नी इशरत से मिलने गया। इशरत एक बार गर्ल है।

## विपक्ष गठबंधन का शक्ति प्रदर्शन, भाजपा ने पोस्टरों से किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: रविवार को** लगभग समूचा विपक्ष दिल्ली के रामलीला मैदान में एकजुट हुआ। विपक्ष केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहा है कि वह प्रवर्तन निदेशालय, इनकम टैक्स और केंद्रीय जांच ब्यूरो जैसी शीर्ष एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को कमजोर करने का काम कर रहा है। विपक्ष के कई बड़े दिग्गज इस समय रामलीला मैदान के मंच पर पहुंच चुके हैं। लेकिन इसी बीच बीजेपी ने पोस्टर अभियान चलाकर विपक्ष की रैली पर हमला बोला है। भाजपा ने अपनी पोस्टर में यह आरोप लगाया है कि पूरा विपक्ष भ्रष्टाचारी नेताओं को बचाने के लिए एकजुट हो गया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से भ्रष्टाचार



को हटाने की बात कर रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि इसके सहारे भाजपा लोकसभा चुनाव में बढ़त बनाना चाहती है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के रामलीला मैदान की तरफ जाने वाले सभी प्रमुख सड़कों के चौराहों पर बड़े-बड़े बैनर और पोस्टर लगाकर विपक्ष की रैली पर निशाना साधा है। इन पोस्टरों में आधी तरफ जेल में बंद किसी नेता की तस्वीर दिखाई गई है, वहीं दूसरी आधी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार पर वार करने की बात कहते हुए दिखाए गए हैं। रविवार सुबह ही भाजपा ने अपने सोशल मीडिया सेल पर पोस्टर जारी करते हुए विपक्ष की इस रैली को भ्रष्टाचारी दलों और नेताओं का मेला बताया था।

## सात सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल के साथ दो हथियार तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली पुलिस अवैध हथियार तस्करों, शराब तस्करों व हवाला आदि गलत तरीके से पैसों के लेनदेन करने वालों पर पैनी नजर रख रही है। यही वजह है कि आए दिन पुलिस शराब व हथियार तस्करों को दबोच उनके कब्जे से अवैध शराब व हथियार बरामद कर रही है।

ताजा मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दो अंतरराज्यीय हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद की हैं। तस्करों ने अवैध हथियार मध्य प्रदेश से मंगवाए थे, जिन्हें दिल्ली-एनसीआर व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बदमाशों को आपूर्ति की जानी थी।

**हो सकता है आजीवन कारावासः** डीसीपी स्पेशल सेल के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तस्करों के नाम तरूण बालियान (खैर, अलीगढ़)

**सफलता**

**8 तस्करों ने अवैध हथियार मध्य प्रदेश से मंगवाए थे, जिन्हें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बदमाशों को आपूर्ति की जानी थी**

और हिमांशु शर्मा (टप्पल, अलीगढ़) हैं। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिसमें न्यूनतम 10 साल की सजा का प्रावधान है और अधिकतम आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है। दोनों को अर्जनगढ़ मेट्रो स्टेशन, महरौली रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। हिमांशु शर्मा के बैग से प्वाइंट 32 बोर की चार अत्याधुनिक सेमी-आटोमैटिक पिस्टल और तरुण के बैग से प्वाइंट 32 बोर की तीन अत्याधुनिक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल बरामद की गई।

## 'तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते होते...तेजस्वी ने गाना गाकर लगाए वादाखिलाफी के आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश में इन दिनों सियासत और क्रिकेट दोनों की पिच पर जबरदस्त खेला हो रहा है। राजनीति में जहां सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे के खिलाफ चौको-छक्कों की बारिश कर रहे हैं, वहीं आईपीएल के मैच में भी यही देखने को मिल रहा है। इस बीच, राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकसभा चुनाव से पहले हुई विपक्षी गठबंधन की 'महारैली' में जहां राहुल गांधी ने मैच फिक्सिंग और उसे फिक्स करने वाले के बारे में बताया वहीं, तेजस्वी यादव ने सत्ता पक्ष पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि हम देश में जहां कहीं भी जा रहे हैं, हमें जनता का पूरा समर्थन मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने देश में अघोषित इमरजेंसी लगी होने का आरोप भी लगाया।

**जनता से की साथ आने की अपील:** विपक्षी गठबंधन 'इंडिया रैली को संबोधित करते हुए बिहार



के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोगों ने पहली रैली पटना में की, दूसरी मुंबई में की और तीसरी दिल्ली में हो रही है। देश के कोने-कोने में जहां भी हम जा रहे हैं, वहां जनता का साथ मिल रहा है। भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस हिसाब से देश को बांटने का काम किया जा रहा है, नफरत की राजनीति की जा रही है हम चाहते हैं कि इस लड़ाई में हमें आपका साथ मिले।

**किसानों-युवाओं की उपेक्षा का लगाया आरोप:** उन्होंने भाजपा के 400 से ज्यादा सीटें हासिल करने के लक्ष्य पर भी तंज कसा। तेजस्वी यादव ने कहा कि जो लोग नारा लगाते हैं कि अबकी बार 400 पार, उनका मुंह है, कुछ भी बोलेंगे लेकिन एक बात तय है कि जनता ही मालिक है। वे (भाजपा) लोग नारा लगा रहे हैं तो ऐसा लग रहा है कि पहले से ही ईवीएम सेटिंग हो चुकी है। देश में अघोषित इमरजेंसी लागू हो चुकी है। देश में सबसे बड़ा कोई दुश्मन है तो बेरोजगारी है, महंगाई है, गरीबी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कोई नौकरी नहीं दी उल्टा हर चीज का निजीकरण कर दिया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने बिहार में 17 महीने में 5 लाख नौकरी देने का काम किया।

**'तुम तो धोखेबाज हो, वादा कर-के भूल जाते हो':** इस दौरान तेजस्वी यादव ने केंद्र की मोदी सरकार पर बीते चुनाव में किए गए वादे पूरे न करने का आरोप भी लगाया।

ये आरोप लगाते हुए उन्होंने एक फिल्म के गाने 'तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हो' की कुछ लाइनें भी गाईं।

## बवाना में युवक की हत्या, चचेरे भाई पर लगा हत्या का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बवाना थाना क्षेत्र में एक युवक का शव खेत में मिला है। युवक की हत्या का आरोप चचेरे भाई व उसके दोस्तों पर लगा है। मृतक की पहचान ब्रहम प्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस हत्या की धारा में मामला दर्ज कर आरोपितों का पता लगा रही है। पुलिस जांच में पता चला कि घर में जवान बेटियों के होने की वजह से आवारा लड़कों को घर में न लाने की आरोपित युवक को नसीहत दी थी। इसी बात से गुस्से में आकर आरोपित ने दोस्तों के साथ मिलकर चचेरे भाई की हत्या कर दी।

**एक ही मकान में रहते हैं सभी:** जानकारी के मुताबिक, 64 वर्षीय दतार सिंह बवाना स्थित दरियापुर गांव में परिवार के साथ रहते हैं। सोनीपत स्थित एक कंपनी में नौकरी करते हैं। पुलिस को इन्होंने बताया कि इनके भाई सुरेंद्र का परिवार भी एक ही मकान में रहते हैं। भाई का लड़का लोकेश है। आरोप है कि वह आवारा किस्म के लड़कों के साथ घूमता है। वे लड़के घर पर भी आते जाते रहते हैं। घर में भाई सुरेंद्र की तीन बेटियां भी हैं। 27 मार्च को दतार सिंह और इनके बेटे ब्रहम प्रकाश ने लोकेश को समझाया कि घर में जवान लड़कियां रहती हैं।

## भाजपा चला रही केजरीवाल बनाम केजरीवाल अभियान




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव की बिसात बिछी हुई है। राजनीतिक दल हर उस माध्यम को हथियार बना रहे हैं जिससे विपक्ष को घेरा जा सके। लोगों तक पहुंच बनाने के लिए सोशल मीडिया मुख्य भूमिका में नजर आ रहा है। सधी हुई राजनीति के तहत भाजपा की सोशल मीडिया टीम केजरीवाल बनाम केजरीवाल कैंपेन चला रही है। इसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जितने भी पुराने वीडियो क्लिप हैं, उनको ही हथियार बनाकर आम आदमी पार्टी को कठघरे में खड़ा किया जा रहा है। भ्रष्टाचार की खिलाफत कर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर ही घेरने की रणनीति चली जा रही है। इस तरह के वीडियो क्लिप, मीम्स, रील इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स समेत सभी सोशल मीडिया ऐप भरे पड़े हैं। सोशल मीडिया एक्सपर्ट की माने तो प्रचार अभियान के दौरान नेताजी 70 फीसदी मतदाताओं से सीधा संपर्क साधने में नाकामयाब रहते हैं। बड़ी जनसभा हो या छोटी या जनसंपर्क अभियान के बावजूद 30 फीसदी ही लोगों से संपर्क बनाया जा सकता है। ऐसे में अब सोशल मीडिया से ही कैंपेन पर जोर दिया जा रहा है। इंस्टा के माध्यम से यूथ तक पहुंचः सोशल मीडिया कैंपेन के तहत राजनीतिक दलों ने हर वर्ग, उम्र, पढ़े-लिखे समाज का आकलन किया है। इसके तहत उनके पास पोस्ट भेजे जा रहे हैं। इंस्टाग्राम इन दिनों यूथ के लिए सबसे बड़े ऐप के तौर पर उभरा है। इस पर 18-35 साल के युवाओं का जमावड़ा रहता है। इन्हें रैली व जनसभा से खास मतलब नहीं रहता है।

## चुनाव में बढ़ी उड़नखटोले की मांग, किराया छू रहा आसमान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनाव प्रचार के दौरान जम्मू कश्मीर से तमिलनाडु और मेघालय से गुजरात की दूरी तय करने के लिए नेता उड़नखटोले का इस्तेमाल करेंगे। लोकसभा चुनाव को देखते हुए इन दिनों आलम यह है कि हर छोटी या बड़ी राजनीतिक पार्टियां चार्टर्ड हेलीकॉप्टर या विमान सेवा की सेवा उपलब्ध कराने वाले ऑपरेटरों से संपर्क साध रही हैं। सबसे अधिक मांग हेलीकॉप्टर की है, लेकिन देश में नान शेड्यूल ऑपरेटरों के पास सीमित संख्या में ही हेलीकॉप्टर हैं। ऐसे में, मांग और आपूर्ति में संतुलन बनाना इस क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों के लिए एक बड़ी चुनौती है। चार्टर्ड हेलीकॉप्टर और विमान उपलब्ध कराने से जुड़ी कंपनी फ्लाइंग बर्ड्स एविएशन के सीईओ आशीष कुमार ने बताया कि देश में हेलीकॉप्टर बहुत ही सीमित संख्या में हैं सरकारी और अर्ध सरकारी विभागों को छोड़ दें, तो निजी क्षेत्र के पास करीब 160 हेलीकॉप्टर ही हैं। इस संख्या का अधिकांश हिस्सा बड़े कारपोरेट घरानों के पास है। ऐसे में, हेलीकॉप्टरों की संख्या सीमित है। देखा जाए, तो करीब 40 हेलीकॉप्टर ही निजी ऑपरेटरों के पास बचते हैं। नेता यदि अपने निजी संबंधों के बल पर कारपोरेट घरानों से हेलीकॉप्टर उपलब्ध करा लें, तो बात दूसरी है, लेकिन यदि निजी ऑपरेटरों के पास आएंगे, तो सीमित विकल्प ही हैं। हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने वाली कंपनियों से



जुड़े लोगों का कहना है कि यह कमाने का मौसम है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि मांग और आपूर्ति में काफी असंतुलन की चुनावी मौसम में स्थिति रहती है। सामान्य मौसम के मुकाबले इस मौसम में हेलीकॉप्टर का भाड़ा कम से कम दो गुना बढ़ ही जाता है। मांग करने वालों को इस मौसम में यह कीमत भी कम नजर आती है। भाड़े के तौर पर मुंह मांगी कीमत देने को लोग तैयार रहते हैं। आमतौर पर हेलीकॉप्टर का भाड़ा घंटे के हिसाब से तय होता है। चुनाव के दौरान भाड़ा करीब पांच लाख रुपये तक पहुंच जाती है। ज्यादातर मांग

**चुनावी मौसम**

**8 हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने वाली कंपनियों से जुड़े लोगों का कहना है कि यह कमाने का मौसम है**

डबल इंजन वाले हेलीकॉप्टर की होती है। ऐसे में, भाड़ा डेढ़ से दो गुना अधिक भी वसूल किया जाता है। हालांकि प्रति घंटे 1.5 से 2.5 लाख रुपये तक का किराया हेलीकॉप्टर का किराया सामान्य तौर पर होता है।

**हेलीकॉप्टर की मांग क्यों हो जाती है अधिक?**

हवाई जहाज के उतरने या उड़ान भरने के लिए एयरपोर्ट जरूरी है। चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं को अनेक ऐसे दूरदराज के इलाके में जाना पड़ता है, जहां आसपास एयरपोर्ट नहीं होता है। नजदीक के एयरपोर्ट पर उतरकर भी गंतव्य तक जाने का प्रयास करेंगे तो कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ सकता है। जिसमें समय लगेगा। ऐसी जगहों के लिए हेलीकॉप्टर काफी उपयोगी साबित होता है। इसकी लैंडिंग कहीं भी की जा सकती है। आमतौर पर नेता यदि दिल्ली से किसी दूरदराज के क्षेत्र की यात्रा पर निकलते हैं, तो उनकी कोशिश होती है कि संबंधित राज्य की राजधानी तक हवाई जहाज से जाएं और वहां से हेलीकॉप्टर से प्रचार स्थल के लिए रवाना हों।

## न्यूज फ्लैश

### आज समाज को जरूरत है महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने की: मेघराज बंसल

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** अखिल भारतीय वैश्य महासभा के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेघराज बंसल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन ने आपसी भाईचारा और अहिंसा का संदेश समस्त जगत को दिया तथा अहिंसा एवं आपसी सद्भाव के दम पर एक मजबूत समाजवाद की स्थापना की। जिसे हम आज गर्व से लोकतंत्र कहते हैं। उन्होंने कहा कि आज से लगभग 5600 वर्ष पूर्व उन्होंने प्रत्येक गरीब परिवार को एक रुपया और एक ईंट देने की प्रथा चलाकर महाराज अग्रसेन ने संपूर्ण जगत में एक मिसाल कायम की। जिसका उदाहरण अन्यत्र कहीं नहीं मिलता। आज समाज को जरूरत है महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने की ताकि हमारे अखंड भारत में शांति और आपसी भाईचारे का माहौल पैदा हो। उन्होंने कहा कि हमें संगठित होकर व्यापार के माध्यम से केवल धन बटोरना नहीं है अपितु अपनी नेक कमाई से गरीब एवं असहाय की मदद अपनी अंतरात्मा से करनी चाहिए। क्योंकि हमारे पूर्वजों ने देशप्रेम और देशहित में भारत माता की आन की खातिर अपना सर्वस्व लुटाया है। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त से लेकर अशोक महान, लाला लाजपत राय, राम मनोहर लोहिया, ओमप्रभा जैन, मैथिलीशरण गुप्त, काका हाथरसी, बनारसी दास गुप्त, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, अशोक सिंघल जैसे वैश्य महा हस्तियों की राह अपनाते हुए देश सेवा के लिए सभी वर्गों को साथ लेकर जी जान से कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर सोनू मित्तल, लाल रामकुमार पिपली, डॉ. श्यामलाल मित्तल, विष्णु दत्त गर्ग, रमेश बंसल आदि उपस्थित रहे।

### गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाने वाले लोग हो जाएं सावधान: सुरेंद्र

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि गाडियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म का इस्तेमाल करने वाले लोग सावधान हो जाएं क्योंकि जिला पुलिस द्वारा 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसके तहत ऐसे वाहन चालकों के चालान किए जाएंगे। हरियाणा पुलिस ऐसे वाहन चालको पर शिकंजा कसने जा रही है जो गाडियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूम रहे हैं।पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने कहा कि गाड़ियों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के विरूद्ध है और जिला पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी। ऐसे वाहन चालकों को नियमानुसार 10 हजार रुपये तक का जुमार्ना भरना पड़ सकता है। इस बारे में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा पुलिस प्रशासन को दिशा-निर्देश भी जारी किए जा चुके है। इस अभियान को लेकर संबंधित क्षेत्रों के डीएसपी तथा एसीपी को इंचार्ज लगाया गया है। सभी लोगों को चाहिए कि वे यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करें और इनकी उल्लंघना ना करें।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें और उनकी अनदेखी ना करें। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से चालान किए जाएंगे। यदि कोई भी नागरिक बुलेट पटाखा बजाते या गाडियों पर ब्लैक फिल्म लगाए हुए पाया जाता है तो इसकी सूचना हरियाणा-112 पर अवश्य दें ताकि उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके।

# सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की तरफ से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

## रक्तदान शिविरों में युवा ले बढ़-चढ़ कर भाग: सुभाष सुधा

**जरूरतमंद**

**ब्लड डोनेशन से आप किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं, और साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे होते हैं**



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्री दुखभंजन महादेव मंदिर कुरुक्षेत्र मे सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की तरफ से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर मे स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। वह विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि परमजीत सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के ट्रस्टी विवेक शर्मा व जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने की । उन्होने बताया की आज सेवा ट्रस्ट यूके भारत की तरफ से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जो की एक बहुत ही नेक कार्य है। रक्तदान से न सिर्फ आपके शरीर पर बल्कि दिमाग पर भी पॉजीटिव असर पड़ता है। ब्लड डोनेशन से आप किसी जरूरतमंद की जान बचाते हैं, और साथ ही आपकी सेहत को भी कई फायदे होते हैं। रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार होता है, वजन कंट्रोल में रहता है, कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुभाष सुधा ने इस नेक कार्य के लिए सेवा ट्रस्ट यूके भारत की जमकर तारीफ की और कहा की सेवा ट्रस्ट जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र में बहुत ही सक्रिय रुप से सामाजिक कार्य कर रही है उन्होंने उपस्थित युवाओं को आह्वान किया कि युवाओं को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए । हर 18 वर्ष से 65 वर्ष की आयु के व्यक्ति तीन महीने बाद रक्तदान कर सकते हैं, इस से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। जरूरत पडने पर रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है उसको नया जीवनदान दे सकता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। आज जो यह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है उसके लिए सेवा ट्रस्ट यूके भारत संस्था की समस्त टीम एक बार फिर बधाई के पात्र है जो सामाजिक कार्यो मे बढ़ चढ़कर भाग लेते है। जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि परमजीत सिंह व युवा नेता साहिल सुधा ने कहा की दुनिया मे रक्त का कोई विकल्प नही है रक्त की कमी रक्त से ही पूरी की जा सकती है। रक्त की कमी न रहे इसके लिए हमे समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके से पूजा सैनी, फर्स्टक्राय इनटैलीटाटस प्रीस्कूल और डे केयर सेंटर के चेयरमैन नरेश शर्मा ने मौजूद सभी रक्त दाताओं का धन्यवाद किया ओर संस्था की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी को रियल जूस गिफ्ट पैक भेंट किए गए ओर कहा की आगे भी संस्था ऐसे कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी। शिविर में कुल 100 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ ।इस अवसर पर डॉ अवनीत, पुनीत शर्मा, विजय पंघाल, योगेश गर्ग, विजय गर्ग, रमेश गुप्ता,राजपाल कालडा, अमित कालडा, राष्ट्रीय सेवा शिविर से स्नेहा,वशिका, प्रमोद बंसल, विक्की सैनी,जसबीर राणा, मनीष मित्तल, राजेश सैन, सुमन्त सैनी, महिपाल सैन, रमेश थाना, दिलबाग, अनिल आर्य, विक्रम, राजन, प्रमोद सिंगला, मौजूद रहे।

## गांव भड़ी में निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप कैम्प आयोजित



**मनीष कुमार**

**अम्बाला: पं.** केदारनाथ शर्मा चैरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप भड़ी गांव के गोगा माड़ी में लगाया गया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे साथ ही परिवार पहचान पत्र व हैप्पली कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए।

कैंप में शर्मा अस्पताल (मटहेड़ीशेखां) से सामान्य रोग विशेषज्ञ डा. अंकित शर्मा ले 57 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा व उन्हें परामर्श दिया। वहीं, कपिल आई अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अमित गुप्ता ने 59 ग्रामीणों की आंखें जांचीं इनमें से 9 ग्रामीणों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनके लैंस मशीन द्वारा कपिल आई अस्पताल से बिल्कुल मुफ्त डलवा दिए जाएंगे। जिंदल आथोर्पेडिक एवं हार्ट सैंटर से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. आर.सी. जिंदल ने 12 ग्रामीणों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को जांचा व उन्हें परामर्श दिया। कैंप में स्वास्थ्य जांच के बाद ग्रामीणों को दवाइयां भी निःशुल्क दी गईं। कैंप में 62 ग्रामीणों ने अपने रक्त की जांच करवाई जिन्हें उनकी रिपोर्ट बहुत जल्द सौंप दी जाएगी। वहीं, कैंप में जिन ग्रामीणों की वार्षिक प्रमाणित आय एक लाख रुपए तक थी ऐसे 35 ग्रामीणों के हैप्पी कार्ड बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए।

**चेकअप**

**एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए जाएंगे साथ ही परिवार पहचान पत्र व हैप्पली कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए**

## पूर्व मंत्री चौधरी सुरेन्दर सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: हरियाणा के** पूर्व कृषिमंत्री तथा पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसी लाल के सुपुत्र चौधरी सुरेंदर सिंह को आज उनकी पुण्यतिथि पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलजीत सिंह के नेतृत्व में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दक्षिणमुखी प्राचीन हनुमान मन्दिर पूजा अर्चना की गई। मन्दिर के मुख्य सरंक्षक राष्ट्रपति अवार्डी, पूज्य पंडित प्रेम शर्मा द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। इस अवसर पर चौधरी सुरेंदर सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नई सोच का तथा प्रगतिशील विचारों का व्यक्ति बताया गया। वो एक ऊजार्वान तथा गरीब के सच्चे हमदर्द व्यक्ति थे। वो युवाओं के लिए एक प्रेरणा थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता लक्ष्मी कान्त शर्मा, नीलकंठ शर्मा, सुरेंदर कुमार, रविंद्र तोमर, सुधीर चुग, डॉ अशोक शर्मा, डॉ सारांश, पुष्पेंदर तोमर, अशोक शर्मा, शिव कुमार प्राशर, रमन शर्मा, पवन कुमार, हिमांशु शर्मा, कैलाश शर्मा, विजय कुमार, रामफल, डॉ जीत सिंह शेर, भारत भूषण शर्मा, सुशांत चौधरी, महिंद्र, सुभाष गुप्ता उपस्थित रहे।

## निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी को दी श्रद्धांजलि

**याद किया**

**निर्देशन और मार्गदर्शन द्वारा अनेक अनन्य रत्न देश विदेश पर जाकर आज भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं**




**मनीष कुमार**

**अम्बाला: ईश्वरीय सेवाओं** में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्माकुमारी संस्था के सेवाओं के आदि रत्न परम आदरणीय परम श्रद्धेय ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी कृष्णा दीदी जी ने मंगलवार 26 मार्च 2024 को ईश्वर की अलौकिक गोद ली, अपनी संपूर्णता को प्राप्त कर फरिश्ता बन गई ऐसी महान आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि सभा का आयोजन को खुखरैन भवन में किया गया।

कृष्णा दीदी लौकिक रूप से श्री हरगोविंदपुर पंजाब से निकल ब्रह्माकुमारिज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू तक पहुंचने वाली उन विशेष कन्याओं में से एक थे जिन पर स्वयं परमात्मा की दृष्टि पड़ी और उन्होंने अपना जीवन प्रभु अर्पित कर दिया। परमात्मा के प्रति दृढ़ निश्चय के कारण अपने प्रारंभिक दिनों में समाज तथा लौकिक परिवार से बहुत संघर्ष सहन किया। अपनी छोटी आयु में ही परमात्मा की बताई हुई युक्तियों को अपनाते स्वयं को बंधन मुक्त किया और ईश्वरीय सेवाओं में संपूर्ण समर्पित रूप से संलग्न हुए। सन 1974 से अंबाला में अपनी ईश्वरीय सेवाएं देते अनेको आत्माओं का जीवन परिवर्तन किया। उनकी सेवाओं ने कई आत्माओं को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के वारिस-गुणवत्ता वाले, अच्छे, सेवा योग्य ब्राह्मण बच्चे बनने के लिए पोषित किया है। इनके निर्देशन और मार्गदर्शन द्वारा अनेक अनन्य रत्न देश विदेश पर जाकर आज भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

दीदी जी को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए ब्रह्माकुमारी टीचर भाई बहनों में विशेष रूप से अरुण भाई, आशा दीदी, प्रेम दीदी, उत्तर दीदी, लक्ष्मी दीदी, रमेश दीदी, भारत भूषण भाई, करण भाई, राजेश भाई, हेमा बहन, करमचंद भाई, राम प्रकाश भाई, दिव्या बहन, नीति बहन, सविता बहन, सुभद्रा बहन, किरण दीदी, जानकी दीदी, रानी दीदी, शोभा दीदी, कोमल बहन एवम् अन्य भाई बहन उपस्थित रहे।

## पिपली बाजार के परशुराम मंदिर में मासिक हवन यज्ञ आयोजित

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: महीने** के अंतिम रविवार भगवान श्री परशुराम मंदिर पिपली बाजार अंबाला शहर में हवन यज्ञ किया गया। उसके बाद अंबाला जिला ब्राह्मण सभा की मासिक बैठक जिसकी अध्यक्षता सतीश बक्शी प्रधान व देविंदर शर्मा चेयरमैन जिला ब्राह्मण सभा द्वारा की गई। इस बैठक में आगामी कार्यक्रमों जिसमें 2081 की वर्षोत्सव की पत्रिका भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव मनाने तथा समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ मुहिम चलाने पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही दिनांक 9 अप्रैल 2024 से नवरात्रों में अखंड ज्योति जलाई जाएगी। दिनांक 28 अप्रैल 2024 को प्रदीप शर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि का कार्यक्रम रखने और दिनांक 10 मई 2024 को हवन यज्ञ व शोभायात्रा दिनांक 11 मई 2024 को पाठ व कीर्तन और 12 मई 2024 को महाराज जी श्री आरती देवा जी का प्रवचन तत्पश्चात भंडारा किया जाएगा। दिनांक 5 मई 2024 को अंबाला कैंट ब्रांच में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में श्री देविंदर शर्मा चेयरमैन जिला ब्राह्मण सभा, महेश दत्त वशिष्ठ कार्यकारी प्रधान , सुमित शर्मा, राजेश राव,सुरेश कुमार, राजेश कुमार तिवारी, कृपा शंकर पांडेय, सुरेंद्र कुमार शर्मा, अविनाश पुरी, अवधेश गिरी, पंडित पंकज डिमरी, पूनम शर्मा और सोमनाथ शर्मा मौजूद रहे।



**सम्मान**

**मासिक बैठक जिसकी अध्यक्षता बक्शी प्रधान व देविंदर शर्मा चेयरमैन जिला ब्राह्मण सभा द्वारा की गई**

## विद्या मंदिर सीसे स्कूल में सभी कक्षाओं का वार्षिक परिणाम घोषित

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: कृष्णपुरा** स्थित सदानंद बाल विद्या मंदिर सीसे स्कूल में सभी कक्षाओं का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट जानने के लिए सभी विद्यार्थी व उनके माता-पिता साथ में आए। इस अवसर पर स्कूल में परीक्षा परिणाम थीम को लेकर बहुत ही सुंदर सजावट की गई। कई जगह सेल्फी पॉइंट्स बनाए गए जहां विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने अपनी बहुत सारी सेल्फी ली। प्रधानाचार्य सुधा आर्य ने सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल के मैनेजर राकेश सैनी ने विद्यार्थियों को उनकी सफलताओं पर शुभकामनाएं दीं तथा आगामी सत्र में नए उत्साह एवं ऊर्जा के साथ अध्ययन के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने संपूर्ण विद्यालय परिवार को उनके अथक प्रयासों, सहयोग व उच्चतम परीक्षा परिणाम के लिए धन्यवाद दिया।




## हरियाणा के हर जिले में होगा लघु उद्योग प्रकोष्ठ का गठन: अमित बिंदल

**बाबा** अमित बिन्दल ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कारोबारियों को केंद्र सरकार की तरफ से कई तरह के प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। ऐसा इसलिए,क्योंकि यह सेक्टर भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 29 फीसदी का योगदान करते हैं। 12 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराते हैं। भाजपा के प्रदेश स्तरीय बैठक मे बाबा बिन्दल ने यह सुझाव भी दिया कि सरकार इस सेक्टर से जुड़े कारोबारियों की समस्याओं का निराकरण करे, वित्तीय संकट को दूर करे।

## महंत प्रभात पूरी कन्या विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र :** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री,हरियाणा सरकार, सुभाष सुधा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त डा वैशाली शर्मा रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामण्डलेश्वर महंत विधागिरी जी महाराज व महंत विश्वनाथ गिरी जी महाराज ने संयुक्त रूप से की। प्रधानाचार्य भजन सिंह राठोर ने बताया कि विधालय के 25 वें स्थापना वर्ष को धूमधाम से वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि ने विधालय के संस्थापक पूज्य पाद ब्रह्मलीन महंत प्रभात पुरी जी महाराज को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। सुधा ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में स्थान प्राप्त बच्चों को सम्मानित भी किया। माता पिता को बधाई दी। अतिरिक्त उपायुक्त डा वैशाली शर्मा ने विधार्थियों को कठिन परिश्रम व ऊंचे सपने लेने के लिए प्रेरित किया। मंच पर प्रस्तुत की गई विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित भी किया। विधालय के अध्यक्ष महंत वंशी पुरी जी महाराज ने अपने संबोधन में माता पिता को बच्चों को अच्छे संस्कार देने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं भी दी। महंत प्रभात पुरी जी के शिष्य,मंडी गोबिंदगढ़ पंजाब से विशेष रूप से पधारे तरसेम मंगला व गौरव बंसल ने विधालय मे नवनिर्मित अतिथि कक्ष का पूरा खर्च नकद देते हुए अपने कर कमलों से इसका शुभ मुहूर्त किया। महामण्डलेश्वर विधागिरी जी महाराज, ट्रस्टी रामनिवास शर्मा व नवनियुक्त विधालय प्रबंधक सुनील सचदेवा ने भी उपस्थित जनों को विधालय की सिल्वर जयंती की बधाई दी। सुनील सचदेवा ने हर क्षेत्र में भाग लेने वाली प्रतिभाशाली होनहार छात्राओं नवजोत,हनीफा, खुशप्रीत, मधु, हरमन, खुशबू व मेघा आदि बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया।



## माध्यमिक विद्यालय का वर्षिक परीक्षा परिणाम रहा शानदार

### विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं को उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परिणाम की घोषणा बड़े धूमधाम से की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावकों के साथ 5 सौ से अधिक छात्राएं मौजूद रही। प्रधानाचार्य अश्वनी कौशिक ने गत वर्ष की गतिविधियों में छात्राओं की उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत कराते हुए सरकार द्वारा छात्राओं को प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी दी। इस के उपरांत कक्षा छठी से आठवीं कक्षा तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। छठी से आठवीं कक्षा कक्षा की छात्राओं की संख्या 342 थी। जिसमें से 327 छात्राओं ने परीक्षा दी और परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा छठी की तानिया ने 700 में से 541 अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया। सातवीं कक्षा की प्रियंका ने 700 में से 529 अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया। आठवीं कक्षा की प्रतिभा ने 700 में से 588 अंकों से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके उपरांत नवम व 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नवम कक्षा में कुल 252 छात्राओं ने परीक्षा दी जिनमें से 227 छात्राएं उत्तीर्ण रही। नवम कक्षा का परीक्षा परिणाम 90.07 प्रतिशत रहा। नवम कक्षा में रिया ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। 11वीं कक्षा में कुल 239 छात्राओं ने परीक्षा दी। 11वीं कक्षा की प्रियंका ने 500 में से 427 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अश्वनी कौशिक ने सभी छात्राओं के प्रयासों के साथ-साथ अध्यापकों की भी सराहना करते हुए छात्राओं व अभिभावकों को अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय प्रवेश हेतु आहवान किया।




**रणनीति**

**सरकार द्वारा छात्राओं को प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाओं की जानकारी दी**

## युवा पीढ़ी के मतदाता राष्ट्र की तरक्की के लिए मतदान अवश्य करें: रामपाल सरोहा

**'मैं कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील करती हूं कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत'**

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** शिक्षाविद एवं समाजसेवी रामपाल सरोहा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 चुनाव का पर्व है, देश का गर्व है। मैं कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील करती हूं कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है, हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। सभी मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए 25 मई 2024 को बिना किसी डर और लालच के मतदान केंद्रों पर जाकर अपना मतदान करें और मतदान अपने निजी हितों को ना देखते हुए एक अच्छे ईमानदार और अपने क्षेत्र के विकास करने वाले उम्मीदवार को ही करें। युवा पीढ़ी को खासकर आगे आकर अपने अच्छे भविष्य के लिए वोट जरूर करना चाहिए। लोकसभा का चुनाव पर्व के समान है इसलिए लोकतंत्र की मजबूती हेतु सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर जाकर जाति ,धर्म ,समुदाय से ऊपर उठकर निष्पक्ष मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान के अभाव में गलत उम्मीदवारों का चयन हो जाता है जो राष्ट्र और समाज हित में नहीं है

**अपील**

**मतदाताओं को मतदान केंद्र पर जाकर जाति, धर्म, समुदाय से ऊपर उठकर मतदान अवश्य करना चाहिए**

## न्यूज फ्लैश

### अवैध देसी पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार



**कमाल हुसैन**
**पानीपत, सीआईए थ्री प्रभारी** इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि उनकी टीम रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान मित्तल मेगा माल के पास मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का युवक टीडीआई सेक्टर 24 की और से पैदल आ रहा है। युवक के पास अवैध हथियार होने की संभावना है। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता मानते हुए टीडीआई गेट के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात पुलिस टीम को टीडीआई की और से एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान पंजाब सिंह पुत्र जसविंद्र सिंह निवासी अर्जुन नगर के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी की पहनी हुई लोवर की जेब से एक देशी पिस्तौल 32 बौर बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर चेक किया तो अनलोड मिला। पुलिस ने बरामद देसी पिस्तौल का लाइसेंस व परमिट दिखाने के लिए कहा तो आरोपी कोई भी कागजात पेश नही कर सका। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसको अवैध हथियार रखने का शौक है। आरोपी ने उक्त अवैध देशी पिस्तौल करीब 3 महिने पहले यूपी के कांधला में बस अड्डे पर मिले एक अज्ञात युवक से 4 हजार में रुपए में खरीदकर लाने बारे स्वीकारा। आरोपी दोस्तों में रौब दिखाने के लिए अवैध देसी पिस्तौल को साथ लेकर चलने लगा। पुलिस ने आरोपी पंजाब सिंह के खिलाफ थाना चांदनी बाग में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ के बाद रविवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

### कुरुक्षेत्र फायर सेफ्टी संस्थान में मनाया सर्टिफिकेट वितरण समारोह



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :आज पिपली** रोड स्थित फायर सेफ्टी संस्थान में प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसने की मुख्य अतिथि स० जसवंत सिंह प्रेसिडेंट कंज्यूमर कोर्ट करनाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । संस्था के डायरेक्टर राजेंद्र सैनी ने बच्चों को दी गई फायर ट्रेनिंग के बारे में मुख्य अतिथि को जानकारी दी ।
मुख्य अतिथि स० जसवंत सिंह प्रेसिडेंट कंज्यूमर कोर्ट करनाल के हाथों से विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिए गए और तिरंगे के साथ शुभकामनाएं दी । कैप्टन गुरमेल सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस मौके पर स० परमिंदर सिंह बाठ एम.डी. किडजी स्कूल , जय सिंह सैनी ,ट्रेनर नरेश कुमार ,मैनेजर घनश्याम, तनु व संस्था का पूरा स्टाफ मौजूद रहा । सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कोई भी 12वीं कक्षा पास छात्र फायर सेफ्टी का प्रशिक्षण देकर भिन्न-भिन्न एन विभागों में रोजगार प्राप्त कर सकता है।

# खेलो इंडिया जूनियर वूमन स्वीमिंग सीरीज के 10 इवेंट में हरियाणा रहा अव्वल



**सिद्धार्थ राव/बहादुरगढ़।**
**शहर की एच** एल सिटी में आयोजित दो दिवसिय खेलो इंडिया जूनियर वूमन स्वीमिंग सीरीज का समापन हो गया है। दो दिनों में हरियाणा की तैराकों ने उम्दा प्रर्दशन करते हुए 20 इवेंट में से 10 इवेंट में पहला स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथी के तौर पर एच एल सिटी के निदेशक राकेश जून ने तैराकों का हौसला बढ़ाया है। राकेश जून ने सरकार द्वार घोषित नकद ईनाम को सभी विजेताओं के लिए दोगुना भी कर दिया। जिसके बाद महिला तैराकों और कोचों ने राकेश जून का सम्मान भी किया । एचएल सिटी में भारतीय खेल प्राधिकरण और भारतीय तैराकी संघ के संयुक्त तत्वाधान में प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था। प्रतियोगिता के पहले दिन 10 इवेंट में से 6 में हरियाणा ने पहला स्थान हासिल किया था तो दूसरे दिन भी 10 इवेंट में से 4 इवेंट में हरियाणा ने पहला स्थान हासिल किया। अंडर 18 आयु वर्ग के 200 मीटर बैकस्ट्रॉक इवेंट में हरियाणा की पूर्णिमा कौशिक ने पहला और उत्तर प्रदेश की तृष्णा अभय ने दूसरा स्थान हासिल किया। 100 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक में हरियाणा की प्रियांशी ने पहला और उत्तर प्रदेश की तृष्णा अभय ने दूसरा स्थान हासिल किया । 100 मीटर फ्री स्टाईल में हरियाणा की वीरा ने पहला और दिल्ली की काव्या ने दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं अंडर 15 आयु वर्ग के 200 मीटर बटरफ्लाई में हरियाणा की स्तुति चैटर्जी ने पहला और हरियाणा की लक्षिता ने दूसरा स्थान हासिल किया है। 400 मीटर फ्री स्टाईल में दिल्ली की यजुशा ने पहला और हरियाणा की लक्षिता ने दूसरा स्थान हासिल किया है। 100 मीटर ब्रैस्ट्रस्ट्रॉक में दिल्ली औसम ने पहला और हरियाणा की साम्या शिंगारी ने दूसरा स्थान हासिल किया है। 200 मीटर बैक स्ट्रॉक में यूपी की जिया ने पहला और हरियाणा की कियाशा ने दूसरा स्थान हासिल किया है। 100 मीटर फ्री स्टाईल में दिल्ली की यजुशा ने पहला और हरियाणा की साम्या शिंगारी ने दूसरा स्थान हासिल किया है। अंडर 18 आयु वर्ग के 400 मीटर फ्री स्टाईल में दिल्ली की वंशिका ने पहला और पंजाब की हिताक्षी ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने ग्रेजुएशन डे पर किया कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: चाइल्ड केयर इंटरनेशनल** स्कूल, शेखपुरा में ग्रेजुएशन डे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक अजय यादव ने विद्यालय के सीईओ रमेश वशिष्ठ, प्रधानाचार्या अक्षिता के सहयोग से दीप प्रज्जवलित करके किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके अलावा नृत्य गायन प्रतियोगिता, स्टेज शो, बेबी शो, कविता वादन आदि प्रतियोगिता हुई। इसी के साथ विद्यार्थियों के परिणाम परिणाम को भी उनके माता-पिता के समक्ष साझा किया गया और भेंट स्वरूप उन्हें उपहार भी दिया गया। प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान विद्यालय अवार्ड के द्वारा किया गया। स्कूल के निदेशक अजय यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को मेहनत लग्न से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

## स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**हरियाणा स्वास्थ्य विभाग** द्वारा मिश्री देवी पुनर्वास केन्द्र ,विकास नगर ,बहादुरगढ़ में दिव्यांग बच्चो का स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें विभिन्न विभागों की ओ पी डी लगाई गई तथा बच्चो के रक्त की जांच के अलावा सभी जांच की गई। अनुभवी चिकित्सको ने छात्रों को जांच के आधार पर छात्रों का बेहतर उपचार किया तथा उसके अच्छे स्वास्थ्य के लिए आधुनिक चिकित्सा पद्धति का उपयोग भी किया। इस दौरान बच्चों को सलाह देते हुए डॉक्टर ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को जल्दी ही बीमारियां जकड़ लेती है। इसलिए अच्छे खानपान बच्चों को देना चाहिए। उन्होंने बताया कि स्वस्थ रहने के लिए अच्छे व पौष्टिक भोजन की अवश्यकता होती है। इसलिए बच्चों को फास्ट फूड से दूर रहना चाहिए। समय-समय पर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच होती रहनी चाहिए ताकि बीमारियों पर समय रहते काबू पाया सके। सभी ने बच्चो के अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी की। मिश्री देवी पुनर्वास केन्द्र की टीम ने हरियाणा स्वास्थ्य विभाग को टीम का आभार जताया।

### इंडिया गठबंधन मोदी सरकार को उखाड़ फेंकेगी: महिपाल

**पानीपत: कांग्रेस नेता** महिपाल सुबेदार अपने निवास स्थान भावना चौक पर सैकड़ो साथियों की साथ इकट्ठा होकर के राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी की ओर से राहुल गांधी पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदय भान ,दीपक बावरिया के आह्वान पर इंडिया गठबंधन की ओर से दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन किया गया और मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने का रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा उद्घोष किया गया। लाखों लाखों की संख्या में भेड़ पहुंची। इस मौके पर सूबेदार , प्रजापत सुधीर, शर्मा दिसंबर गुर्जर ,बलवान शर्मा, चंद्र श्याम शर्मा ,समीम अली, मास्टर राजेश आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## भक्तों के सभी कष्टों का बाबा कर देते हैं निवारण: पंडित सचिन




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: आहुलाना धाम खाटू** श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सचिन ने कहा कि खाटू श्याम मंदिर में आने वाले किसी भी भक्त की मनोकामना अधूरी नहीं रहती हैं। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति अपनी परेशानियां, मुसीबते लेकर आता है बाबा उसके सभी कष्टों का निवारण बाबा कर देते हैं, इसलिए इनके इन्हें हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा कहकर बुलाते हैं। पंडित रविवार को मंदिर में अपनी अरदास लगाने आए भक्तों को बाबा श्याम को महिमा बता रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम ने एक भक्त को स्वयं दर्शन देकर आहुलाना में मंदिर निर्माण की बात कही थी। ग्रामीणों द्वारा भव्य मंदिर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जो भी मंदिर में आकर अरदास लगाता है बाबा उसको पूरा करते है तभी श्याम बाबा को हारे का सहारा माना जाता है। पुजारी ने बताया कि कोई भी परेशानी हो इस मंदिर में आने वाला कोई भी भक्त निराश नहीं जाता है यही वजह है कि खाटू श्याम को लखदारतार के नाम से भी जाना जाता है। कलियुग में श्याम के नाम से पूजे जाने का वरदान की मान्यता है । आहुलाना में बाबा श्याम का बहुत पुराना मंदिर है। दूर- दराज से भक्त माथा टेकने के लिए आते है।

## कोई भी व्यक्ति आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना न करे: निर्वाचन अधिकारी

### सोशल मीडिया प्लेटफोर्म पर आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना करवाने वाली कोई भी सामग्री पोस्ट न करें: डॉ० मनोज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: जिला जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के आमजन से अपील की है कि वे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को जिला में पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। ट्वीटर, इंस्ट्राग्राम और फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफोर्म ऐसी कोई सामग्री पोस्ट न करें, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो। इसके साथ-साथ सभी राजनैतिक दल व चुनाव के उच्छुक लोग दॉ हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें। किसी भी प्राईवेट प्रोपर्टी पर बिना मालिक की इजाजत के प्रचार सामग्री चस्पा न करें। यदि कोई बिना इजाजत के प्रचार सामग्री चस्पा करता है तो वह दा परिवेशन ऑफ डिफेशमेंट एक्ट की उल्लंघना माना जाएगा तथा ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इस पर्व में भागीदार बनना प्रत्येक मतदाता के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व चुनाव लडने के इच्छुक लोगों के साथ-साथ आमजन को भी अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्देशों की पालना करना जरूरी हैं, जिसे हम आदर्श चुनाव आचार संहिता की संज्ञा देते हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करते हुए कोई भी व्यक्ति सरकारी, गैर सरकारी संपत्ति पर प्रचार सामग्री न लगाएं। इसी प्रकार से मकान या निजी संस्थान मालिक की इजाजत के बिना उनकी दीवार पर लेखन या पोस्टर आदि प्रचार-प्रसार सामग्री चस्पा न करें। यदि ऐसा निजी संपत्ति पर उसकी इजात के बिना प्रचार सामग्री चस्पा करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रोपर्टी एक्ट की अवहेलना माना जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से कहा है कि वे आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। इस दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य पूजा स्थलों का इस्तेमाल न करें। उन्होंने कहा है कि प्रशानिक अनुमति पर केवल जिला में निर्धारित स्थानों पर ही प्रचार सामग्री का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा है कि प्रशासनिक अनुमति लेकर प्रचार-प्रसार के लिए वाहन का प्रयोग करें। इसके साथ-साथ प्रचार के दौरान अपने भाषण में जाति-धर्म विशेष और असभ्य भाषा का प्रयोग न करें। मर्यादित ढंग से अपना चुनावी प्रचार करें।

**सोशल मीडिया पर कोई भी आदर्श चुनाव संहिता की उल्लंघना करने वाली प्रचार सामग्री पोस्ट न करें:-**
जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने राजनैतिक दलों के साथ-साथ आमजन से भी कहा है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार से भ्रामक, आपत्तिजनक या विवादित पोस्ट न डालें।

ऐसी कोई भी पोस्ट करने से पहले से उसको अच्छी प्रकार से जरूर देख लें। ट्वीटर, इंस्ट्राग्राम और फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफोर्म ऐसी कोई सामग्री पोस्ट न करें, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो।

### भूपेंद्र हुड्डा के आह्वान पर जन सैलाब के साथ राजेश जून लोकतंत्र बचाओ रैली में हुए शामिल



**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**दिल्ली के रामलीला मैदान** में आयोजित इंडिया गठबंधन की लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ रैली में हजारों समर्थकों के साथ जोश उत्साह और कांग्रेस जिंदाबाद, चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जिंदाबाद, चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा जिंदाबाद के नारों के साथ रैली में पहुंचे हल्का बहादुरगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी व कांग्रेस डेलीगेट राजेश जून। दिल्ली रोहतक रोड पर स्थित राजेश जून के कार्यालय पर उमड़े हजारों हल्का वासियो,ने राजेश जून को कंधों पर उठाकर जिंदाबाद के नारे लगाकर रैली मे बढ चढ कर भाग लिया । सुबह सवेरे से ही हल्का बहादुरगढ के सभी गांवो से लोग बसो मे भर भर कर राजेश जून के कार्यालय पर पहुंचना शुरू हो गए, युवाओ ने अपने लोकप्रिय नेता दीपेंद्र हुड्डा के फोटो वाली टी शर्ट पहनकर बढ चढ कर रैली मे भाग लिया । रैली में रवाना होने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजेश जून ने कहा कि इस बार प्रदेश और देश की जनता बदलाव चाहती है और भाजपा की जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ इंडिया गठबंधन की इस रैली का आयोजन किया जा रहा है ।हरियाणा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश के सबसे लोकप्रिय नेता चौधरी दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में बहादुरगढ़ वासी इस रैली में पहुंचकर प्रदेश व देश की भाजपा सरकारो को बदलने का काम करेंगे प्रदेश व देश की जनता भाजपा की जन विरोधी नीतियों से दुखी व परेशान होकर लोकसभा चुनावो में इंडिया गठबंधन को विजयी बनाने का काम करेंगी।

## वंडर वर्ल्ड प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: रविवार को वंडर वर्ल्ड** प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। समाजसेवी पालेराम व गायत्री विद्यापीठ की प्रधानाचार्या शुकन्तला कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल पहुँचने पर प्रधानाचार्य भावना ने बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया।
प्रधानाचार्य भावना ने बताया कि बच्चों को छोटी कक्षाओं से ही अच्छी शिक्षा के साथ साथ खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में निपुण बनाने का कार्य किया जाता है। इस अवसर पर स्कूल के नन्हें विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

## श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का किया आयोजन



**कमाल हुसैन**
**पानीपत: श्री गीता प्रिय** श्याम परिवार महिला मंडल द्वारा दूसरा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव की अध्यक्षता महिलाओं द्वारा की गई। देवी मंदिर के ग्राउंड में आयोजित आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर श्याम बाबा का गुणगान किया। मंडल की प्रधान मोना गुर्जर, उप प्रधान अनिता सैनी सहित प्रीतम गुर्जर, प्रियंका सिंगला, मोनिका बंसल, नीलम शर्मा, प्रीति कक्कड़, संजीव कक्कड़, अजय जैन, संजय सैनी, अनिल शर्मा व आदित्य बंसल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संध्या समय से शुरू हुआ श्याम बाबा का महोत्सव देर रात प्रभु इच्छा तक चला। जिसमें कोलकाता से आए गायक पंकज सोनी हिसार से मना श्याम दीवानी और प्रिंस हैरी पानीपत के जॉनी शर्मा यमुनानगर से युवी चोपड़ा श्याम बाबा के आने को भजनों से पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं को अपने भजनों पर झूमने पर मजबूर किया। मंच संचालन मदन आजाद ने किया। प्रधान मोना गुर्जर ने बताया कि दरबार पानीपत का था, जबकि श्रृंगार और श्याम बाबा केआ शीश करनाल के घरौंडा से विधि विधान पूर्वक लाया गया। गायक मोना श्याम दीवानी ने हरि आ जाओ, भजन पर सभी श्याम भक्तों को मंत्र मुक्त कर दिया। पंडाल में मौजूद सभी श्याम भक्त अपनी जगह पर खड़े होकर भक्ति में नाचने लगा। वही उन्होंने एक अन्य भजन पकड़ लो हाथ बनवारी भी गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व पार्षद विजय जैन, कांग्रेसी नेता संजय अग्रवाल, भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद लोकेश नगरू, कांग्रेस नेता आर्य सुरेश मलिक, कोमल सैनी आदि मौजूद रहे।

## अपोलो इंटरनेशनल स्कूल में संस्कार युक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: अपोलो इंटरनेशनल स्कूल** बड़ी में वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह की शुरूआत स्कूल के रौनक एजुकेशन फाऊंडेशन के मैनेजर राहुल गुप्ता, प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम में बड़ी गांव के सरपंच प्रतिनिधि अरूण त्यागी, सनपेड़ा के सरपंच प्रमोद ढाका, संदीप ढाका, जिला पार्षद नरेन्द्र, खुबडू चौकी प्रभारी संदीप ने शिरकत की। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें- मुन्ने छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने कार्यक्रम के माध्यम कृष्ण जन्म, राधा- कृष्ण गीत आदि कार्यक्रमों के माध्यम से संस्कारों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। अतिथियों व अभिभावकों ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की। मंच संचालन शिक्षिका शादीका, रीना ने किया। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को सम-ादारी वाली बाते भी की जाए और बच्चों को संस्कार दिए जाए। स्कूल में जो भी कार्यक्रम किए जाते है उसमें संस्कारों को बढ़ाने का संदेश देते है। ये बात जरूरी है कि हम बच्चों से संस्कारों की जो बाते बुलवाते है ये उनकी सम-ा में आना चाहिए। धीरे- धीरे हमारे परिवारों से संस्कार खत्म होते जा रहे है। आज बच्चों द्वारा बड़ो के पैर छुने का तरीका भी बदलता जा रहा है।
अब पैरे छुने में -ाुकने का स्टाइल बदल गया है। संस्कारों को लेकर अभिभावक व शिक्षक ध्यान नही देंगे तो धीरे- धीरे ये खत्म हो जाएंगे। आज हम अपने बच्चों के संस्कारों पर ध्यान देने की बजाय उन्हें काबिल बनाने में लगे है। उन्हें काबिल तो बना देते है लेकिन संस्कार नही दे पाते, ऐसे में आपके जाने के बाद आपका बच्चा सुरक्षित रहेगा या नही, ये गारंटी नही है। आसपास का मौहला, समाज को सुधारने पर भी ध्यान देना चाहिए। अभिभावक समय निकालकर स्कूल आते है तो बच्चे को अनुशासन की भावना बढ़ती है। कार्यक्रम में पश्चिम युमना लिंक नहर में गिरी गाड़ी के चालक को सर्दी में नहर में कूदकर जान बचाने वाले खुबडू चौकी प्रभारी संदीप को भी विशेष सम्मान दिया गया। सनपेड़ा गांव के सरपंच प्रमोद ढाका ने रौनक एजुकेशन फाऊंडेशन के मैनेजर राहुल गुप्ता के सामने स्कूल में छात्रों को बेहतर शिक्षा देने पर सराहना की। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने आभार व्यक्त किया। व्यवस्था कोरडीनेटर अनीता यादव, अंकित, रीना, नीलम त्रिपाठी, शादिका, संगीता, नरेन्द्र अधिकारी आदि ने कार्यक्रम की व्यस्था संभाली।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव 12 मई को मनाया जायेगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: भगवान** परशुराम जन्मोत्सव मनाने के लिए रविवार को ब्राह्मण उत्थान परिषद और ब्राह्मण समाज के मौजिज लोगों की एक बैठक मुरथल रोड पर हुई। इसमें 12 मई को भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने पर सहमति बनी। लेकिन बैठक में यह भी मंथन किया गया कि 12 मई को शोभायात्रा निकाली जाए या ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया जाए। अधिकतर पदाधिकारियों ने शोभायात्रा निकालने पर ही जोर दिया। बैठक में सहमति बनी कि जिले की ब्राह्मण संस्थाओं को एकजुट किया जाए और उनके साथ एक बैठक कर रणनीति बनाई जाए।अब जल्द ही ब्राह्मण संस्थाओं से संपर्क कर एक बैठक बुलाई जाएगी और उसमें फैसला लिया जाएगा। बैठक में ब्राह्मण उत्थान परिषद के प्रधान मुकेश शर्मा , डा इंद्र शर्मा, हिमांशु शर्मा, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, बड़ी औद्योगिक एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट नवीन कौशिक, संदीप कौशिक, अनिल जमदग्नि, कपिल जमदग्नि, उद्योगपति हरिओम शर्मा, कारोबारी आशु शर्मा, पंडित जिले सिंह वशिष्ठ, राजबीर कौशिक, प्रेम गौतम, विपिन वत्स,राजेंद्र गौतम, अनिल खरखौदा, पंडित सेम, संदीप पाराशर व अन्य मौजूद रहे।

# स्वच्छता का संदेश देती शीतला माता

## संपादकीय

## ईडी-सीबीआई का गलत इस्तेमाल

**दिल्ली** के कथित शराब घोटाला कांड के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किये गये आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से चाहे पूरी राहत न मिली हो परन्तु उन्होंने न्यायालय में ईडी एवं भारतीय जनता पार्टी को जिस प्रकार से बेपर्दा किया उससे ईडी का पक्ष तो कमजोर हुआ ही, लोगों में फिर से संदेश गया है कि भाजपा व उसकी केन्द्र सरकार विपक्षी दलों व उनके नेताओं के खिलाफ किस प्रकार से राजनैतिक षड़यंत्र रचती है और उसके लिये जांच एजेंसियों का कैसे इस्तेमाल होता है। दिलचस्प बात यह है कि जहां एक ओर केजरीवाल ने अपना पक्ष खुद ही रखा वहीं उन्होंने अपनी हिरासत बढ़ाने का विरोध न कर सबको चौंका दिया। सम्भवतः यह आप की रणनीति का हिस्सा हो कि वे अपनी बात कहें ताकि वह कोर्ट की जिरह से बढ़कर एक राजनैतिक संदेश बनकर दूर तक जाये। अगर ऐसा है तो उसमें वे सफल होते नजर आये हैं। उल्लेखनीय है कि केजरीवाल को उनके दिल्ली के आधिकारिक निवास स्थान से 21 मार्च की रात को गिरफ्तार किया गया था। उन पर दिल्ली शराब घोटाले में संलिप्तता का आरोप है। गिरफ्तारी के पहले ईडी अधिकारियों ने उन्हें 22 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट में प्रस्तुत कर 10 दिनों की हिरासत मांगी थी लेकिन न्यायालय ने केवल 6 दिनों की जमानत दी थी। इसके अनुसार शुक्रवार को उन्हें कोर्ट के सामने प्रस्तुत कर ईडी द्वारा फिर से 7 दिनों की जमानत मांगी गई थी लेकिन कोर्ट ने यह हिरासत चार दिनों के लिये ही बढ़ाई। उन्हें 1 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश ईडी को दिया गया। इस मामले में पहले ही उप मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया व एक अन्य मंत्री सत्येन्द्र जैन गिरफ्तार हैं। इसी मामले में बीआरएस की नेता के. कविता भी दो दिन पूर्व गिरफ्तार की गई हैं तथा वे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में हैं। इसके पहले अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने सुनवाई के दौरान इस बात को सामने लाया कि जिन सरकारी गवाहों के बयान पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है वे स्वयं अपने बयान बार-बार बदलते रहे हैं अतः उनकी विश्वसनीयता नहीं है। खुद केजरीवाल ने अपना पक्ष दमदार तरीके से रखते हुए कहा कि 'जिस बिना पर उन्हें गिरफ्तार किया है उस आधार पर चांदनी चौक के किसी जेबकतरे को तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकता।'

उन्होंने यह भी बताया कि जिस घोटाले की बात ईडी कर रही है, उसका एक पैसा भी बरामद नहीं किया गया है। कोर्ट में केजरीवाल ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स सम्बन्धी जो खुलासा हाल ही में किया गया है उससे पता चला है कि एक गवाह शरद चंद्र रेड्डी ने 50 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिया है। इसके अनुसार भाजपा के खिलाफ मुकदमा करना चाहिये। इसके पहले दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी भी यह बात कह चुकी है। शुक्रवार को कोर्ट के फैसले के बाद आप के नेता सौरभ भारद्वाज ने भी यह बात दोहराई। इस मामले को लेकर 31 मार्च को रामलीला मैदान में एक बड़ी सभा इंडिया गठबन्धन की ओर से आयोजित की जा रही है जिसमें सभी सहयोगी दलों के शामिल होने की बात कही गई है।



रमेश सर्राफ धमोरा

"चान्द्र शक्ति प्रधान जीवों में प्रमुख गधा ही माता शीतला का वाहन हो सकता है। यहां गधा संकेत देता है कि चामुण्डा के आक्रमण के समय रोग का अधिक प्रहार सहन करते हुए रोगी को कभी अधीर नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त शीतला रोग में गर्दभी का दूध, गधा लोटने के स्थान की मिट्टी और गधों के संपर्क का वातावरण उपयुक्त समझा जाता है। कहते हैं कि कुम्हार को चामुण्डा का भय नहीं होता है। वहीं ऊंट वाले को कभी पेट का रोग नहीं होता। चामुण्डा शववाहना के अनुसार चामुण्डा का वाहन शव होता है। इसका तात्पर्य यह है कि चामुण्डा से आक्रान्त रोगी को शव की भांति निश्चेष्ट होकर उचित समय की प्रतीक्षा करनी चाहिए"

**हमारे** देश में विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे। शीतला माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं और इसी संदर्भ में शीतला माता की पूजा से हमें स्वच्छता की प्रेरणा मिलती है। इनका सैदव से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी - हैजे की देवी, चौंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती - रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है। शीतला माता देवी है जो गधे पर सवार होती है और नीम के पत?तों की माला का श्रृंगार करती हैं। इस दिन घर में बासी पुआ, पूड़ी, दाल भात और मिठाई का भोग लगाया जाता हैं। शीतला माता को भोग लगाने के बाद घर के सदस्य खुद इसका सेवन करते हैं। सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी



खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं।इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं।

इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है। शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। ये हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाडू) और नीम के पत्ते धारण किये हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाडू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को ठंडा जल अच्छा लगता है, अतः कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं। स्कंद पुराण में शीतला माता की अर्चना का स्तोत्र है शीतलाष्टक। माना जाता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने की थी। यह स्तोत्र शीतला देवी की महिमा का गान कर उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित करता है।

**वन्देऽहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बरराम्,**
**मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालंकृतमस्तकाम्।**

अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगम्बरा, हाथ में झाडू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाडू) होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। माता के रोगी के लिए यह व्रत बहुत मददगार है। आमतौर पर, शीतला रोग के आक्रमण के समय रोगी दाह (जलन) से निरंतर पीड़ित रहता है। उसे शीतलता की बहुत जरूरत होती है। गर्दभ पिंडी (गधे की लीद) की गंध से फोड़ों का दर्द कम हो जाता है। नीम के पत्तों से फोड़े सड़ते नहीं है और जलघट भी उसके पास रखना अनिवार्य है। इससे शीतलता मिलती है।

लोक किंवदंतियों के अनुसार बसौड़ा की पूजा माता शीतला को प्रसन्न करने के लिए की जाती है। कहते हैं कि एक बार किसी गांव में गांववासी शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे तो मां को गांववासियों ने गरिष्ठ भोजन प्रसादस्वरूप चढ़ा दिया। शीतलता की प्रतिमूर्ति मां भवानी का गर्म भोजन से मुंह जल गया तो वे नाराज हो गईं और उन्होंने कोपदृष्टि से संपूर्ण गांव में आग लगा दी। बस केवल एक बुढिया का घर सुरक्षित बचा हुआ था। गांव वालों ने जाकर उस बुढिया से घर न जलने के बारे में पूछा तो बुढिया ने मां शीतला को गरिष्ठ भोजन खिलाने वाली बात कही और कहा कि उन्होंने रात को ही भोजन बनाकर मां को भोग में ठंडा-बासी भोजन खिलाया। जिससे मां ने प्रसन्न होकर बुढिया का घर जलने से बचा लिया। बुढिया की बात सुनकर गांव वालों ने शीतलामाता से क्षमा मांगी और रंगपंचमी के बाद आने वाली सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन खिलाकर मां का बसौड़ा पूजन किया। संसार में दो प्रकार के प्राणी होते है। पहला सौर शक्ति प्रधान और दूसरा चान्द्र शक्ति प्रधान। सौर शक्ति के बारे में कहा जाता है कि सौर शक्ति जीव बहुत चंचल, चुलबुले, तत्काल बिगड़ उठने वाले और असहनशील होते हैं जबकि चान्द्र शक्ति प्रधान व्यक्ति इसके विपरीत होते है।

चान्द्र शक्ति प्रधान जीवों में प्रमुख गधा ही माता शीतला का वाहन हो सकता है। यहां गधा संकेत देता है कि चामुण्डा के आक्रमण के समय रोग का अधिक प्रहार सहन करते हुए रोगी को कभी अधीर नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त शीतला रोग में गर्दभी का दूध, गधा लोटने के स्थान की मिट्टी और गधों के संपर्क का वातावरण उपयुक्त समझा जाता है। कहते हैं कि कुम्हार को चामुण्डा का भय नहीं होता है। वहीं ऊंट वाले को कभी पेट का रोग नहीं होता। चामुण्डा शववाहना के अनुसार चामुण्डा का वाहन शव होता है। इसका तात्पर्य यह है कि चामुण्डा से आक्रान्त रोगी को शव की भांति निश्चेष्ट होकर उचित समय की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

## कविता

### सच्चे मित्र की पहचान

सच्चे मित्र की पहचान
जो शांति के दे पैगाम,
वक्त में जो काम आए
वह सच्चा मित्र होता है।
साथ साथ जो कंधे
से कंधा मिलाकर
पसीना बहाए,
वह अच्छा मित्र होता है।
मित्र और शत्रु की पहचान
बुरे वक्त में ही होती है।
भारत और रूस की मित्रता
पूरी दुनिया जानती है।
भारत और रूस को
परंपरागत मित्र मानती है।
रूस ने किया निवेदन
भारत को देना होगा
अखंड शांति का प्रतिवेदन।
यदि रूस देश भारत के काम
आया युद्ध के संकट में कभी,
तो भारत का भी फर्ज बनता है
की भारत यूक्रेन विश्व युद्ध की आशंका में
भारत
रूस का मनोबल ऊंचा रखने
सदैव साथ दे झंडा ऊंचा रखने,
इस युद्ध की घड़ी में
यूक्रेन और रूस के बीच
मध्यस्थता कर
विश्व शांति का एक
पुनीत संदेश प्रदान करें

संजीव

## मूर्ख दिवस का है दिलचस्प इतिहास

**योगेश कुमार गोयल**

**मूर्ख दिवस** मनाने की परम्परा कब, कैसे और कहां प्रचलित हुई, इस बारे में दावे के साथ तो कुछ नहीं कहा जा सकता पर माना यही जाता है कि इस परम्परा की शुरूआत फ्रांस में 16वीं सदी के उत्तरार्द्ध में हुई थी। माना जाता है कि एक अप्रैल 1564 को फ्रांस के राजा ने मनोरंजक बातों के जरिये एक-दूसरे के बीच मैत्री और प्रेम भाव की स्थापना के लिए एक सभा का आयोजन कराया था। उसके बाद निर्णय लिया गया कि अब से हर वर्ष इसी दिन ऐसी ही सभा का आयोजन होगा, जिसमें सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण हरकतें करने वाले व्यक्ति को मास्टर ऑफ फूल की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इस सभा में शिरकत करने वाले व्यक्ति अनोखी और विचित्र वेशभूषाएं धारण करके अपनी अजीबोगरीब हरकतों से उपस्थित जनसमूह का मनोरंजन किया करते थे और सर्वाधिक मूर्खतापूर्ण हरकत करने वाले व्यक्ति को मूर्खों का अध्यक्ष चुना जाता था, जिसे बिशप ऑफ फूल्स की उपाधि से नवाजा जाता था। इस सभा के बाद गधा सम्मेलन का भी आयोजन होता था, जो करीब एक सप्ताह चलता था। सम्मेलन में लोग अपने चेहरे पर गधे के मुंह की आकृति के मुखौटे लगाकर गधे की आवाज निकालते थे। इस दिन वहां कर्मचारी, अधिकारी सभी एक-दूसरे का मजाक उड़ाने को स्वतंत्र होते थे। यह भी मान्यता है कि 1564 में फ्रांस के सम्राट चार्ल्स के आदेश पर लागू हुए ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरूआत 1 जनवरी से की जाने लगी जबकि उससे पूर्व चूंकि वर्ष में सिर्फ 9 ही महीने होते थे, अतः नया साल 1 अप्रैल से ही शुरू होता था लेकिन ग्रेगेरियन कैलेंडर लागू किए जाने के बाद भी जो लोग 1 अप्रैल को ही नव वर्ष के रूप में मनाते रहे, दूसरे लोगों ने उनका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया और इस तरह 1 अप्रैल को मूर्ख दिवस के रूप में मनाए जाने की परम्परा शुरू हो गई। कुछ पश्चिमी राष्ट्रों में वे लोग, जो जूलियन कैलेंडर के अनुसार नए साल की शुरूआत 25 मार्च से मानते हैं, वे वसंत के आगमन के साथ ही नए साल के आने की खुशियां मनाते हैं और एक सप्ताह तक चले इन मनोरंजक कार्यक्रमों का समापन वे 1 अप्रैल को ही करते हैं। एनसाइक्लोपीडिया ऑफ रिलीजन तथा एनसाइक्लोपीडिया ऑफ ब्रिटानिका के अनुसार भी एक अप्रैल को मूर्ख दिवस मनाने का सीधा संबंध वसंत के आगमन से ही है, जब प्रकृति मनुष्य को अपने अनियमित मौसम से मूर्ख बनाती है। कुछ लोग अप्रैल फूल मनाने की परम्परा की शुरूआत इटली से हुई मानते हैं। प्राचीन समय से ही इटली में एक अप्रैल को एक मनोरंजन उत्सव मनाया जाता है, जिसमें स्त्री-पुरूष सभी जमकर शराब पीते हैं और नाच-गाकर खूब हुड़दंग मचाते हैं। रात के समय दावतों का आयोजन भी किया जाता है। यूरोप के कुछ देशों में भी प्राचीन काल से ही मूर्ख दिवस मनाए जाने का उल्लेख मिलता है। इस दिन वहां मालिक नौकर की और नौकर मालिक की भूमिका अदा करता था और नौकर इस दिन मालिक से अपने मनचाहे काम कराते थे, जिन्हें मालिक भी बिना किसी विरोध के खुशी-खुशी किया करते थे।

## विचार

## लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी का मुद्दा!

**प्रेम शर्मा**

**सत्तारूढ़** पार्टियों के केन्द्र एवं राज्य स्तर पर जो भी दावें है वह बेरोजगारी को लेकर हवा हवाई है। बेरोजगारी उस चरम पर है जिसका आभास सिर्फ बेरोजगारों को है। भीषण मंहगाई दौर में अगर दस हजार रुपए मासिक के भीतर जीवनयापन करने की मजबूरी वाले को अगर रोजगारयुक्त होने की श्रेणी में शामिल किया जाता है तो यह सिर्फ सिर्फ दिखावा या अपनी अक्षमता छुपना है। हमारे युवा, जो फिलहाल रोजगार, शिक्षा और प्रशिक्षण में नहीं हैं, उनकी हिस्सेदारी 29.2 फीसदी है। यह दक्षिण एशिया में सर्वाधिक है। बीते एक दशक के दौरान वेतनभोगियों अथवा स्वरोजगारों की औसत आमदनी या घटी है अथवा यथावत रही है। आम चुनाव का दौर है, लिहाजा सभी राजनीतिक दलों को बेरोजगारी के मुद्दे पर ईमानदारी से सोचना चाहिए। अब जबकि लोकसभा शुरू हो चुके है ऐसे में राजनैतिक दलों को बेरोजगारी को लेकर अपना स्पष्ट मत रखना चाहिए। उनका मत केवल घोषणा पत्र तक नही उस पर कम से कम 80 फीसदी तक वास्तविक अनुपालन होना चाहिए। यही नही सरकारी नौकरियों के पर्चे लीक होने, कई भर्ती मामलों का न्यायालय तक पहुचना सरकार की नीयत में खोट को दशार्ता है। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन के अनुसार सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती। जब बेरोजगारी की बात उठती है, तो समाधान की तुलना में अंदाजा लगाना आसान होता है। वह अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और मानव विकास संस्थान की ह्यभारत रोजगार रपट 2024ह्न को पेश किए जाने के अवसर पर बोल रहे थे। यदि बेरोजगारी सरकार का कोई सरोकार नहीं है, तो देश के जीडीपी के आंकड़े और आर्थिक विकास दर कैसे तय की जाती है। क्या जीडीपी भारत के हवा-पानी का ही कोई संकलन है ? जीडीपी देश के नागरिकों के रोजगार, उनके संसाधन और अंशदान के आधार पर ही आकार लेता है। बेशक हमारी अर्थव्यवस्था की विकास-दर निरंतर जारी है। फरवरी, 2024 में जो डाटा सामने आया है, उसके मुताबिक, जीडीपी की विकास-दर 2023-24 में 7.6 फीसदी रहेगी। यह पहले के अनुमान 7.3 फीसदी से अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में यह आकलन किया गया है कि 2024-25 में विकास-दर 7 फीसदी रह सकती है। हमारी विकास-दर दुनिया के सभी बड़े देशों की तुलना में सर्वाधिक है, लिहाजा आम भारतीय का गदगद होना स्वाभाविक है। हालांकि औसत भारतीय आज तक इसका विश्लेषण नहीं कर पाया है कि विकास-दर से उसकी प्रत्यक्ष आय में कितनी बढ़ोतरी होती है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में आर्थिक बढ़ोतरी के बावजूद चिंताएं श्रम बाजार, श्रम बल, उत्पादक रोजगार आदि को लेकर ज्यादा हैं। आईएलओ की रपट के मुताबिक, भारत देश के कुल बेरोजगारों में शिक्षित युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 54.2 फीसदी से बढकर 2022 में 65.7 फीसदी हो गई है। जो रोजगार बढ़ा है, उसके दो-तिहाई में स्वरोजगार वाले कामगार हैं। कृषि में भी बेरोजगारी बढ़ी है। मैन्यूफैक्चरिंग में भी रोजगार की हिस्सेदारी स्थिर रही है। संकेत चिंताजनक हैं, जिन पर गंभीर मंथन किया जाना चाहिए। आईएलओ रपट में भारत में कुल 83 फीसदी बेरोजगारी बताई गई है, तो यह क्या है ? वैसे तो श्रम बाजार में औसतन हर साल 70-80 लाख नए कामगार प्रवेश करते हैं। बेरोजगारी शहरी इलाकों के पढ़े-लिखे युवाओं में अधिक है। विडंबना यह भी है कि यदि नौकरी निकले चपरासी की, जिसके लिए शैक्षिक पात्रता 5वीं पास मांगी जाए, लेकिन 3700 पीएचडी धारक बेरोजगार भी आवेदन कर दें, तो यही कहा जा सकता है कि शैक्षिक डिग्रियां भी नौकरी की गारंटी नहीं हैं। यह हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए गंभीर चुनौती है। देश की कामकाजी उम्र की आबादी करीब 63 फीसदी है। रोजगार प्रत्येक चुनाव का एक स्थायी मुद्दा है। पहले लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक शायद ही कोई चुनाव हुआ हो, जिसमें रोजगार मुद्दा न रहा हो। केवल भारत ही नहीं, अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी रोजगार का सवाल कभी दबा नहीं। अहम सवाल यह है कि क्या यह स्थायी मुद्दा निर्णायक मुद्दा भी होता...।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

## ज्ञान से ही लोक, परलोक आलोकिताँ

**संजीव**

**मनुष्य** के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निदेशों का केवल पालन करता है।

मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है।

## मछली जल की रानी है

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक** तालाब है। उसमें भी कुछ जीव रहते हैं। जैसी अपनी दुनिया है ठीक उनकी दुनिया है। अपनी दुनिया में लोग एक-दूसरे को पानी पिलाने के चक्कर में रहते हैं। उनकी दुनिया में ऐसी मारा-मारी नहीं है। जो खुद पानी में डूबे हो उन्हें भला पानी पिलाने का क्या मतलब। उसी तालाब में एक बड़ी मछली है। लिग बदलने की सुविधा होती तो मछली की जगह मछला कहना बेहतर होता। बड़ी मछली दिन-ब-दिन और बड़ी होती जा रही है। छोटी मछलियाँ दिन-ब-दिन घटती जा रही हैं। बड़ी मछलियों के पेट में अजीब सी मराड़ मची है, लेकिन पचाने की शक्ति में उसका कोई सानी नहीं है। हिसाब से देखा जाए तो जो पचा सकता है, उसे खाने का पूरा हक है। बड़े छोटों को खा सकते हैं, क्योंकि वे बड़े हैं। छोटे बड़ों को नहीं खा सकते, क्योंकि वे छोटे हैं। वैसे भी कुत्ता दुम हिलाता है न कि दुम कुत्ते को। अगर दुम कुत्तों को हिलाने लगें तो भला कुत्ते अपनी दुम क्यों बक्शने लगे? हरगिज नहीं। भूख लगने सांप अपने संपोलों तक को नहीं छोड़ते फिर भी यह तो कुत्ते की दुम है। दुनिया भर के लोग जिसे महामारी कह रहे हैं, उसे ही ये बड़ी मछलियाँ महाअवसर की तरह भुनाती हैं। एक बार के लिए गिद्ध शवों को खाना छोड़ सकते हैं, किंतु ये बड़ी मछलियाँ कोरोना महामारी से मरने वालों के नाम पर धंधा करना नहीं छोड़ सकतीं। छोटी-छोटी मछलियाँ जैसे-तैसे अपनी जिंदगियाँ बचते-बचाते गुजर-बसर करते हैं और ये बड़ी मछलियाँ एक झटके में उन्हें डकार जाती हैं। ये छोटी-छोटी मछलियाँ बड़ी मेहनत करके अपने दाना-पानी का इंतजाम करती हैं। उसी मेहनत को ये बड़ी मछलियाँ टॉनिक की तरह पी जाती हैं। मेहनत, लगन, आत्मनिर्भरता आदि शब्द सुनने में इतने मधुर लगते हैं कि छोटी मछलियाँ इन्हें सुन-सुन कर ऐसे बड़ी हो जाती हैं जैसे कसाई के यहाँ मिमियाती नन्हीं बकरियाँ। कहते हैं एक गंदी मछली पूरे तालाब को गंदा कर देती है। जबकि एक बड़ी मछली पूरे तालाब को खा जाती है। छोटी मछलियाँ जिंदगी भर जिंदगी बचाने के चक्कर में जिंदगी खो बैठती हैं, जबकि बड़ी मछलियाँ उन्हीं जिंदगियों को लीलकर अपनी और अपनी आने वाली पीढ़ियों की जिंदगियाँ बनाती हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 'देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में'



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः नेता प्रतिपक्ष व** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान व भाई दीपेंद्र हुड्डा के निर्देश अनुसार रामलीला ग्राउंड नई दिल्ली में कठउक्रअ महा गठबंधन द्वारा आयोजित लोकतंत्र बचाओ महारैली के लिए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा युवा कांग्रेस सचिन कुंडू कल रविवार को अपने सभी साथियों सहित दिल्ली रवाना हुए। देश का लोकतंत्र और संविधान खतरे में है भाजपा सरकार, नरेंद्र मोदी और अमित शाह विपक्ष की आवाज को दबाना चाहते हैं इसलिए केजरीवाल और हेमन सियोरेन दो मुख्यमंत्रियों को अंदर कर दिया। कांग्रेस पार्टी के खाते फ्रिज कर दिए गए । इनकम टैक्स और एऊव उइक की कार्रवाई कराई गई जो भी आदमी विपक्ष का मजबूत नेता आवाज उठाता है उसी की आवाज को दबाने का काम करते हैं। आज की रैली बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है जिसका उद्देश्य लोकतंत्र व सविधान की रक्षा करना है इस अवसर पर पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर सुभाष भटला, पूर्व ब्लॉक समिति अध्यक्ष रमेश मलिक, हल्का प्रधान दीपक खटकड, मदन लाल मजोका, पूर्व पार्षद जयकुमार बिंदल, पूर्व पार्षद संजीव उर्फ काला बग्गी वाला यूथ कांग्रेस प्रधान मोहित बिंझौल, जिला के हल्का प्रधान तेजी चंदोली, ठरवक जिला प्रधान रुबल संधू, स्पट्टर अली, सुभाष गिल, सतपाल रोड व अन्य युवा साथी उपस्थित रहे ।

### जिला पुलिस द्वारा चलाया गया ऑपरेशन अतिक्रमण अभियान

**सोनीपतः** 31 मार्च दिन रविवार को पुलिस आयुक्त सोनीपत श्री बी. सतीश बालन के निदेर्शानुसार जिला पुलिस ने ओपरेशन आक्रमण अभियान चलाया जिसका उदेश्य अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाना है। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त श्री बी. सतीश बालन आईपीएस ने अपराधियों के प्रति कड़ा रुख दिखाया है। पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु एक विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण चलाकर जिला पुलिस ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जिसके तहत जिला पुलिस सोनीपत के सभी पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व सभी सहायक पुलिस आयुक्तों के साथ कुल 92 पुलिस टीमों में 476 जवानों ने अथक प्रयास करते हुए विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 34 आरोपियों को धर दबोचा और अपराधियों में हड़कंप मचा दिया है। जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए अलग-अलग मामलों में निम्नलिखित उपलब्धि हासिल की है। जिला सोनीपत पुलिस ने चलाए गए विशेष ऑपरेशन के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 5 मामले दर्ज करते हुए 707 बोतल अवैध देशी शराब व छह बोतल बियर बरामद की गयी है। शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज 1 मामला दर्ज करके एक देसी पिस्तौल, दो जिन्दा रौंद बरामद किए हैं। सभी मामले में आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करकें कार्यवाही अमल में लाई गई। इस प्रकार सोनीपत पुलिस ने विभिन्न थानों में दर्ज मामलों में 34 आरोपियों को दबोच ऑपरेशन आक्रमण को सार्थक साबित किया है। इस विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस की टीमों ने सड़क पर संदिग्ध वाहनों की तालाशी ले यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले 81 चालकों के यातायत चालान किये गये व यातायात नियमों की पालना करने के प्रति जागरुक किया गया। जिला सोनीपत पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई पुलिस आयुक्त सोनीपत ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिला सोनीपत में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है अपराधी या तो जिला छोड़ें या अपराध। अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। तथा इस प्रकार का विशेष अभियान जारी रहेगा। आमजन से अपील करते हुए पुलिस उपायुक्त मुख्यालय सोनीपत श्री मनबीर सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार की अपराध की सूचना होने पर तुरंत संबंधित थाना चौकी में देकर जिला सोनीपत को अपराध मुक्त बनाने में सहयोग दे।

# सैनी ने की भाजपा प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से जिताने की अपील

## अपनी हार के डर के चलते कांग्रेस अभी तक नहीं खड़ा कर पाई अपने प्रत्याशी : नायब सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी ने भिवानी जिला के कस्बा बवानीखेड़ा में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जनता के सामने रखते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस को 2024 के चुनाव में हार का डर सता रहा है। जिसके चलते कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी मैदान में अभी तक नहीं उतारे है। वे रविवार को भिवानी जिला के कस्बा बवानीखेड़ा में आयोजित विजय संकल्प यात्रा रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मंच का संचालन जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाया है। आयुष्मान योजना,



प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना व उज्ज्वला योजना के साथ ही देश व प्रदेश में सडकों के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उसके साथ ही बगैर पर्ची व बगैर खर्ची के युवाओं को रोजगार मिला है। ऐसे में वे जनता से अपील करते है कि 25 मई को 18वीं लोकसभा के चुनाव में जनता कमल के निशान पर मोहर लगाने का काम करें तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए 400 पार के नारे को चरित्रार्थ करने का कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में सभी 10 सीटों पर भाजपा की जीत होगी। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 2019 के चुनाव की हार से डरकर अब 2024 में अपने प्रत्याशी खड़े नहीं कर रही है, क्योंकि उन्हे लगता है कि 2024 के चुनाव में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार बनाएंगे। इस बात का डर कांग्रेस को सता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी ने देश को विकास की गारंटी दी है, तो अब देश की जनता ने भी मोदी जी को 400 पार की गारंटी दे दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता भी दसों लोकसभा सीटें भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की गारंटी दी है। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार से प्रदेश के लोग खुश हैं। इस मौके पर निवर्तमान सांसद धर्मबीर सिंह व हिसार से भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की बात कही तथा कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों की बदौलत देश में सडक,रेलवे व विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्य हुए है। जिसके चलते 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने की तरफ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश के हर जिले में मैडिकल कॉलेज बनाने का कार्य सरकार ने किया है। धर्मबीर सिंह ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के विकास कार्यो के चलते हुए कांग्रेस अब एक राष्ट्रीय दल की बजाए क्षेत्रीय दल बनता नजर आ रहा है। वित्त मंत्री जयप्रकाश दलाल ने किसानों से संबंधित विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों की फसलें बगैर किसी व्यवधान के खरीदी जा रही है तथा एक अप्रैल से गेहूं की खरीद भी शुरू हो जाएगी।

इस मौके पर रैली के आयोजक सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री बिसंबर वाल्मीकि ने कहा कि राज्य सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाया है। बगैर पर्ची व खर्ची के रोजगार देकर युवाओं को शिक्षा की तरफ आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया है। उन्होंने भिवानी से हांसी फोरलैन के निर्माण कार्य को इसी वर्ष दिसंबर तक पूरा होने की बात भी कही। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, विधायक घनश्याम सर्राफ, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य शंकर धूपड़, जिला अध्यक्ष मुकेश गौड, जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान, शिवकुमार पाराशर,जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक, पूर्व विधायक शशी परमार, प्रशांत, विरेंद्र कौशिक, संदीप श्योराण, जिला मीडिया प्रभारी रोहताश चौहान, मीना परमार, बबीता तंवर, कमल फौजी, सुंदर अत्री, चंदा गुप्ता, राहुल मुंढ़ाल, सुंदरपाल तंवर, महेंद्र यादव, सतेंद्र सिंह, हर्षदीप डुडेजा, विजय शर्मा, कंवर सिंह, अशोक खलेरा, जोगेंद्र जांगड़ा, शकुंतला प्रधान सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एक उद्घोषित अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सोनीपतः जिले के** सीआईए सेक्टर-3 सोनीपत की पुलिस ने एक उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दीपक उर्फ सैफी पुत्र आजाद निवासी गुमड तह. गन्नौर जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि सीआईए सेक्टर-3 सोनीपत में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक आजाद ने अपनी पुलिस टीम के साथ पी0ओ0, बेलजम्परों व पैरोलजम्परों की खोजबीन करते हुये वर्ष 2018 में थाना सदर गोहाना में दर्ज एक चोरी की घटना में संलिप्त उक्त आरोपी को न्यायालय द्वारा मार्च 2024 में उदघोषित अपराधी घोषित कर थाना सदर गोहाना में एक मुकदमा दर्ज किया गया था।

## 'कुश्ती में हरियाणा का नाम विश्व मे रोशन कर रहे हैं हमारे पहलवान'

### भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने खेड़ी जसोर में पहलवानों को किया प्रोत्साहित

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**कुश्ती के क्षेत्र में हरियाणा** के पहलवान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर प्रदेश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर रहे हैं जो की सभी हरियाणा वासियों के लिए खुशी की बात है। यह बात भाजयुमो हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने हलके के गांव खेड़ी जसोर में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में शिरकत करते हुए कही। खेड़ी जसोर गांव के नंद लाल अखाड़ा में कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया जिसमें पहलवानों ने दमखम दिखाया। दंगल में पहुंचे उपाध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी का आयोजन



कमेटी ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा पगड़ी बांधकर सम्मान किया। दंगल में पहलवानों का हाथ मिलाकर एक कुश्ती मुकाबले का शुभारंभ करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार भी खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को पदक अनुसार सरकारी नौकरी, मान सम्मान व नकद इनाम धनराशि देने का काम कर रही है जिसके चलते आज कुश्ती के क्षेत्र में हरियाणा प्रदेश का डंका पूरे विश्व में बज रहा हैं। नवीन बंटी ने दंगल का आयोजन करने पर आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने से क्षेत्र की छुपी हुई प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। आयोजन कमेटी के सदस्यों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी का सम्मान किया।

### गैस सिलेंडर चोरी करने की घटना में संलिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपतः जिले के** थाना सदर गोहाना की पुलिस ने घर में तांकाझाकी कर घर से गैस सिलेंडर चोरी करने की घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बलबीर पुत्र रामदिया, संजू पुत्र महाबीर व दीपक पुत्र बलराज सभी निवासी किसान कॉलोनी, गोहाना के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गत 30 मार्च को जगदीप पुत्र धर्मबीर गांव गामडी ने थाना सदर गोहाना में शिकायत दी की दिनांक 28.03.24 को जब घर पर कोई नही था एक व्यकित नाम पता नामालूम जो कैमरे मैं कैद हुआ है बदनियती से मेरे घर के मैनगेट से अन्दर तांका झाकी कर रहा है व डोरबेल स्वीच में माचिस की तिली मिली जो डोरवैल का स्वीच लगातार ओन रहने के कारण मेरे घर में आग लग गयी तथा आग से मेरे घर का फर्नीचर जल गया मकान की पूरी छत व बिजली की स्विच लाईट जल गयी उन तीन चार व्यकितयो ने योजना बनाकर मेरे घर की डोरवेल स्विच में माचिस की तिली लगाकर ताकां जांकी की जो अन्दर से कोई नही आया ओर गेट नही खुला तो वो मेरे भाई सहदेव पुत्र रणबीर जो मेरे मेरे ताउ का लडका है के घर में से दो गैस सिलेण्डर चोरी करके ले गये जो पुरी घटना उउळश में कैद हो गयी जब अपने तौर पर पता किया तो ये तीन चार व्यकित गाडी में आये थे।

## हर व्यक्ति जीवन में एक पौधा जरूर लगाएः एडवोकेट बलबीर सिंह

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**शहरीकरण व बढ़ती** आबादी के कारण हरियाली तेजी से कम हो रही है। पर्यावरण को बचाने के लिए यह हमारे जागने का वक्त है। सिर्फ जागने का ही नहीं, कुछ करने का भी। इसके लिए जरूरी है कि हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। यह बात वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह ने आसौदा गांव में जम्मन वाला मंदिर के प्रांगण में मंदिर कमेटी व ग्रामवासियों द्वारा लगाए गए विशाल आक्सीजन बाग में पौधरोपण करते हुए कही।



पौधारोपण कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह का मंदिर कमेटी के सदस्यों व ग्राम वासियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा पगड़ी बांधकर सम्मान किया। मंदिर कमेटी द्वारा लगाए गए विशाल ऑक्सीजन बाग में ग्राम वासियों के साथ पेड़ लगाते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम कार्य पेड़ लगाने का है जो खुद हमसे शुरू होता है। हमे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट सिंह ने हलका वासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवनकाल में कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाए, साथ ही पेड़ बनने तक उस पौधे की नियमित देखभाल भी करे। बलबीर सिंह ने मंदिर के प्रांगण में विशाल ऑक्सीजन बाग लगाने के कार्य की सराहना करते हुए मंदिर कमेटी के सदस्यों व समस्त ग्राम वासियों से कहा कि आज हमारे द्वारा शुरू की गई यह छोटी सी पहल, बढ़ते हुए पेड़ के साथ कल हमारा गर्व बन जाएगी। साथ ही आने वाली पीढ़ियों को हम हरा-भरा वातावरण विरासत के रूप में दे सकेंगे।

## प्रभु ईशु मसीह जाति या धर्म परिवर्तन नहीं बल्कि मानव जाति का उद्धार करते हैं: बबली

**समालखा**
**(कुलदीप सिंह ): प्रभु ईशु ासीह** किसी की जाति या धर्म परिवर्तन कराने को नहीं बल्कि धरती पर बढ़ रहे अत्याचारों व पापों से मानव जाति का उद्धार करके शांति स्थापित करने के लिए संसार में आये थे। यह उद्गार वार्ड 8 के पीतमपुरा स्थित प्रार्थना घर की संचालिका पास्टर बबली ने व्यक्त किए। रविवार को पीतमपुरा के चर्च में प्रभु ईशु मसीह के जीवित होने की खुशी में ईस्ट डे मनाया गया। उन्होंने कहा कि प्रभु ईशु मसीह एक प्रेम की ज्योति स्वरूप है जो मानव को इस अंधकार रूपी



सामाजिक बुराईयों से निकाल कर प्रकाश की ओर ले जाती है। कार्यक्रम में प्रभु ईशु के अनुयायियों ने एक लघु नाटिका के जरिए दिखाया कि किस प्रकार प्रभु ईशु मसीह कब्र से जीवित निकल कर अपने शिष्यों के उद्धार के लिए उनके बीच जाकर आशिर्वाद देकर गए। इससे पहले बतौर अतिथि पहुंचे पालिका पार्षद विनोद वाल्मीकि ने रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## मान सिंह हाई स्कूल में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मचाया धमाल

### कक्षा नर्सरी से लेकर आठवीं तक का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**शहर के जौहरी नगर** स्थित मान सिंह हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पहली से लेकर 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का परिणाम भी घोषित किया गया। स्कूल निर्देशक राजेंद्र छिकारा व निर्मला देवी ने परीक्षा परिणाम व अन्य प्रतिभागी गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और बच्चों को जीवन में सकारात्मक सोच के साथ जीवन में अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ? के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल



निर्देशक राजेंद्र छिकारा व निर्मला देवी ने वार्षिकोत्सव समारोह की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षावार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को शील्ड व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें। उन्हें शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद समेत अन्य प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करें ताकि उनमें छुपी हुई प्रतिभा का निखार हो सकें। वार्षिकोत्सव के दौरान छोटी कक्षाओं से लेकर बड़ी कक्षाओं तक के विद्यार्थियों ने शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। हरियाणवीं गीतों पर छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत करते हुए खूब धमाल मचाया। नृत्य के जरिये हरियाणा प्रदेश की सांस्कृतिक छटां भी बिखेरी। वहीं कई नन्हे-मुन्हें बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुती भी दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान जहां बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की अलख जगाई वहीं बेटियों को हर क्षेत्र में आगे लेकर जाने के लिए सार्थक संदेश भी दिया। नुक्कड नाटिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने सोशल मीडिया के बढ़ते चलन पर जहां कटाक्ष किया वहीं मोबाइल के ज्यादा इस्तेमाल से बच्चों पर पड? वाले नकारात्मक प्रभाव के बारे में भी बताया। स्कूल निर्देशक राजेंद्र छिकारा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए सात्विक रहने व सकारात्मक सोच के साथ जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

## मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के समक्ष रखेंगेः नीलम

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः भारतीय** कम्युनिस्ट पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकसभा आम चुनाव में भाजपा एवं उसके सहयोगियों को हराने के लिए जनता के बीच जायेगा और मोदी सरकार की जनविरोधी ,संविधान विरोधी ,लोकतन्त्र विरोधी नीतियों के खिलाफ तथा बड़े-बड़े सरमायेदारों के पक्ष में चलाई जा रही नीतियों का प्रचार - प्रसार करेगा। यह निर्णय आज स्थानीय भगत सिंह स्मारक सभागार में सम्पन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया । बैठक की अध्यक्षता डाक्टर नीलम संधु ने की और सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने वर्तमान राजनीतिक



हालात पर विस्तार से चर्चा की । कामरेड कश्यप ने कहा कि हमारी पार्टी की स्पष्ट समझ है कि भाजपा - आर एस एस की सरकार देश की मेहनतकश जनता के अधिकारों पर हमले कर रही है और जनता से किये गये वायदों को पूरा करने के बजाए जुमला बता कर जनता से धोखा कर रही है । उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की कारपोरेट पक्षी नीतियों का परिणाम ही है कि देश में औद्योगिक एवं आर्थिक हालात बदतर होने से रोजगार सृजन तो दूर की बात है नौकरी में लगे लोगों को छटनी व कामबंदी के चलते आजीविका गंवा कर बेरोजगार होना पड़ रहा है । यह सरकार सत्य पर पर्दा डालकर , झूठे आंकडें. और भावनात्मक मुद्दे उछाल कर गोदी मीडिया के सहारे लोगों को भ्रमित कर रही है ।पब्लिक सेक्टर के संस्थानों को नीजि हाथों में सोंपने के चलते अनुसुचित जाति एवं पिछडे. वर्गो को मिलने वाला आरक्षण बेमायने हो गया है।

कामरेड कश्यप ने कहा कि वर्तमान समय में हमारा देश भाजपा सरकार द्वारा निरंकुश फांसीवादी तानशाही की ओर ले जाया जा रहा है । ऐसे हालात में हमारी पार्टी को भाजपा की नीतियों के खिलाफ निरन्तर अभियान चलाते हुए जनता के सहयोग से भाजपा को हराने के लिए काम करना होगा । बैठक में हरियाणा के हालात पर भी व्यापक चर्चा की गई और राज्य में भाजपा के खिलाफ पड़ने वाले मतों में विभाजन रोकने के लिए काम करने काम करने का फैसला लिया गया । राज्य चुनावी रणनीति तय करने के लिए 13 अप्रैल को नरवाना में सीपीआई की हरियाणा राज्य कौंसिल की विस्तृत बैठक आयोजित करने , ऊससे पहले सभी जिलों में कार्यकताओं की मीटिंग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सत्येन्द्र गिरि मामचंद सैनी , हर भजन सिंह संधु , पवन कुमार सैनी , मनीराम बेलरखा, नीलम संधु, जयनारायण समौरा, ओमप्रकाश शर्मा, राम रतन एडवोकेट, प्रेम सिंह बुढाखेडा. आदि ने भाग लिया।

## शानदार रहा परीक्षा परिणाम

**पानीपत :**
**कृष्णपुरा स्थित सदानंद** बाल विद्या मंदिर सीसे स्कूल में सभी कक्षाओं का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। रिजल्ट जानने के लिए सभी विद्यार्थी व उनके माता-पिता साथ में आए। इस अवसर पर स्कूल में परीक्षा परिणाम थीम को लेकर बहुत ही सुंदर सजावट की गई। कई जगह सेल्फी पॉइंट्स बनाए गए जहां विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने अपनी बहुत सारी सेल्फी ली। प्रधानाचार्य सुधा आर्य ने सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल के मैनेजर राकेश सैनी ने विद्यार्थियों को उनकी




सफलताओं पर शुभकामनाएं दीं तथा आगामी सत्र में नए उत्साह एवं ऊर्जा के साथ अध्ययन के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने संपूर्ण विद्यालय परिवार को उनके अथक प्रयासों, सहयोग व उच्चतम परीक्षा परिणाम के लिए धन्यवाद दिया।

# 14 अप्रैल को मनाए जा रहे अंबेडकर जयंती को लेकर कमेटियों का हुआ गठन: आचार्य नंदलाल

जयंती

8 बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर कमेटियों का गठन कर दिया गया है



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा द्वारा आगामी 14 अप्रैल को मनाए जा रहे बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर कमेटियों का गठन कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला महामंत्री आचार्य नंद लाल ने बताया कि जिला प्रधान सीता राम कौंडल तथा सभी पदाधिकारियों की संस्तुति से कमेटियों का गठन का दायित्व सौंप दिए हैं। उन्होंने बताया कि निमंत्रण कमेटी में प्रधान सीता राम कौंडल, अमरनाथ मोहिला, दिलाराम, सूबेदार इंद्र कुमार, रमेश कैंथ, प्रभदयाल जोशी, राम चंद डांगी को शामिल किया गया है। जबकि संविधान जागरूकता रैली में सभी खंडों के प्रधानों के साथ यूथ विंग के राजेश कुमार, मनोहर लालए सरवण कुमार और मदन गोपाल को शामिल किया गया है। इसी के साथ मंच समिति में नंद लाल आचार्य जगजीत सिंह व कर्म सिंह, स्वागत समिति में मनसा राम, कश्मीर सिंह, रमेश कैंथ, सरोज कुमारी, मंजीत कौर व वीना सिंह, जलपान कमेटी में मनसा राम प्रधान अंबेडकर अनुसूचित जाति घुमारवीं, कश्मीर सिंह, बुद्धि सिंह, देवराज, भोजन व्यवस्था कमेटी के प्रमुख कर्म सिंह, एमएम भट्टी, कैप्टन ज्ञान चंद, विपन बंसल, व्यवस्था कमेटी दिलाराम प्रधान घुमारवीं खंड व कार्यकारिणी अपनी डयूटी संभालेंगे। इसके अलावा खरीद कमेटी में कर्म सिंह, रमेश कैंथ, सीता राम कौंडल, विपन बंसल, एमएम भट्टी को शामिल किया गया है।

मुख्यातिथि स्वागत और मंच सज्जा कमेटी बर्फी देवी प्रभारी होंगी इनके साथ मीरा देवी, विजय कालिया, बलदेव सिंह, तेग सिंह सहयोग करेंगे। वहीं साहित्य वितरण एवं निधि संग्रहण कमेटी में तुलसी राम, रूप सिंह, कर्म सिंह को कार्यभार सौंपा गया है। नंद लाल आचार्य ने बताया कि यह कार्यक्रम घुमारवीं के अंबेडकर भवन में मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियों को पूर्ण करने के लिए सभी पदाधिकारी एवं सदस्य जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि जिलास्तरीय इस कार्यक्रम को और भव्य बनाने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में समाज के उन मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा जो शिक्षा के क्षेत्र में बुलंदियों को छू रहे हैं या प्रयासरत है। आचार्य नंद लाल ने कहा कि बाबा साहेब का सपना भी यही था कि समाज का हर बच्चा शिक्षित बने ताकि समाजिक बंधनों को समझे और स्वाभिमान से अपना जीवन जी सके।

# 3 अप्रैल को होगी छिंज: कुलदीप गुलेरिया

बैठक

8 बैठक में कमेटी के पदाधिकारीयों, सदस्यों व शुभचिंतकों ने अपने बहुमूल्य सुझाव रखे



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** जय लखदाता छिन्ज कमेटी लूनापाणी-अरठी की दंगल-2024 की पूर्व तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन प्रधान महेंद्र सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में माता बाला सुंदरी मंदिर परिसर में किया गया। बैठक में कमेटी के पदाधिकारीयों, सदस्यों व शुभचिंतकों ने अपने बहुमूल्य सुझाव रखे ताकि हर वर्ष की भांति 3 अप्रैल को आयोजित होने वाली छिन्ज की सभी तैयारियां पूर्ण कर लीं जायें। कमेटी के प्रधान महेंद्र सिंह गुलेरिया ने बताया कि बड़ी माली विजेता 16100 और उप विजेता 14100 तथा छोटी माली 10100 और 9100 पुरुष वर्ग में रखी गई है इसके अतिरिक्त महिला पहलवानों के लिए भी सम्मानजनक आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। सचिव कुलदीप गुलेरिया ने बताया कि तीन अप्रैल को सुबह 11 बजे लूनापानी से मुख्य अतिथि की रहनुमाई में दंगल स्थल नजदीक माता बाला सुंदरी मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी व पूजा अर्चना के साथ ही मुख्य अतिथि दंगल का शुभारंभ करेंगे। दंगल में स्थानीय, प्रदेश व अन्य राज्यों के पहलवान भाग लेंगे। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष डॉ सतीश गुलेरिया, कोषाध्यक्ष मेहर सिंह, माता बाला सुंदरी मंदिर कमेटी के प्रधान रविंद्र गुलेरिया, उपप्रधान हरि सिंह, सह सचिव विशाल गुलेरिया और दयानंद जम्बाल, सहित आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएनबी कर्मी के साथ सवा दो लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुराना होशियारपुर रोड़ पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में कार्यरत्त एक कर्मी से करीब सवा दो लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई है। मामले को लेकर बैंक कर्मी ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात शातिर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बैंक कर्मी अक्षय कुमार निवासी अंबेहड़ा धीरज, बंगाणा ने बताया कि गत 29 मार्च को मेरे मोबाइल फोन एक लिंक आया, जिसे ओपन कर दिया। कुछ देर बाद मोबाइल फोन पर ओटीपी आने शुरू हो गए। अक्षक कुमार ने बताया कि शक होने पर अपने खाते चैक किए, तो पाया कि तीन अलग-अलग अकाऊंट से कुल 2,26,000 रुपए किसी डेबिट हुए हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि अज्ञात शातिर के खिलाफ अपने बैंक पीएनबी के साइबर सैल को शिकायत दी है। इसके उपरांत बैंक कर्मी ने ऊना पुलिस चौकी में शिकायत दी। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### पूर्व भाजपा विधायक एवं मंत्री राम लाल मार्कण्डेय को किसी भी कीमत पर न दिया जाए टिकट: ज्ञाल्सन ठाकुर

**नरेंद्र अंगारिया**

**केलांग:** जिला लाहुल स्पीति कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर ने जिला लाहौल स्पीति कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं के आह्वान पर एक बार पुनः राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्षा प्रतिभा सिंह से आग्रह किया है कि आगामी उपचुनाव में पार्टी की टिकट किसी भी कीमत पर पूर्व भाजपा के विधायक एवं मंत्री राम लाल मार्कण्डेय को पार्टी में शामिल कर न दिया जाए। लाहुल कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सहगल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि ज्ञाल्सन ठाकुर ने कहा कि केलांग में 21 मार्च को कांग्रेस पार्टी की बैठक में भी सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा था कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को टिकट न दे कर पार्टी के किसी समर्पित कार्यकर्ता को यदि उपचुनाव का टिकट मिलता है तो सभी इच्छुक उम्मीदवार एकजुटता के साथ जिला लाहौल स्पीति से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक देंगे। उन्होंने कहा कि जनता पूर्व भाजपा विधायक राम लाल मार्कण्डेय को कांग्रेस पार्टी में शामिल कराने के पक्ष में नहीं है अतः जनता का मत भी है कि दोनों पुराने नेताओं को लाहौल स्पीति की जनता आजमा चुकी है अब किसी नए चहेरे को जिला का प्रतिनिधित्व करने का मौका देना चाहती है। इसी प्रकार कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्यारेलाल शर्मा का भी कहना है कि पूर्व भाजपा के मंत्री कांग्रेस पार्टी में शामिल न करने का विरोध केलांग ओर उदयपुर ब्लॉक के अध्यक्ष कार्यकताओं के साथ कर चुके हैं और स्पिति ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता भी मार्कण्डेय को पार्टी में शामिल करने की खबर को लेकर काफी नाराज हैं। इसलिए पार्टी हाई कमान इस बार पर गहनता से विचार करे।

### रोहड़ू में युवक की पीट-पीट कर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**शिमला**

अप्पर शिमला के रोहड़ू उपमण्डल में एक युवक की हत्या कर दी गई। रोहड़ू पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। यह वारदात रोहड़ू के अस्तानी गांव के पास हुई। मृतक की पहचान कमल (30) के तौर पर हुई है। गिरफ्तार आरोपित नेपाली मूल का रवि है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों युवक रोहड़ू में मजदूरी करते हैं और एक दूसरे के परिचित थे। शनिवार देर शाम किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और रवि ने पीट-पीट कर कमल को मौत के घाट उतार दिया।अस्तानी गांव निवासी खुशी राम ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि शनिवार शाम जब वह घर लौट रहा था तब सड़क के बीचों बीच खून से लथपथ एक युवक गिरा हुआ था। उसके सिर से खून बह रहा था। शिकायतकर्ता के मुताबिक सड़क पर गिरा पड़ा युवक कमल था और रवि भी घटनास्थल पर मौजूद था।

### पूर्व विधायक जगजीवन पाल व परस राम की कांग्रेस में वापिसी

**शिमला**

कांग्रेस कमेटी अनुशासन समिति की अध्यक्ष विप्लव ठाकुर के अनुमोदन के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला की स्वीकृति से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जगजीवन पाल व आनी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता परस राम व पूर्व जिलाध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर का कांग्रेस पार्टी से उनका निष्कासन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने इस संदर्भ में आज अधिसूचना जारी कर दी है।

# जोगिंद्रनगर में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी कांग्रेस में हुए शामिल :जीवन

दामन

8 जीवन ठाकुर ने उन्हें विश्वास दिलवाया है कि उनके घर के दरवाजे सभी के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे



**संगराय**

**जोगिंद्रनगर:** रविवार को जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के दो दर्जन से अधिक बूथ, ब्लाक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार की नीतियों, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्य प्रणाली एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर पर विश्वास जताते हुए कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने कहा की आज प्रदेश सरकार की नीतियों व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के दो दर्जन से अधिक कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने कांग्रेस का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जमीनी परिपेक्ष को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहे है उन सभी से प्रभावित होकर इन सभी भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारी ने कांग्रेस का दामन थामा है। जीवन ठाकुर ने उन्हें विश्वास दिलवाया है कि उनके घर के दरवाजे सभी के लिए 24 घंटे खुले रहेंगे एवं सभी को एक बराबर मान सम्मान दिया जाएगा।जिनमें दीपा कुमारी महिला मंडल प्रधान चौंतड़ा व बीजेपी सदस्य, रजनी देवी चौंतडा बीजेपी सदस्य, ओम चंद वार्ड मेंबर लांगणा बीजेपी सदस्य, आयुष ठाकुर लांगणा बीजेपी मेंबर, विनोद कुमार मैंन भरोला बूथ अध्यक्ष बीजेपी, अनिल कुमार गुम्मा पूर्व सह सचिव भाजपा युवा मोर्चा, ज्योति प्रकाश पूर्व भाजपा बूथ अध्यक्ष नौहली, देवेंद्र सिंह भाजपा बूथ अध्यक्ष, देश राज बूथ अध्यक्ष कोलंग, रवि सिंह लडवान बूथ अध्यक्ष, सुख देव मंढोता बूथ अध्यक्ष बीजेपी, भूमि सिंह पूर्व वार्ड मेंबर पूर्व बूथ अध्यक्ष भाजपा, राम सिंह पूर्व बूथ अध्यक्ष भाजपा, राकेश ठाकुर पूर्व प्रधान व बूथ अध्यक्ष भाजपा, नागेश ठाकुर द्राहल बूथ अध्यक्ष, विशाल कुमार बीजेपी सदस्य, विनोद धरवाल पूर्व प्रधान व्यापार मंडल व बीजेपी सदस्य, रविंद्र कुमार पूर्व उपाध्यक्ष बीजेपी युवा मोर्चा, राजेश चौहान पूर्व प्रधान बलह, लाल सिंह वार्ड मेंबर बिहू व बीजेपी सदस्य, रमेश चंद बिहू बीजेपी सदस्य, मान सिंह लड़ भडोल बीजेपी सदस्य, धर्म सिंह वार्ड मेंबर लड़ भडोल बीजेपी सदस्य, ज्योति प्रकाश भडोल बलह बीजेपी सदस्य, पीतांबर सिंह योरा भाजपा सदस्य, काहन सिंह रोपा पधर बीजेपी सदस्य, मुक्तयार सिंह कस बीजेपी सदस्य, सागर सिंह बीजेपी सदस्य, अंकुश कुमार लंगारा बीजेपी सदस्य।

# आईवी इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने इसरो में जा रचा इतिहास

**चमन शर्मा**

**शिमला:** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑगेर्नाइजेशन यानी इसरो ने युवा विज्ञान कार्यक्रम-2024 के लिए छात्रों की सेलेक्शन लिस्ट जारी कर दी है। राजधानी शिमला की दो छात्राओं ने टेस्ट पास कर के अपना नाम दर्ज करवा कर शिमला ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इस कार्यक्रम के तहत देश के 2 लाख से ज्यादा बच्चों ने आवेदन किया था जिसके अंतर्गत इसरो ने पूरे देश से 350 चयनित छात्रों के नाम और विवरण की सूची जारी की है। इस सूची में अंतरा और सुहाना ने अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज किया है।



अंतरा ठाकुर और सुहाना शर्मा शिमला के एक निजी स्कूल की छात्राएं हैं तथा नवी कक्षा में पढ़ती हैं। इसरो युविका कार्यक्रम का उद्देश्य युवा छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उभरते रुझानों से परिचित कराना तथा अधिक छात्रों को अनुसंधान और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित एसटीईएम में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।विद्यालय की प्रधानाचार्या चंद्रेश चौहान ने दोनो छात्राओं और उनके परिवारों को बधाई देते हुए इस गर्व के अवसर पर खुशी जाहिर की तथा इन छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।चयनित्र छात्र एवं छात्राएं दो हफ्ते के लिए इसरो केंद्र में रहेंगे तथा उनके वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों से अंतरिक्ष के बारे में ज्ञान लेंगे। गौरतलब रहे कि इस पूरे प्रोग्राम का खर्चा इसरो द्वारा स्पॉन्सर किया जाएगा।

### बकरी चराने गई किशोरी हुई लापता

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना बंगाणा के तहत एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी अचानक घर से लापता हो गई। मामले को लेकर पिता ने बंगाणा पुलिस के पास गुमशुदगी की शिकायत दी है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पिता ने बताया कि मेरी बेटी गत शनिवार सुबह घर से रोजाना की तरह बकरी चराने के लिए गई हुई थी। लेकिन देर शाम तक घर शाम नहीं पहुंची। काफी तलाश के बाद भी बेटी का कोई पता नहीं चला। बेटी की तलाश में जंगल की ओर गया, जहां बकरियां तो मिल गई, लेकिन बेटी नहीं मिली।

# बिकने वाले की कीमत दो कौड़ी की नहीं रहती : कांग्रेस

उत्पीड़न

8 पुरानी पेंशन माँगने पर सरकारी कर्मचारियों का उत्पीड़न हुआ और उनका मजाक बनाया गया।

**विधायक** हरीश जनार्था व सुरेश कुमार ने कहा है कि पाला बदल कर भाजपा का दामन थामने वाले कांग्रेस के छह बागियों ने अपना ईमान बेचा और हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि बिकने वाले इंसान की कीमत दो कौड़ी की नहीं रह जाती है। राज्यसभा चुनाव के दौरान छह बागियों ने न सिर्फ पार्टी के साथ दगाबाजी की,



बल्कि अपने चुनाव क्षेत्र की जनता की भावनाओं का अपमान भी किया। मात्र सवा साल पहले यह सभी कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर विधानसभा चुनाव लड़े और कांग्रेस पार्टी की नीतियों में विश्वास करते हुए मतदाताओं ने इन्हें विजयी बनाया, लेकिन अपने निजी स्वार्थ के चलते अब इन्होंने जनता पर उप-चुनाव का अनावश्यक बोझ



थोप दिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी से दगाबाजी करने वालों और अपने चुनाव क्षेत्र की जनता का भरोसा तोड़ने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। यह तय है कि सभी छह विधानसभा सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी होंगे और बागियों की हार निश्चित है। प्रदेश की जनता बागियों की कारगुजारियों पर थू-थू कर रही है और अब उनकी झूठी बातों में प्रदेश की जनता आने वाली नहीं है।

हरीश जनार्था व सुरेश कुमार ने कहा कि सभी बागियों को प्रदेश की जनता को बताना चाहिए कि उन्होंने अपने ईमान की क्या कीमत लगाई है। क्यों वह भाजपा के हाथ की कठपुतली बने हुए हैं। एक महीने तक प्रदेश से बाहर रहने पर उनके फाइव स्टार होटलों का खर्च, उनके हेलिकॉप्टर व चार्टर्ड प्लेन में सैर सपाटे का खर्च किसने उठाया। उन्होंने कहा कि जिस भाजपा सरकार के कार्यकाल में पेपरों की नीलामी हुई, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ, पुरानी पेंशन माँगने पर सरकारी कर्मचारियों का उत्पीड़न हुआ और उनका मजाक बनाया गया।

# अपनी ही सरकार से निराश विक्रमादित्य अब बेतुकी ब्यानवाजी पर उतारू: शौरी



भड़ास

8 अपनी ही सरकार से निराश मन्त्री विक्रमादित्य सिंह अपनी भड़ास निकालने के लिए बहाने ढूँढ रहे हैं।

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** प्रदेश में लोकसभा चुनावों को दो माह का समय रह गया है व भाजपा ने चारों संसदीय क्षेत्रों से अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। उम्मीदवार घोषित होते ही प्रदेश में चुनावी सरगर्मी भी चढ? लगी है। मंडी संसदीय सीट से इस बार भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रानौत को टिकट देकर अपना उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में सभी विपक्षी दलों ने नए उम्मीदवार पर जुबानी हमला शुरू कर दिया है। मंडी संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद के पुत्र व वर्तमान सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कंगना रानौत से प्रदेश में बरसाती आपदा के समय में प्रदेश में उनकी उपस्थिति पर सवाल उठाया है। आज बंजार में विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि अपनी ही सरकार से निराश मन्त्री विक्रमादित्य सिंह अपनी भड़ास निकालने के लिए बहाने ढूँढ रहे हैं। आपदा के दौर में दूसरों की भूमिका पर सवाल उठाने वाले अपनी भूमिका भी स्पष्ट करें। आपदा से प्रभावितों को अभी तक पूर्ण रूप से क्षतिपूर्ति नहीं हो पाई है। केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना व प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत प्रदेश की जनता को मिली राहत पर भी कांग्रेस सरकार प्रदेश की जनता को बरगलाने की कोशिश कर रही है। प्रदेश सरकार के स्तर पर किए गए राहत कार्यों की हालत सभी के सामने हैं। भाजपा ने मंडी संसदीय क्षेत्र से एक सशक्त उम्मीदवार को मैदान में उतारा है, जो जनता की आवाज बुलंद करने में पूरी तरह सक्षम है। धरातल पर भाजपा की लोकप्रियता व वर्तमान संसद से हताशा से कांग्रेस घबरा गई है और अभी तक अपना उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। खुद शिमला में डट्टे रहने वाले अब संसदीय क्षेत्र में उपस्थिति पर सवाल कर रहे हैं। शीर्ष नेतृत्व ने जनता की माँग के अनुरूप एक बेबाक, राष्ट्रवादी व सक्षम उम्मीदवार को टिकट दिया है।

# कुटलैहड़ में कांग्रेस पार्टी की जीत का शुरू हुआ सिलसिला रहेगा जारी: देसराज

जीत

8 कांग्रेस कार्यकताओं की बदौलत लंबे अरसे बाद कांग्रेस पार्टी की जीत हुई है।

**राजन पुरी**

**ऊना:** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी की जीत का शुरू हुआ सिलसिला अब थमने वाला नहीं है। कांग्रेस कार्यकताओं की बदौलत लंबे अरसे बाद कांग्रेस पार्टी की जीत हुई है। अब 1 जून को होने वाले उपचुनाव में भी कांग्रेस पार्टी की जीत पक्की है। यह बात प्रदेश कांग्रेस के सचिव व खादी



ग्रामोद्योग के उत्तरी भारत क्षेत्र के चेयरमैन देसराज गौतम ने रविवार को ऊना के निजी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। प्रदेश कांग्रेस के सचिव देसराज गौतम ने कहा कि कपड़ो की तरह पार्टी बदलने वाले को कुटलैहड़ की जनता उपचुनाव में आईना दिखाएगी। देसराज गौतम ने कहा कि जनता ने 6 विधायकों को पांच साल तक विधानसभा में उनकी आवाज उठाने के लिए चुना था, लेकिन इन विधायकों ने जहां कांग्रेस की सरकार को अस्थिर करने का काम किया। वहीं अपने अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता द्वारा दिए गए जनादेश का भी अपमान किया है। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। देसराज ने कहा कि जिसे पार्टी ने टिकट देकर विधानसभा पहुंचाया, उसने ही पार्टी के साथ गद्दारी की। गद्दारी करने वालों का क्या हश्र होता है, ये सभी जानते है। देसराज गौतम ने कहा कि कुटलैहड़ में अब कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव लड? वाले कई सशक्त उम्मीदवार हैं। हम भी पार्टी के साथ वर्ष 1998 के साथ खड़े हैं और पार्टी को मजबूत करने का काम पिछले 26 वर्षों से किया है। अगर पार्टी हाईकमान मुझ पर विश्वास जताकर टिकट देती है, तो पार्टी के विश्वास पर खरा उतरेंगे। अगर पार्टी किसी युवा चेहरे को मैदान में उतारना चाहती है, तो शोभित गौतम सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में क्षेत्र में डटे हुए है, जो पार्टी के काम कर रहे है और आगे भी करेंगे।

शोभित गौतम जीते हुए बीडीसी सदस्य है, इससे साफ है जनता को युवा चेहरे पर विश्वास है। उन्होंने कहा कि पार्टी हाइकमान कांग्रेस के किसी भी कार्यकर्ता को टिकट देती है, तो उसकी जीत के लिए पूरी मेहनत की जाएगी। गौतम ने कहा कि आने वाले उपचुनाव में इन बागी विधायकों को जनता पूरी तरह से नकार देगी।

उन्होंने कुटलैहड़ में कांग्रेस के एकजुट होने का दावा करते हुए कहा कि सभी नेता व कार्यकर्ता पार्टी को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे है। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी को क्षेत्र से बढ़त दिलाने के लिए काम किया जाएगा। इस अवसर पर बीडीसी सदस्य शोभित गौतम, मदनपुर प्रधान गुरवचन सिंह, चलोला प्रधान कुलदीप सिंह, सुखदेव सिंह, सूबेदार मेजर बलविंदर सिंह, कैप्टन धर्मपाल, गुरवचन सिंह, दलजीत सिंह, परवीन जोशी, कमल शर्मा, प्रेम चंद, अनिल शर्मा, धर्मवीर शर्मा, मोहित शर्मा व अर्पित सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सीएम ने किया अश्विनी गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट के रक्तदान कैंप का उद्घाटन

## रक्तदान के लिए उमड़े युवा, डॉक्टरों की टीमों ने किए 226 यूनिट एकत्रित

**पंचकूला**
**मुख्यमंत्री नायब सिंह** सैनी ने रविवार को सेक्टर 16 स्थित अग्रवाल भवन में अश्विनी गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में 226 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रेमजी गोयल, राज्यमंत्री असीम गोयल, संत संपूर्णानन्द ब्रह्मचारी, डॉ. अमृता दीदी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवा चुके शिव कांवड़ महासंघ के अध्यक्ष राकेश संगर, 234 बार रक्तदान कर चुके पारस राज शर्मा, 22 राज्यों में 160 बार के रक्त दे चुके रणदीप बत्ता, रक्तदान के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम



दर्ज करवा चुके राकेश रसिला और 114 बार के दानी अजय गुप्ता को सम्मानित किया गया। राकेश संगर हर साल 350 कैंप आयोजित कर करीब 20 हजार यूनिट रक्त एकत्रित करवाते हैं। अश्विनी गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि शिविर के दौरान 226 युवाओं ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि कुल 272 लोग रक्तदान करने पहुंचे थे, लेकिन डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य मानकों के आधार पर 46 लोगों का रक्त लेने से इंकार कर दिया। गुप्ता ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रेमचंद गोयल, राज्यमंत्री असीम गोयल, संत संपूर्णानन्द ब्रह्मचारी, डॉ. अमृता दीदी का आभार प्रकट किया। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि एक सड़क हादसे में उनके बेटे अश्वनी गुप्ता की आकस्मिक मृत्यु हुई थी। अगर समय पर रक्त मिल जाता तो शायद उनकी जान बच सकती थी। परिवार ने उसी वक्त अश्वनी के विचारों और कार्यों को निरंतर जारी रखने के लिए इस ट्रस्ट के गठन का निर्णय लिया। गत 16 वर्षों से यह ट्रस्ट उसी भावना से कार्य कर रहा है। शिविर में अश्वनी गुप्ता के बेटे पार्थ गुप्ता ने भी दूसरी बार रक्तदान किया। इस अवसर पर पार्थ ने कहा कि उसके पिता ने जो संकल्प लिया था, उसे वे पूरा करेंगे। चंडीगढ़ पीजीआई और पंचकूला सिविल अस्पताल की दो टीमों ने रक्त का संग्रहण किया। इस दौरान रेडक्रॉस की भूमिका की भी सराहना की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अश्विनी गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट अनेक वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य कर रहा है। रक्तदान के महान कार्य से आपात परिस्थिति में जरूरतमंदों की जान बचाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों से युवाओं को समाज के लिए कुछ विशेष करने की प्रेरणा जगती है। ट्रस्ट ऐसा करके युवाओं का सही मार्गदर्शन कर रही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रेमचंद गोयल ने कहा कि अश्विनी गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट का प्रयास समाज में यह भाव जागृत कर रही है कि मेरे शरीर का रक्त सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए है। यहां से प्रेरणा लेकर जाए कि मुझे अपने लिए नहीं अपितु समाज के लिए जीना है। आज सिर्फ दान के लिए रक्त नहीं दे रहे, बल्कि समाज के लिए एक कर्तव्य का भी निर्वहन कर रहे हैं।

# रोहित सरदाना बने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रधान

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। इंडियन** मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आज स्थानीय होटल में नमन 2023-24 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. योगेश शर्मा, पूर्व निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा और डॉ. सचिन सूद, सीईओ पार्क हॉस्पिटल करनाल रहे। निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. रोहित सदाना (नेत्र सर्जन, विर्क अस्पताल) ने वर्ष 2024-25 के लिए आईएमए करनाल शाखा के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला। आईएमए करनाल की पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्य डॉ. ज्योति गुप्ता और पूर्व अध्यक्ष डॉ. नवीन गुप्ता ने डॉ. रोहित सदाना को मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। इस अवसर पर




डॉ. सदाना ने महासचिव के रूप में डॉ. सचिन परुथी, वित्त सचिव के रूप में डॉ. आरती कौशल और संयुक्त सचिव के रूप में डॉ. मुनीष गुप्ता के साथ डॉ. रौली सूद का परिचय दिया। डॉ. रोहित सदाना ने आईएमए के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में निवेश करके समाज की भलाई के लिए काम करेंगे। इसे हासिल करने के लिए आईएमए का हर सदस्य मिलकर काम करेगा। हम उपचार के अपने मूल्यों और रोगियों के प्रति प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करेंगे। जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम जनता की देखभाल, सामाजिक कार्यक्रमों और शिक्षा के माध्यम से लोगों के उत्थान के लिए काम करेंगे। रोग मुक्त और स्वस्थ समाज के लिए काम करेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध हथियारों की धरपकड अभियान के अंतर्गत अवैध हथियार सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनीपतः जिले की** क्राईम युनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी नरेंदर पुत्र जीत सिंह निवासी जुआ हाल श्याम नगर, सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि गत 31 मार्च को क्राईम युनिट वेस्ट सोनीपत में नियुक्त मुख्य सिपाही अनिल अपनी पुलिस की टीम के साथ अपराधियों एंव असामाजिक तत्वों की खोज में ककरोई चौक, शहर सोनीपत था कि खुफिया जानकारी मिली की नरेन्द्र निवासी जुआ अवैध पिस्तोल लिये हुये सोनीपत से महलाना रोड पर गढी गैट नजदीक पार्क सोनीपत पर किसी के ईन्तजार मे खडा है। जिसने नीले रंग की पाजामी व महरुम रंग की टीशर्ट पहने हुये है। अगर तुरन्त रेड की जावे अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। उपरोक्त सुचना पर पुलिस टीम ककरोई रोड, गढी गैट नजदीक पार्क सोनीपत पर पहुची तो एक नौजवान मुखबर खास द्वारा बतलाये गये कपडे पहने हुये दिखाई दिया जो पुलिस की गाडी को देखकर एक दम घबराकर वापिस मुडकर चलने लगा। जिसपर पुलिस पार्टी द्वारा तुरंत लड़के को काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपनी पहचान नरेंदर पुत्र जीत सिंह निवासी जुआ हाल श्याम नगर, सोनीपत के तौर पर दी जिसकी पहनी हुई पाजामी की दाहिनी जैब से एक अवैध देसी पिस्तौल 32 बोर व दो जिन्दा रौंद मिले। इस घटना का अवैध हथियार अधिनियम के अन्तर्गत थाना शहर सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया। क्राईम युनिट वेस्ट सोनीपत (उक्अ-1) की अनुसंधान टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही अनिल ने अपनी पुलिस टीम के साथ आरोपी नरेंदर पुत्र जीत सिंह निवासी जुआ हाल श्याम नगर, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफतार आरोपी को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाजपा सांसद की गाड़ी का हुआ एक्सीडेंट

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नेशनल हाईवे** स्थित मयूर ढाबे के सामने दिल्ली से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की गाड़ी को पीछे से इनोवा गाड़ी ने टक्कर मार दी। इस दौरान 4 गाडि?ां एक के बाद एक आपस में टकरा गई। हालांकि किसी कार सवार को हादसे में चोट नहीं आई। घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस व डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची।मौके पर मौजूद गाड़ी चालकों ने बताया कि करीब 20 से 25 कार चालक गलत साइड से आ रहा थे, जिसे बचाने के चक्कर में पहले कार चालक ने अचानक से बीच सडक में ही ब्रेक लगा दिए। जिसके बाद एक-एक कर 4 गाडि?ों की आपस में टक्कर हो गई। कुछ ही देर बाद उस सडक पर हादसे से पीछे कुछ दूरी पर और गाडि?ां आपस में टकरा गई। इससे नेशनल हाईवे पर लंबा जाम लग गया। इस हादसे में पीछे से 2 नंबर की वेन्यू गाड़ी में दिल्ली से भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी की गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस गाड़ी में सांसद नहीं बल्कि उनके रिश्तेदार थे। इनमें एक महिला और कुछ बच्चे थे। सभी दिल्ली से चंडीगढ़ की तरफ जा रहे थे। गाड़ी ड्राइवर चला रहा था और अन्य सभी गाड़ी में सो रहे थे।

### दिन-दिहाड़े किडनैपिंग केस में हुआ खुलासा

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल में युवक** और 2 महिलाओं के किडनैपिंग केस में बड़ा खुलासा हुआ है। महिला ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि युवक ने उसके साथ गलत काम करने की कोशिश की। साथ ही उसे ब्लैकमेल कर अपने साथ ले गया। इसके बाद पति ने मौके पर पहुंचकर उसे और फ्रेंड को सौरव से छुड़ाया। उधर, सिविल लाइन थाना पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी की शिकायत पर किडनैपिंग का भी केस दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विकास नगर की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी नरेला में हुई थी। वह एक महीने से अपने मायके करनाल आई हुई थी। 29 मार्च को उसकी फ्रेंड की कॉल आई और हमने घूमने का प्रोग्राम बनाया। इसके बाद उसकी फ्रेंड के 2 दोस्त अपनी गाड़ी लेकर आए। दोनों कार सवार हमें हाइवे की तरफ लेकर गए और वहां से उन्होंने एक शराब की बोतल ली। आरोपियों ने सॉफ्ट ड्रिंक कहकर हमें दारू पिला दी। इसके बाद उसकी फ्रेंड ने कहा कि गाड़ी मैं चलाऊंगी।

# भाजपा सभी दस लोकसभा सीटों पर रिकॉर्डतोड़ मतों से जीत दर्ज करेगी: मनोहर

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। भाजपा प्रदेश** की सभी दस लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड तोड मतो से जीत दर्ज करेगी। भाजपा सरकार ने बिना पर्ची, बिना खर्ची के युवाओं को नौकरियां प्रदान कर रिकार्ड बनाया है। सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जनकल्याण के कार्यो को गिनवाते हुए नरेंद्र मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए लोगों से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करें। उपरोक्त विचार पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी मनोहर लाल ने सालवन स्थित गंगाराम पैलेस में असंध विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहे। मनोहर लाल का पूर्व विधायक



बख्शीश सिंह विर्क ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यकत्ता सम्मेलन में सांसद संजय भाटिया, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा व पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने भी शिरकत की। इससे पूर्व दूपेडी स्थित हीरा राईस मिल में पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चोचड़ा के पूर्व सरपंच एवं जेजेपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोशन लाल शर्मा ने जेजेपी छोडकर पूर्व विधायक बख्शीश सिंह के नेतृत्व में अपने सैकड़ों समर्थकों सहित भाजपा में अपनी आस्था जताई। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूर्व सरपंच रोशन लाल शर्मा का पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित सभी कार्यकताओं ने करनाल लोकसभा से मनोहर लाल को रिकॉर्ड तोड़ मतों से जिताने का प्रण लिया। मनोहर लाल ने कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जनकल्याण के कार्यों को गिनवाते हुए मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करेगें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें, इसके लिए सभी को मिलकर काम करना है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्यकताओं को उनकी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि जनता के बीच केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताएं। उन्होंने कहा कि जो भी जिम्मेदारी उन्हें मिले, उसे शत प्रतिशत पूर्ण करना है। सांसद संजय भाटिया ने कहा कि भाजपा चुनावी मोड में है और कार्यकर्ता दिन रात जुटे हुए हैं।

# जिला शिकायत कमेटी का किया गया गठन

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने आगामी लोकसभा व विधानसभा करनाल उप-चुनाव के मद्देनजर नकदी और अन्य वस्तुओं की जब्ती और रिहाई के केसों की समीक्षा के लिए जिला शिकायत कमेटी गठित की गई है। इसमें सीईओ जिला परिषद, जिला चुनाव कार्यालय के चुनाव खर्च निगरानी कमेटी के नोडल अधिकारी तथा जिला कोषाधिकारी शामिल हैं। जिला शिकायत कमेटी से संपर्क करने के लिए सीईओ जिला परिषद कार्यालय तथा दूरभाष नम्बर 0184-2983072 व 0184-2980035 पर संपर्क किया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि चुनाव के दौरान किसी भी स्थिति में जब्त की गई



नकदी/मूल्यवान वस्तुओं से संबंधित मामले को मतदान की तारीख के बाद 7 (सात) दिनों से अधिक समय तक मालखाना या कोषागार में लंबित नहीं रखा जाएगा, जब तक कि कोई एफआईआर/शिकायत दर्ज न की गई हो।

# चुनाव में प्रयोग होने वाली लगभग 195 वस्तुओं के रेट किए निर्धारित: उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा व करनाल विधानसभा के उपचुनाव मे उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले खर्च के आंकलन के लिए जिला प्रशासन द्वारा चुनाव में प्रयोग होने वाली लगभग 195 वस्तुओं के रेट निर्धारित किए हैं। इनमें विभिन्न प्रकार के वाहन जैसे लग्जरी गाडि?ां, थ्री व्हीलर, ई रिक्शा, ट्रक, टेंपो, टेंट से संबंधित आईटम्स, लेखन सामग्री, रिफ्रेशमेंट से संबंधित खाद्य सामग्री, विज्ञापन व प्रचार सामग्री तथा अन्य फुटकर वस्तुएँ शामिल हैं। उपायुक्त रविवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के



पदाधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उपायुक्त ने बताया कि चुनाव में प्रयोग होने वाली इन सभी वस्तुओं की दर निर्धारित करने के लिए जिला प्रशासन की कमेटी ने बाजार रेट की विस्तृत समीक्षा की है तथा किराए पर ली जाने वाली वस्तुओं का रेट निर्धारण करते समय शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के रेटों को भी ध्यान में रखा गया है। उन्होंने बैठक में मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि कमेटी द्वारा चुनाव में प्रतिदिन के हिसाब से प्रयोग किए जाने वाले वाहनों जैसे जीप के लिए 1300 रुपये, स्विफ्ट/इंडिगो एक हजार रुपये, टैंपो एक हजार रुपये, स्कोर्पियो 2 हजार रुपये, इनावो 3 हजार रुपये, थार/जैगुआर/ऑडी/एमजी हैक्टर/मर्सिडिज बैंज/लैंड रॉवर रेंज रॉवर/बीएमडबल्यू के लिए 5 हजार रुपये निर्धारित किए हैं। इसी प्रकार वोल्वो बस 20 सीटर के लिए 5 हजार रुपये, 32 सीटर के लिए 6 हजार रुपये, 48 सीटर वोल्वो बस के लिए 7 हजार रुपये तथा ट्रैक्टर ट्रॉली के लिए 2 हजार रुपये प्रतिदिन निर्धारित किए गए हैं तथा सामान्य बस के लिए क्षमता अनुसार 3 हजार से लेकर 6 हजार रुपये प्रतिदिन तय किए गए हैं। इसी प्रकार दस पहिया ट्रक के लिए 6 हजार रुपये, 14 पहिया ट्रक के लिए 6500 रुपये तथा 18 पहिया व इससे अधिक के लिए 8 हजार रुपये प्रतिदिन रेट निर्धारित किया गया है। ई-रिक्शा के लिए 800 रुपये, थ्री व्हीलर के लिए 1200 रुपये, ईको वैन के लिए 2200 रुपये तथा टाटा 407 व छोटा हाथी के लिए 3500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से कमेटी द्वारा रेट निर्धारित किया गया है। इन रेटों के अतिरिक्त ड्राईवर के मानदेय 800 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से तय किया गया है। उपायुक्त ने टैंट इत्यादि आईटमों के रेट बारे जानकारी देते हुए बताया कि मेज का किराया 35 रुपये प्रतिदिन, मेज कवर 25 रुपये, मेज फ्रिल 25 रुपये, कुर्सी 15 रुपये, कुर्सी कवर 10 रुपये, सीलिंग 15 बाई 15 - 390 रुपये, दरी 30 रुपये, पंखा 200 रुपये, पानी वाला पंखा 300 रुपये, एसी 3500 रुपये, कालीन 60 रुपये, सोफा कवर सहित 400 रुपये तथा सोडियम लाईट 275 रुपये प्रतिदिन रेट निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार प्रचार में प्रयोग होने वाले फलैक्स का रेट भी 10 रुपये प्रति वर्ग फुट से लेकर 30 रुपये प्रति वर्ग फुट तक निर्धारित किया गया है। प्रचार के लिए प्रयोग होने वाले ई-रिक्शा व थ्री व्हीलर साउंड सिस्टम व उसके ऑपरेटर सहित के लिए 2 हजार रुपये प्रतिदिन तय किए गए हैं। रिफ्रैशमेंट में चाय 8 रुपये प्रति, दूध पत्ती 10 रुपये प्रति तथा कॉफी 15 रुपये प्रति कम, समोसा व ब्रैड 10 रुपये, पकोड़ा 230 रुपये प्रति किलोग्राम, लड्डू 150 रुपये प्रति किलोग्राम तथा बिस्कुट बेकरी 150 रुपये प्रति किलोग्राम सहित कुछ अन्य खाद्य वस्तुओं के लिए प्रिंट रेट निर्धारित किए गए हैं।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ संगठित होकर लड़ना जरूरी: संजय

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** मनोहर लाल के पूर्व प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि आज के दौर में देश और समाज को भ्रष्टाचार दीमक की तरह नष्ट कर रहा है। इस बीमारी से संगठित होकर लड ?ा जरूरी है। आज भ्रष्टाचार भारत में अपनी जड़े मजबूत कर चुका है। राष्ट्र के प्रति प्यार और समर्पण का भाव भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सशक्त हथियार बन सकता है।

वह करनाल मानव सेवा संघ के सभागार में एंटी करप्शन ब्यूरो ऑफ इंडिया द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड? वाले योद्धाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम जज्बे को सलाम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में



विशिष्ट अतिथि डा. केके संधू, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सेलिब्रेटीज शिवानी राघव व निशा सोनी उपस्थित थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर बोलते हुए डा. केके संधू ने कहा कि आज एंटी करप्शन ब्यूरो ऑफ इंडिया के बैनर नीचे भ्रष्टाचार के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ रहे है। देश और समाज के लिए भ्रष्टाचार एक दीमक की तरह है। जिस तरह से दीमक हरे भरे पौधे को जड़ से खत्म कर देता है। इसी तरह भ्रष्टाचार देश के लिए बहुत बड़ा खतरा है। वैसे तो हमारी सरकारें भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए पूरी कोशिश कर रही है, लेकिन फिर भी भ्रष्टाचार से संबंधित मामले सामने आते रहते है। राष्ट्रहित के लिए भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर जरूरतमंद परिवार की महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की गई। जज्बे को सलाम कार्यक्रम में समाज सेवा की अलग-अलग आयामों को लेकर चर्चा की गई।

इस अवसर पर पचास से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया। एंटी करप्शन ब्यूरो ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश जिन्दल ने बताया कि उनकी संस्था चार साल से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है, वहीं समाजसेवा कार्यो में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। उनकी संस्था पूरे देशभर में फैली हुई है। कार्यक्रम में मंच संचालन राजेंद्र ने किया। वहीं दूर-दराज से पहुंचे लोगों को भी सम्मानित किया गया।

# अज्ञात चोर डेयरी से नकदी, पनीर और क्रीम लेकर हुए फरार

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के कस्बा** तरावड़ी में अज्ञात चोरों ने एक डेयरी को अपना निशाना बनाया। बेखौफ चोर दुकान के अंदर घुसे और पनीर, क्रीम व नकदी चुराकर ले गए। चोरों की हरकत दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पीडित ने सीसीटीवी फुटेज को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तरावड़ी के सहिदा मोहल्ले में रहने वाले अमन गाबा की वासुदेव चक्की के पास दुकान है, जहां पर वह दूध से बने प्रोडक्ट बेचता है। बीती रात करीब एक बजे 3 चोर उसकी दुकान में दाखिल हुए। सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीरों में एक चोर डी-फ्रिज में रखा पनीर व क्रीम निकाल रहा है तो दूसरा चोर गल्ले से नकदी चोरी कर रहा है। चोरी करने के बाद तीनों चोर हाथों में सामान लेकर जाते हुए भी नजर आ रहे हैं। दुकानदार अमन ने बताया कि उसकी दुकान से 50 हजार रुपए की नकदी और डेयरी से 15 किलो पनीर, 5 किलो क्रीम मक्खन व अन्य सामान चोरी हुआ है। पीडित ने सीसीटीवी कैमरे में दिखे चोरों की पहचान कर ली है और सबूतों के साथ शिकायत पुलिस को की है।

# व्यापारियों और सामाजिक संगठनों को पार्टी से जोडने के लिए गांव-गांव जाएं कार्यकर्ता: रशमी

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। प्रदेश भाजपा** विशेष संपर्क अभियान की सह संयोजिका रशमी खेत्रपाल और करनाल लोक सभा विशेष सम्पर्क प्रमुख सुभाष चन्द्र ने रविवार को पार्टी कार्यालय कर्ण कमल में करनाल जिला के विशेष संपर्क अभियान से जुड़े पदाधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने पार्टी के प्रमुख कार्यक्रम, दीवार लेखन, व्यापारियों, महिला स्वयं सहायता समूह और एनजीओ संपर्क, पार्टी में ज्वॉइनिंग और लाभार्थी संपर्क अभियान की प्रगति जानी और आगामी दिनों में विशेष संपर्क अभियान को तेज करने पर



विचार विमर्श किया।बैठक में रशमी खेत्रपाल ने संगठन को हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अब बहुत कम दिन बचे हैं। इस अवधि में उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं से लेकर बूथ स्तर के कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे भाजपा की जीत के लिए पूरी ताकत के साथ जुट जाएं।

# विनय, समर्पण तथा सदाचार होने पर ही बालकों का सर्वतोमुखी विकास सम्भव: मुनि

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। वीयूएमएम जैन** पब्लिक स्कूल के रजत जयन्ती वर्ष में प्रवेश पर उन्नमुखीकरण कार्यक्रम भव्य रूप में धूमधामपूर्वक सम्पन्न हुआ। गणेश वंदना तथा जय मां भारती से कार्यक्रम का श्रीगणेश हुआ। क्रीडा नाटिका में विभिन्न खेलों तथा क्रीडा जगत की विख्यात हस्तियों का जीवन एवं परिचय दशार्या गया। मुख्य केन्द्रबिंदु उत्थान में भारत में पिछले समय में हुए तकनीकी, शैक्षणिक, सामाजिक और लैंगिक समानता के क्षेत्र में प्राप्त किए विकास तथा देशभक्ति की झलक दिखलाई गई। महाभारत नाटक में भगवान कृष्ण के उपदेशों की प्रासंगिकता, अन्ततोगत्वा बुराई पर अच्छाई की जीत तथा भक्त के मुसीबत से घिरने पर भगवान के दौड़े



चले आने का दृश्य बेहतरीन ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया गया। वीर सैनिकों के मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान को मंचित कर रहे कार्यक्रम ने दर्शकों की वाहवाही कमाई। छत्रपति शिवाजी के जीवन और कार्यों को दशार्ने वाली एकांगी ने मराठा संस्कृति से परिचित करवाया। आसाम का पारम्परिक नृत्य बीहू सभी को भावविभोर कर गया। तारों पर हैरतंगेज करतब करते विद्यार्थियों ने सभी की तालियां बटोरी और गोवा कार्निवल सभी दर्शकों की प्रसन्नता का अर्जन करने में कामयाब रहा।

संस्थान प्रेरक श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने शिक्षा को आजीविका कमाने और लौकिक सफलता तक सीमित न रखते हुए चारित्रिक विकास तथा नैतिकता से जोड? पर बल दिया। उन्होंने शिक्षकों को भावी सन्तति का आदर्श बतलाते हुए उन्हें विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों की स्थापना के साथ सर्वात्मना प्रयत्नशील होने की प्रेरणा दी। छात्रों में भी विनय, समर्पण, सदाचार होने पर ही उनका सर्वतोमुखी विकास सम्भव है। मुनि जी ने कहा कि आधुनिक शिक्षाप्रधान युग में हर अभिभावक अपनी सन्तान को सुशिक्षित बनाना चाहता है। विद्यालयों की बाढ़ आने पर भी विद्या का वास्तविक उद्देश्य समझ में नहीं आ रहा हैं। विभिन्न विषयों का परिज्ञान प्राप्त कर अहं का पोषण करना और आजीविका कमाना मात्र ही पर्याप्त नहीं है। नैतिक तथा चारित्रिक विकास के बिना सारी तरक्की अधूरी है। शिक्षा के दीप बढ़ते जाने पर भी अज्ञान का अंधकार बढ?ा दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसके लिए न्याय-नीति, धर्म से शिक्षा का सम्बन्ध टूटना जिम्मेदार है। शिक्षा मानव को सच्चा इंसान बनाने पर ही सफल मानी जा सकती है। मुख्य अतिथि शहरी विकास तथा आवास मंत्री सुभाष सुधा ने कर्मठ श्रमण श्री पीयूष मुनि जी महाराज के दिशानिर्देशन में संचालित श्री आत्म मनोहर जैन संस्थान समूह द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, सद्संस्कार सृजन, चरित्र निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा इन संस्थाओं द्वारा सुदृढ़, स्वस्थ्य एवं संस्कारी राष्ट्र के निर्माण में दिए जा रहे भागीरथ योगदान के लिए साधुवाद दिया।

# लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के चुनाव कार्यालय का हुआ शुभारंभ











**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** मॉडल टाउन इलाके के गुजरावाला टाउन में चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के चुनावी कार्यालय का भव्य शुभारंभ किया गया।

- चाँदनी चौक लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गुजरावाला टाउन इलाके में बनाया गया है चुनाव कार्यालय
- विधिवत हवन यज्ञ के बाद किया गया है चुनाव कार्यालय का उद्घाटन
- बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद

कार्यालय उद्घाटन से पूर्व विधिवत रूप से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सानिध्य संगठन महामंत्री पवन राणा, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ हर्षवर्धन के अलावा राज कुमार भाटिया पूर्व ज़िलाध्यक्ष, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, निगम पार्षद योगेश वर्मा, पूर्व विधायक महेंद्र नागपाल, चुनाव संयोजक अशोक गोयल देवराहा मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर विनोद तावड़े ने कहा कि सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जनकल्याण के कार्यों को गिनवाते हुए नरेंद्र मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए लोगों से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करें। अपने वक्तव्य में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने विरोधी पार्टियों पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने, आप और कांग्रेस को एक ही थाली का चट्टाबट्टा बताया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे।


**राजकुमार भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा:** देश में भाजपा की लहर है, हम इस बार 400 के पार से जीतेंगे। क्योंकि भाजपा की नीतियों व कार्यों से सभी वर्ग के लोग खुश है। क्योंकि पीएम मोदी ने देश में विकास करके दिखाया है।


**अशोक गोयल देवराहा, भाजपा नेता:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार अबकी बार 400 पार का आंकड़ा पार करेगी और प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे। कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करेंगे।


**महेन्द्र नागपाल, पूर्व विधायक:** आज भाजपा प्रत्याशी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। मैं सभी कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि सभी मजबूती से कार्य करें और भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये।


**रेखा गुप्ता, निगम पार्षद:** सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जनकल्याण के कार्यों को गिनवाते हुए नरेंद्र मोदी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए लोगों से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करें।


**योगेश वर्मा, निगम पार्षद: कार्यकर्ता** जनता के बीच मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएं। जो भी जिम्मेदारी उन्हें मिले, उसे शत प्रतिशत पूर्ण करना है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं और कार्यकर्ता पदाधिकारी के बदौलत मोदी सरकार 400 का आंकड़ा पार करेगी।

# शालीमार बाग: सेवा बस्ती में हुआ जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वार्ड** नंबर-55 शालीमार बाग के नेहरु कैंप सेवा बस्ती में भाजपा के द्वारा पूर्वांचल समाज के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने सभी पूर्वांचल के सम्मानित भाइयों-बहनों को संबोधित किया। कार्यक्रम में जिलाअध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर के अलावा मंडल अध्यक्ष व उनकी पूरी टीम, झुग्गी-झोपड़ी अभियान के जिला संयोजक, विधानसभा संयोजक, सेवा बस्ती के सभी प्रमुख कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी ने चांदनी चौक से लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतों से जीत दिलवाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद व सह संयोजक झुग्गी-झोपड़ी चुनाव अभियान दिल्ली प्रदेश सुजीत ठाकुर ने उपस्थित लोगों को भाजपा की नीतियों व कार्यों से अवगत कराया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास कर-के दिखाया है। भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है।

# संजय जैन की पुस्तक 'लम्स ए गजल' का हुआ लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: टू मीडिया** समूह के प्रांगण में वरिष्ठ गीतकार डॉ. रमा सिंह की अध्यक्षता और मुख्य अतिथि शिवकुमार बिलगरामी तथा मुख्य अतिथि डॉ. चेतन आनंद और राम अवतार बैरवा, विशिष्ट अतिथि, डॉ.ओमप्रकाश प्रजापति के सानिध्य साहित्य की सरिता प्रवाहित हुई। जिसमें सम्मानित मंच तथा डॉ.अवधेश तिवारी भावुक के सानिध्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव 'राज' (गीतकार और छंदकार और डॉ.उषा श्रीवास्तव 'उषाराज' (गजलकार व गीतकार) को विद्या वाचस्पति मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

# जहाँगीरपुरी: विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके में श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान कथा के आयोजन से पहले विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की शुरूआत जहांगीरपुरी आई ब्लॉक स्थित रामलीला मैदान से की गई और कलश यात्रा का समापन कथा स्थल पर हुआ। इसमें बहुताय की संख्या में सौभाग्यशाली महिलाओं एवं किन्नर बहनों व गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने जगह-जगह पर कलश यात्रा का स्वागत किया। यह कार्यक्रम कम्यूनिटी इम्पावरमेंट ट्रस्ट और डीडी स्पोर्टस के सौजन्य से किया जा रहा है।

इस मौके पर कथा वाचक उमेश दूबे जी महाराज तीर्थराज प्रयाग(उत्तर-प्रदेश) ने सभी भक्तों को श्रीमद् भागवत के महत्व की जानकारी दी और कहा कि सभी को कथा का श्रवण ध्यान पूर्वक करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस मौके पर दिनेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा की आज से शुरूआत हुई है यह कथा 31 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगी और 7 अप्रैल को हवन व विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से दिनेश मिश्रा, शैलेजा, मनीष किन्नर (नायक), काजल किन्नर, गोपाल ज्योतिषी, आशा मंगला, रिंकू, इशिका, सुमन, प्रवीन, शिवम साहू, गौरी किन्नर, महामंडलेश्वर पूजा किन्नर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


# वजीरपुर क्षेत्र: पेड़-पौधों का हमारे जीवन में है विशेष महत्व: उमाकांत शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गरीब व अनाथ व्यक्ति की मदद करना पुण्य का कार्य होता है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी इस पुण्य के कार्य में भागीदार बने और बढ़-चढ़कर निर्धन तबके की मदद करें। उक्त बातें वजीरपुर मंडल भाजपा के मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने आगे बताया कि हम सभी को अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए, जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में बताया कि पौधारोपण करना केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम सभी अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधे लगाये, जिससे की क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने आगे कहा कि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। श्री शर्मा ने आगे कहा कि मानव जीवन में वृक्षों का बहुत अधिक महत्व है। वृक्ष पर्यावरण संतुलित रखने के साथ-साथ मानव के खाद्य सामग्री और औषधियां देते हैं। इसलिए सभी पौधारोपण करें और उसकी रक्षा की भी जिम्मेवारी अवश्य ही ले। भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने आगे बताया कि आज लोग बड़ी-बड़ी इमारते बनाने के चक्कर में पेड़ काट देते है, जो गलत है, आज हम सभी संकल्प लें कि न ही हम पेड़ काटेगें और न हीं किसी को पेड़-पौधे काटने देंगे।

# अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा कर रही हैं समाज को जागरूक: सैनी

## 'सत्य की हमेशा ही जीत होती है, इसलिए सत्य की राह पर चलें'



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि संगठन के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए जरूरतमंदों और असहायों की सहायता करनी चाहिए। जिससे की सभी का कल्याण हो सके। मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी निर्धन व असहायों की मदद के लिए आगे रहे। सुमेर सिंह सैनी ने समाज के लोगों से कहा कि आगे बढ़ो और शिक्षा के महत्व को समझों और शिक्षित बनो, संघर्ष करों तभी आप आगे निकल सकते हो। उन्होंने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही मिलती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

# मुख्यमंत्री ने निकाला रोड शो, मोदी-धामी की गूंज

**प्रचार**

**8 भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ विपक्ष की नाकामी उजागर कर रहे हैं।**



**देहरादूनं/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस बार उत्तराखंड में रिकॉर्ड मतों से कमल खिलाने के लिए चुनावी रण में कूदे पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में लगातार प्रचार में जुटे हैं। भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाने के साथ विपक्ष की नाकामी उजागर कर रहे हैं।

रविवार को मुख्यमंत्री ने मंडी मैदान सहिया देहरादून तक रोड शो निकाल जनसमर्थन मांगा।

टिहरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह को भारी मतों से जिताने के लिए मुख्यमंत्री ने रोड शो निकाला। रोड शो में जनसैलाब उमड़ा और पूरा रोड शो मोदी-धामी के नारे से गूंज रहा था। मुख्यमंत्री ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया और भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा। इसके बाद उन्होंने मंडी मैदान सहिया, देहरादून में आयोजित जनसभा में प्रतिभाग किया।

## आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर मुख्यमंत्री धामी ने दी बधाई

**देहरादूनं/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के शीर्ष नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें बधाई दी है।

मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "हमारे संस्कार-हमारी पहचान। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री व हम सभी के मार्गदर्शक लालकृष्ण आडवाणी को "भारत रत्न" से सम्मानित किया जाना समस्त कार्यकताओं एवं देश की राष्ट्रवादी जनता के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर पर आडवाणीजी के


Pushkar Singh Dhami
हमारे संस्कार-हमारी पहचान

आवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू का उपस्थित होना वरिष्ठजनों के प्रति आदर व सम्मान भाव को दशार्ता है।

# हरीश रावत ने कहा, 'पप्पू' प्यार का शब्द है, भाजपा बोली-कांग्रेस में कई पप्पू मिल जाएंगे

**तंज**

**8 गप्पू शब्द इस बात का प्रमाण है कि इस व्यक्ति के कथनी और करनी में बड़ा अंतर है**





**देहरादूनं/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव से पहले उत्तराखंड में 'पप्पू' शब्द चर्चा में है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत का कहना है कि पप्पू प्यार का शब्द है, जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने इस पर तंज कसते हुए कहा है कि ढूंढने पर कांग्रेस में कई पप्पू मिल जाएंगे।

उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव प्रथम चरण में है। दोनों राष्ट्रीय दल कांग्रेस-भाजपा के बीच सीधे मुकाबला है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र रावत हरिद्वार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इस बीच हरीश रावत ह्यमैं हूं पप्पूह्न अभियान को लेकर चर्चा में हैं। हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, "मैं भारत की लोकसभा का सदस्य हो गया था, लेकिन मेरी मां मुझको हमेशा पप्पू ही कहती थी। मेरी बड़ी बहनें भी मुझे पप्पू ही कहकर के पुकारती थीं। पप्पू प्यार का शब्द है, दुलार का शब्द है। मगर गप्पू शब्द इस बात का प्रमाण है कि इस व्यक्ति के कथनी और करनी में बड़ा अंतर है जो केवल लफ्फाजी करता है, जुमलेबाजी करता है, भाजपा जो है गप्पू है।"

## दो गौ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पथरी पुलिस ने दो गौ तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपित दो गोवंश को गाड़ी में क्रूरता पूर्वक बांधकर कर ले जा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक थाना पथरी अंतर्गत चौकी फेरूपुर इंचार्ज नवीन चौहान पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाए हुए थे। चेकिंग के दौरान दो व्यक्ति तालिब पुत्र सलीम खान निवासी मोहम्मदपुर कुमारी और राजा पुत्र पूरन सिंह निवासी टीकमपुर कोतवाली लक्सर को दो गोवंशों को क्रूरता पूर्वक बांधकर ले जाते हुए पकड़ा। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध उत्तराखंड गोवंश अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम में मामला दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है।

# कांग्रेस महासचिव महेश शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग भाजपा में हुए शामिल

**सदस्यता**

**8 कांग्रेस से कई बार चुनाव लड़ चुके महेश शर्मा ने भगत की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ले ली है।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के धुर विरोधी माने जाने वाले और उनके विरुद्ध कांग्रेस से कई बार चुनाव लड़ चुके महेश शर्मा ने भगत की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ले ली है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में कांग्रेस महासचिव महेश शर्मा समेत बड़ी संख्या में निर्वाचित जनप्रतिनिधि और कई सामाजिक कार्यकताओं ने रविवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

पार्टी मुख्यालय में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कालाढूंगी विधायक बंशीधर ने भाजपा पार्टी में शामिल होने वाले सैकड़ों राजनैतिक और सामाजिक कार्यकताओं का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि आज जनता ने तय कर लिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 400 पार के लिए आशीर्वाद देना है। यही वजह है कि श्रीराम के देश में मोदीमय माहौल से प्रेरित होकर सभी पार्टियों और सामाजिक संगठनों से लोग बड़े पैमाने में भाजपा में शामिल हो रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के सभी बूथों पर 50 फीसदी से अधिक मत प्राप्त करना और पांचों सीटों को 5 लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज करना है।

इस अवसर पर प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक और राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधान पार्टी है, लिहाजा आप सभी लोकसभा चुनाव के मिशन में जुट जाएं, आपके मान सम्मान और भावनाओं का पूरा पूरा ख्याल किया जाएगा।

पार्टी में शामिल होने वालों में प्रदेश कांग्रेस महासचिव, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश चंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत नैनीताल कमलेश शर्मा, नैनीताल जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पूरन सिंह खन्नी, पूर्व जिला अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन कुंदन सिंह बोहरा, नैनीताल कांग्रेस महासचिव सोहन सिंह नेगी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रदीप नेगी, कृष्ण चंद्र आर्य, विनीता गोस्वामी, क्षेत्र पंचायत सदस्य वाला बिष्ट, पूर्व प्रधान नवीन बोरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य जीवन सिंह देव, ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र कांडपाल, पूर्व प्रधान जोग सिंह, पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह खन्नी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रतन सिंह स्यालाकोठी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित दयानंद आर्य समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए ।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकसभा चुनाव : भाजपा की बी टीम का टैग छुड़ाने में छूट रहे पसीने

**देहरादूनं/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के विरोधियों को हरिद्वार सीट पर अजब परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ये परेशानी सिर्फ इसी लोकसभा सीट पर है, बाकी कहीं नहीं। दरअसल, हरिद्वार लोकसभा सीट पर चाहे कांग्रेस हो या फिर निर्दलीय उम्मीदवार खानपुर विधायक उमेश कुमार। उन्हें ये सफाई देनी पड़ रही है कि वे मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं और उनका मकसद भाजपा को मदद पहुंचाना कतई नहीं है। जहां तक भाजपा का सवाल है, वह इस पूरी स्थिति का आनंद उठा रही है और अपने प्रचार को दिन-ब-दिन धार देती जा रही है।

पहले बात कांग्रेस की। कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत पहले खुद चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में थे, लेकिन अंतिम समय में उन्होंने अपने बेटे विरेंद्र रावत को टिकट दिला दिया। हरीश रावत के हटने के पीछे की चाहे जो राजनीतिक वजहें रही हों, लेकिन चुनावी मौसम में उनके विरोधियों ने ये खबरें उड़ा दी हैं कि भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए हरीश रावत ने अपेक्षाकृत कमजोर उम्मीदवार मैदान में उतार दिया है।

दरअसल, इसी सीट पर निर्दलीय बतौर चुनाव लड़ रहे खानपुर विधायक उमेश कुमार से उनकी अदावत जगजाहिर है। वर्ष 2016 में ये उमेश कुमार ही थे, जिन्होंने हरीश रावत का बहुचर्चित स्टिंग किया था। उमेश कुमार कांग्रेस के टिकट के लिए भी प्रयासरत थे, लेकिन हरीश रावत ने ऐसा होने नहीं दिया। अब माना जा रहा है कि अपने बेटे की लॉन्चिंग तो उन्होंने कर दी है, लेकिन वह यह भी चाहते हैं कि उमेश कुमार किसी सूरत में न जीतने पाए। इधर, उमेश कुमार के समर्थक इस बात को प्रचारित कर रहे हैं कि हरीश रावत के भाजपा उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत से मधुर संबंध हैं। इसलिए हरीश रावत इस चुनाव में त्रिवेंद्र सिंह रावत की मदद कर सकते हैं।

उमेश कुमार के समर्थक यदि सक्रिय हैं, तो हरीश रावत के समर्थक भी कहीं पीछे नहीं हैं। वे भाजपा के बडे. नेताओं के साथ उमेश कुमार के मजबूत संबंधों को प्रचारित कर रहे हैं। हरीश रावत तो उमेश कुमार पर सीधा हमला बोलते हुए उनके लिए सुपारी किलर जैसे शब्दों का इस्तेमाल भी कर रहे हैं। हरीश रावत समर्थक ये प्रचारित कर रहे हैं कि उमेश कुमार की मंजिल किसी भी रूप में भाजपा ही है। देर-सबेर उन्हें भाजपा में ही जाना है।

भाजपा की मदद के लिए ही वह चुनाव लड़ रहे हैं।

कुल मिलाकर कांग्रेस हो या फिर निर्दलीय उमेश कुमार अपने चुनाव प्रचार पर ध्यान देने के साथ ही साथ उन्हें ये साबित करने में भी पसीना बहाना पड़ रहा है कि वे भाजपा की बी टीम के रूप में चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। उमेश कुमार ने तो सोशल मीडिया पर अपनी उस तस्वीर को भी शेयर किया है, जिसमें वे व्हील चेयर पर पुलिस कस्टडी में हैं। उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की है कि त्रिवेंद्र सरकार के जमाने में उन्हें प्रताड़ित किया गया, तो वे ऐसी स्थिति में भाजपा को मदद कैसे पहुंचा सकते है। बहरहाल, भाजपा विरोधियों की इस अजब मुश्किल के बीच पार्टी उम्मीदवार त्रिवेंद्र सिंह रावत का पूरा फोकस सबसे पहले हरिद्वार संसदीय क्षेत्र के उन इलाकों तक पहुंचने पर है, जहां अभी तक कोई नहीं पहुंचा है। उनके नाम का ऐलान काफी पहले हो जाने का उन्हें ये फायदा जरूर मिला है कि वे अपने संसदीय क्षेत्र के एक बडे. हिस्से तक पहुंच कर वोट की अपील कर चुके हैं।

### टिहरी गढ़वाल: खाई में गिरी टाटा सूमो, दो लोगों की मौत, 9 घायल

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। एक टाटा सुमो वाहन खाई में गिर गया। हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए। घायलों में चार लोगों का गजा अस्पताल में उपचार चल रहा है, जबकि पांच गंभीर घायलों को ऋषिकेश एम्स में रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार टिहरी गढ़वाल में तहसील गजा के दुवाकोटी के पास एक टाटा सूमो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 9 लोग घायल हैं। राहत बचाव कार्य जारी है।

एसडीआरएफ टीम के निरीक्षक कवींद्र सजवान ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर तुरंत टीम को घटनास्थल पर रवाना किया गया। टाटा सुमो वाहन सवारियों को लेकर गजा से चंबा की ओर जा रहा था। यह वाहन लोकल बताया जा रहा है।

# चमोली में स्वीप ने किया रेडियो पॉडकास्ट चैनल का शुभारंभ



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
स्वीप चमोली ने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए रेडियो पॉडकास्ट चैनल का संचालन शुरू किया है।

पॉडकास्ट चैनल का शुभारंभ रविवार को स्वीप के नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने किया। चैनल के माध्यम से मतदाता जागरूकता के साथ ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रसारित की जाएंगी।

पॉडकास्ट रेडियो चैनल का शुभारंभ करते हुए स्वीप के नोडल अधिकारी शाह ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनपद के प्रत्येक मतदाता तक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाई जा रही है। इस रेडियो चैनल पर आगामी 16 अप्रैल तक नौ एपिसोड प्रसारित किए जाएंगे।

स्वीप समन्वयक/मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने कहा कि आने वाले एपिसोड में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला आइकन्स के साथ ही जिले के गणमान्य व्यक्तियों के मतदाता जागरूकता संदेश जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार की चुनावी चचाओं का प्रसारण भी किया जाएगा।

**जानकारियां**

**8 चैनल के माध्यम से मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रसारित की जाएंगी।**

दूसरी ओर जिले में रविवार को बूथ जागरूकता सप्ताह के तहत कर्णप्रयाग के कनखुल, किमोली, कुनेथ, जस्यारा, डुंग्री, कर्णप्रयाग नगर, लंगासू, भकुंडा, सोनला और मैठाणा में स्वीप टीम की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वीप की ओर युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में फुटबाल मैच का आयोजन भी किया गया।

इस मौके पर स्वीप के सह समन्वयक डॉ. दर्शन नेगी, जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर रावत, अनूप खण्डूरी, दर्शन पंवार, प्रदीप चंद, पृथ्वी रावत, दीवान सिंह नेगी, राजेंद्र प्रसाद सती, प्रबोध डिमरी, दीपा जोशी आदि मौजूद थे।

## भाजपा के रोड शो में जन-जन उत्सुक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अनिल बलूनी के समर्थन में रविवार को थलीसैंण से प्रचार यात्रा प्रारंभ की। उनके नैनी बैंड, जल्लू और सलौन में पहुंचने पर कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया।कैबिनेट मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के लिए वोट मांगा। वहीं, रोड शो में जन-जन की उत्सुकता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक बार फिर बागडोर सौंपने को तैयार दिखी। रोड शो, कार्यकर्ता संवाद और विभिन्न दलों के कार्यकताओं का पार्टी में सम्मिलित होने के कार्यक्रमों के साथ यात्रा आगे बढ़ रही है। रोड शो में लोकसभा चुनाव प्रभारी पुष्कर सिंह काला, मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह रावत और पौड़ी जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी आदि थे।

# तस्कर गिरफ्तार, 60 पेटी शराब बरामद

**बड़ी सफलता**

**8 नशा तस्करी करने वालों के विरुद्ध कार्य कर ही पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद में नशा तस्करी करने वालों के विरुद्ध कार्य कर ही पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान 60 पेटी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक ज्वालापुर कोतवाली पुलिस चेकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान पुलिस ने नहर पटरी सिंचाई विभाग के खण्डहर के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से 60 पेटी (2880 पव्वे) शराब बरामद हुई। व्यक्ति का नाम निशु पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम भागुवाला थाना मंडावली जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी मोहल्ला कड़च्छ निकट रविदास मंदिर कोतवाली ज्वालापुर, हरिद्वार बताया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# उत्तराखंड क्रांति दल का चुनाव निशान आइसक्रीम होगा: मोहन

**चुनाव**

**8 हरिद्वार लोकसभा सीट पर दल आइसक्रीम के चुनाव निशान पर जनता के बीच चुनाव मैदान में होगा**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड क्रांति दल चुनाव आयोग द्वारा उनके पुराने चुनाव निशान को फ्रीज किए जाने के बाद आइसक्रीम के चुनाव निशान के साथ जनता के बीच जाएगा। यह जानकारी उत्तराखंड क्रांति दल के हरिद्वार लोकसभा सीट के उम्मीदवार मोहन सिंह असवाल ने रविवार को ऋषिकेश प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा पिछले चुनाव के दौरान उत्तराखंड क्रांति दल को मत प्रतिशत कम मिलने के कारण उनका पुराना चुनाव निशान फ्रीज कर दिया गया है, इसलिए हरिद्वार लोकसभा सीट पर दल आइसक्रीम के चुनाव निशान पर जनता के बीच चुनाव मैदान में होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल ही एक ऐसा क्षेत्रीय दल है जिसने संघर्ष कर उत्तराखंड राज्य को बनाए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन दल को जनता से जो अपेक्षाएं थीं वह पूरी नहीं हो पाई हैं। इसके पीछे हमारे दल के नेताओं की भी कमी रही है, परंतु उन्हें अब अपेक्षा है कि लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें अपना भरपूर समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल जनता के बीच भू कानून को लागू किए जाने, महिलाओं का सशक्तिकरण, जल जंगल जमीन, फैक्टरी में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उन्हें घर से फैक्टरी तक ले जाए जाने, तीर्थ स्थलों को नशा मुक्त किए जाने जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

# लोकसभा चुनाव: अबकी बार 400 पार का नारा होगा साकार: मंत्री जोशी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार का नारा साकार होगा और भाजपा नया इतिहास रचेगी।

रविवार को मंत्री गणेश जोशी ने टिहरी लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के पक्ष में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दून विहार वार्ड नंबर 06 और जाखन वार्ड नंबर 07 में जनसंपर्क किया।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी नीतियों और विकास कार्यों पर जनता का संतुष्टि का भाव नजर आ रहा है। जनता का यही विश्वास, रिकॉर्ड तोड़ मतों से प्रधानमंत्री मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करने के लिए उत्तराखंड की जनता पूर्ण रूप से तैयार है। जोशी ने विश्वास जताते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तराखंड की सभी सीटों पर प्रचंड जीत दर्ज कर नया कीर्तिमान स्थापित करने जा रही है।

इस अवसर पर मसूरी विधानसभा चुनाव प्रभारी कमली भट्ट, मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा, मंडल महामंत्री आशीष थापा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद डोभाल, अमित थापा, चुनाव सह संयोजक निरंजन डोभाल, मोहित जायसवाल, पार्षद संजय नौटियाल, योगेश घाघट, कमल थापा, चुन्नी लाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक प्रमोद थापा, वरुण छेत्री, शक्ति केन्द्र संयोजक किरण पासवान आदि उपस्थित थे।

# दो शराब तस्कर गिरफ्तार, 100 लीटर शराब बरामद



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पथरी पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने 100 लीटर कच्ची शराब व 2500 लीटर लाहन बरामद किया है। लाहन को पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया।

थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शिवगढ़ और फूलगढ़ से यशपाल पुत्र शेर सिंह व रविंद्र पुत्र महेंद्र को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 100 लीटर शराब, 2500 लीटर लाहन बरामद किया है।

# स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बरामद**

**8 नगर कोतवाली पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर10 ग्राम स्मैक बरामद की है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर कोतवाली पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके के पास से 10 ग्राम स्मैक बरामद की है।

मुखबिर द्वारा नगर कोतवाली पुलिस को स्मैक की तस्करी किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अरविंद उर्फ फडडा उम्र 35 वर्ष पुत्र महेश गुप्ता निवासी जग्गी झोपड़ी रोड़ी बेलवाला, कोतवाली नगर जनपद हरिद्वार को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 10.28 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 01 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## जम्मू: पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**जम्मू:** जम्मू में रविवार को सुबह हल्की धूप खिली। वहीं, रामबन में जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर भूस्खलन के चलते यातायात बंद हो गया है। मार्ग को बहाल करने के लिए कार्य जारी है। गुलमर्ग और पहलगाम के कई ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश दर्ज की गई। इससे पहले रामबन के किश्तवाड़ी पत्थर और पंथयाल में पस्सियां गिरने से जम्मू-श्रीनगर हाईवे सुबह 3 घंटे बंद रहा। पुंछ में देर रात तेज बारिश हुई। खराब मौसम के कारण किश्तवाड़ जिले में प्रशासन के आदेश पर स्कूल बंद रहे। हालांकि जम्मू संभाग के जम्मू समेत कई जिलों में धूप खिली रही। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार, अप्रैल के शुरू में भी मौसम का मिजाज बदलेगा। 31 मार्च को कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। इसके बाद 6 और 7 अप्रैल को कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। रविवार को आंशिक रूप से लेकर बादल छाए रहेंगे, अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी (ऊंचे इलाकों में) और रात के दौरान अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश या बर्फबारी होगी। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित पहलगाम में करीब गभग तीन इंच ताजा बर्फबारी हुई। उत्तरी कश्मीर के बांदीपुरा जिले के गुरेज समेत कुछ अन्य इलाकों में भी ताजा बर्फबारी हुई। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में श्रीनगर-लेह राजमार्ग के किनारे द्रास शहर में भी ताजा बर्फबारी हुई।

**गुलमर्ग में तापमान माइनस में:** श्रीनगर में शुक्रवार रात का तापमान 6.8, पहलगाम में 1.3, गुलमर्ग में माइनस 0.5, लेह में 1.5, जम्मू में 16.4 और कटड़ा में 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बडगाम: जांच करने पहुंची टीम को साढ़े 7 घंटे कराया इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगर:** स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जांच में सहयोग न करने पर बडगाम के एक स्कूल की मान्यता रद्द कर दी गई है। स्कूल शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने यह कार्रवाई फाउंडेशन वर्ल्ड स्कूल मम्मत (बडगाम) के खिलाफ की है। स्कूल को 23 नवंबर, 2021 को मान्यता दी गई थी। डीओई की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) बडगाम ने स्कूल के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच के लिए एक समिति गठित की थी। तथ्यात्मक स्थिति का पता लगाने के लिए समिति 24 फरवरी को स्कूल पहुंची तो स्कूल प्रबंधन ने सुबह 10 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सीईओ सहित जांच अधिकारियों को स्कूल के बाहर इंतजार कराया। सीईओ ने यह भी सूचित किया कि संबंधित स्कूल प्रबंधन ने मानकों के अनुरूप बिना मुहर और हस्ताक्षर के दस्तावेज जांच समिति को सौंप दिए, जिसके कारण समिति स्कूल प्रबंधन के असहयोग के कारण तथ्यात्मक स्थिति का पता नहीं लगा सकी। आदेश में कहा गया है कि स्कूल ने सुझावों पर विचार करने या उन्हें लागू करने के प्रति कोई झुकाव नहीं दिखाया और आज तक स्कूल के आधिकारिक व्यवसाय के लिए कभी भी विभागीय प्रतिनिधि को शामिल नहीं किया है, जो कि स्थायी मानदंडों के अनुसार अनिवार्य है, इसलिए स्कूल की मान्यता रद्द की जाती है।

# भारत की सेना अधिक आत्मनिर्भर हुई: धामी

## सीएम धामी ने सहिया में की जनसभा: गिनाईं सरकार की उपलब्धियां, कांग्रेस पर साधा निशाना

**जनसभा**

**पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रहा है: सीएम धामी**



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**सीएम** पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में कालसी ब्लॉक के कृषि मंडी परिसर में टिहरी लोकसभा सीट से प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रहा है। भाजपा ने नारी वंदन विधेयक पारित किया। लंबे समय से राम मंदिर नहीं बन रहा था। भाजपा सरकार ने राम मंदिर निर्माण का सपना पूरा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सेना पहले से अधिक आत्मनिर्भर हुई हैं। मोदी सरकार सैनिकों के उत्थान और कल्याण के लिए काम कर रही है। कहा कि मैं भी एक सैन्य परिवार से आता हूं। आज कोई देश भारत को आंख दिखाने की हिम्मत नहीं कर सकता है। भाजपा सरकार ने सैन्य धाम के माध्यम से सैनिकों को सम्मान देने का भी काम किया है। उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला प्रदेश बन गया है। हमने नकल विरोधी कानून बनाया। पिछले 22 साल के मुकाबले भाजपा सरकार में दोगुनी नौकरियां दी गई। जी 20 समेत विश्व में भारत का डंका बज रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्रवक्ता ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट की भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के विषय में अभद्र टिप्पणी की है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस महिलाओं का सम्मान नहीं करती है। महिलाओं के प्रति कांग्रेस की घटिया मानसिकता है। कांग्रेस का शासनकाल घोटाले के नाम रहा। बोफोर्स घोटाला, 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कॉमनवेल्थ खेल घोटाला आदि घोटाले कांग्रेस की सरकार के समय ही हुए थे। वोटों के लिए कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है।

## उत्तराखंड की अंतिम मतदाता सूची जारी

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**उत्तराखंड की** पांच में से हरिद्वार लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा मतदाता इस बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सबसे कम मतदाता वाली सीट टिहरी और अल्मोड़ा है, जिसमें महिला व पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग बराबर है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से जारी अंतिम मतदाता सूची के हिसाब से प्रदेश में इस बार 83 लाख 37 हजार 914 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें सबसे ज्यादा 20 लाख 35 हजार 726 मतदाता हरिद्वार लोकसभा सीट पर हैं, जिनमें 9,64,739 महिला, 10,70,828 पुरुष और 159 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। दूसरे नंबर पर नैनीताल-ऊधमसिंह नगर सीट है, जिसमें कुल 20,15,809 मतदाता हैं, जिनमें 9,68,636 महिला, 10,47,118 पुरुष व 55 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। तीसरे स्थान पर टिहरी लोकसभा सीट है, जिसमें कुल 15,77,664 मतदाता हैं। इनमें से 7,61,783 महिला, 8,15,819 पुरुष व 62 ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

# श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी ने केआईआईटी भुवनेश्वर को 46 रन से दी मात



**प्रतियोगिता**

**जौनपुर यूनिवर्सिटी के हाथों 6 विकेट से हारी एलपीयू फगवाड़ा संबलपुर यूनिवर्सिटी ने आठ विकेट से जीता मैच**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/झुंझुनूं:** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ व श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टिबडेवाला विश्वविद्यालय के सौजन्य से आयोजित की जा रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष वर्ग) चैंपियनशिप के दूसरे दिन हुए लीग मुकाबलों में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर को 46 रन से मात दी, जबकि संबलपुर यूनिवर्सिटी ने सीएसएम यूनिवर्सिटी कानपुर को आठ विकेट से हराया। वहीं लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा अपना पहला मुकाबला वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर से 6 विकेट से हार गई। चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण कुमार ने बताया कि पूल ए में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नालॉजी यूनिवर्सिटी (केआईआईटी) भुवनेश्वर ने पहले टॉस जीतकर मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सलामी बल्लेबाज जतिन कादयान और अमित दलाल शुरू से ही केआईआईटी यूनिवर्सिटी के गेंदबाजों पर हावी होते हुए शतकीय पारी की और 12 ओवर में स्कोर बोर्ड पर 126 रन लगा दिए। 46 गेंद पर 2 छक्के व 7 चौके की मदद से 60 रन बनाने के बाद अमित दलाल नितीश की गेंद पर विकेटकीपर विश्वजीत के हाथों स्टंप हो गए। वहीं दूसरे छोर से जतिन कादयान ने 8 छक्के, 5 चौके की मदद से 56 गेंद पर 102 रन की शानदार पारी खेली और अपना पहला व चैंपियनशिप का दूसरा शतक लगाया और अपनी टीम के स्कोर को 20 ओवर में 3 विकेट पर 198 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। बडे लक्ष्य का पीछा करने उतरी केआईआईटी भुवनेश्वर के सलामी बल्लेबाज प्रशांत (5) और राजेश (7) को सोनू छिक्कारा ने दो लगातार ओवर में आउट करके टीम को बैकफुट पर ला दिया। सुदर्शन व नितीश के 30-30 रन और मणितेज मोहंती के 28 रन की बदौलत मेहमान टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 152 रन ही बना सकी और मैच 46 रन से हार गई। पूल सी के मुकाबले में एलपीयू फगवाड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मयंक के 25 रन और जसवीर के 18 रन की उपयोगी पारी की बदौलत 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 114 रन बनाए।

# डिंपल को टक्कर देने के लिए बड़े पर्दे का खिलाड़ी लाएगी भाजपा



**चुनौती**

**समाजवादी पार्टी का गढ़ ढहाने के लिए भाजपा अभी तक मैनपुरी में प्रत्याशी उतारने पर मंथन कर रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मैनपुरी:** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में समाजवादी पार्टी का गढ़ ढहाने के लिए भाजपा अभी तक मैनपुरी में प्रत्याशी उतारने पर मंथन कर रही है। जिले के शीर्ष नेताओं की मानें तो भाजपा में बड़े पर्दे के खिलाड़ी एक सिने अभिनेता पर पार्टी दांव लगा सकती है। जनपद के शीर्ष नेताओं ने भी इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पत्र भी लिखा है। मैनपुरी के लोकसभा चुनाव में भाजपा पिछले 28 साल से सपा के आगे नतमस्तक हो रही है। सपा का मैनपुरी का किला ढहाने के लिए पार्टी हर संभव प्रत्याशी को चुनाव में उतार चुकी है। सपा ने उप चुनाव में भारी मतों से जीतने वाली डिंपल यादव को मैदान में उतारा है तो भाजपा उनके सामने मजबूत प्रत्याशी को लाने का हर संभव प्रयास कर रही है। जिले के एक बड़े नेता की मानें तो एक पूर्व सांसद सिने अभिनेता को डिंपल के सामने प्रत्याशी बनाने की कवायद भाजपा में चल रही है। इसके लिए एक बड़े नेता को सिने अभिनेता से संपर्क करने का कहा गया है। भाजपा नेता मान रहे हैं कि बड़े पर्दे का यह खिलाड़ी ही डिंपल को मैनपुरी में बड़ी चुनौती दे सकता है।

**1996 से सपा का रथ रोकने में नाकाम है भाजपा:** मैनपुरी लोकसभा सीट वर्ष 1996 से सपा का कब्जा है। सपा प्रत्याशी के रूप में पिछले 28 साल में मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव, बलराम सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, तेज प्रताप और डिंपल यादव लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। भाजपा के सामने सपा का यह जीत का रथ रोकने की चुनौती है।

## सुनियोजित था हमला: संजीव बालियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुजफ्फरनगर:** मुजफ्फरनगर के खतौली में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान के काफिले पर हुए हमले को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कर प्रकरण की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी ने युवाओं को बरगलाकर ऐसा काम कराया है। उनकी तरफ से इस मामले में युवाओं के हितों को ध्यान रखते हुए तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस जांच कर प्रकरण के पीछे के चेहरों को उजागर करे। रविवार को केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकास की तरफ बढ़ रहे जिले में कुछ लोग माहौल खराब करने की साजिश रच रहे हैं।

# सपा होगी सफा, प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतेंगे: केशव प्रसाद



**साधा निशाना**

**सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीड की हड्डी हैं। आप लोगों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है: केशव**

**टीम एक्शन इंडिया**
**रामपुर: प्रदेश** में सपा अब सफा होगी जबकि प्रदेश में सभी 80 सीटें भाजपा जीतेगी। लोकसभा चुनाव में रामपुर क्षेत्र के स्वार विधानसभा की मसवासी नगर पंचायत में बूथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ये बात कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी पार्टी सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीड की हड्डी हैं। आप लोगों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हमारा सबसे मजबूत कार्यकर्ता बूथ का अध्यक्ष होता है, जिसके ऊपर अपना बूथ जीतने की जिम्मेदारी होती है। मैं पन्ना प्रमुखों को कहना चाहूंगा कि पार्टी के पक्ष में वोट करने के लिए सभी वोटरों को घर से बूथ तक पहुंचाना है। कोई भी वोट छूटना नहीं चाहिए। आपका डलाया एक-एक वोट हमें चुनाव में विजयी बनाएगा और हम भारी मतों से रामपुर लोकसभा की सीट जीतेंगे। आप सभी के जोश और उत्साह को देखकर मुझे विश्वास हो गया है कि हम लोकसभा का चुनाव तो जीत ही रहे हैं। मोदी को लेकर जो लक्ष्य हम लोगों ने लिया है वह भी निश्चित पूरा करेंगे। हम अपने यूपी की सभी 80 सीट जीतकर नरेंद्र मोदी के दिए हुए 400 प्लस के लक्ष्य को हम निश्चित प्राप्त करेंगे।

# हरिद्वार-ऋषिकेश में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब



**छुट्टियों का आनंद**

**मनसा देवी और मां चंडी देवी के दर्शन के लिए रोपवे पर भी लंबी लाइन लगी रही, होटल, धर्मशाला सब से पैक**

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार/ऋषिकेश:** हरिद्वार और ऋषिकेश में वीकेंड और गर्मियों की छुट्टी का असर रविवार को देखने को मिला। यहां दिल्ली, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। दोनों ही जगह होटल धर्मशालाएं पैक हैं। वहीं, सड़कों पर जाम से पर्यटकों को दो चार होना पड़ा। हाईवे इस कदर जाम दिखे कि वाहन रेंग-रेंगकर चलते नजर आए। शनिवार से ही हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए यात्री आना शुरू हो गए थे। रविवार को भीड़ और बढ़ गई। शहर के होटल, धर्मशाला सब पूरी तरह से पैक हो गए हैं। मनसा देवी और मां चंडी देवी के दर्शन के लिए रोपवे पर भी लंबी लाइन लगी रही। सुबह से ही भीड़ का यह नजारा धर्म नगरी में हर चौक-चौराहे पर भी देखने को मिला। सीजन की शुरूआत और इस तरह की भीड़ से व्यापारी ऑटो रिक्शा चालक और अन्य कारोबारी सभी बेहद खुश नजर आए। उधर, ऋषिकेश में पर्यटकों के वाहनों का रेला उमड़ने से हाईवे जाम रहा। शहर की आंतरिक गलियों में तक वाहन जाम में फंसे रहे। नेपाली फार्म से शिवपुरी तक करीब 25 किलोमीटर क्षेत्र में वाहन रेंगते नजर आए। वाहनों का दबाव बढ़ने पर नटराज चौक से भानियावाला के लिए वाहनों को डायवर्ट किया गया।

## छह क्विंटल फूलों की वर्षा कर मनाया फाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**सीहोर:** नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा शहर के चाणक्यपुरी स्थित एक निजी मेरिज गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा का स्वागत यहां पर मौजूद भाजपा नेताओं और क्षेत्रवासियों ने किया। आलोक शर्मा ने कहा कि आनंद उत्साह और रंगों का ये पावन पर्व सबके जीवन में सुख-समृध्दि, शांति और खुशहाली लाए। होली सिर्फ त्यौहार ही नहीं है, ये अपितु पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का भी त्यौहार है।

# कांग्रेस ने 'एक वोट, एक नोट'अभियान किया शुरू

## जनता भाजपा को सबक सीखाएगी: पटवारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल: इनकम** टैक्स ने कांग्रेस के खातों को फ्रीज कर कांग्रेस को करोड़ो रुपए की वसूली का नोटिस जारी किया है। इसके विरोध में रविवार को कांग्रेस ने अनूठा प्रदर्शन कर जनता से चंदा मांगने का अभियान शुरू किया है। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी कांग्रेसियों के साथ रोशनपुरा चौराहे पहुंचे और लोगों से एक वोट, एक नोट देने की अपील की। उनके साथ भोपाल से लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने भी दुकान मालिकों से चंदा मांगा। कांग्रेस को दुकानदारों ने 10 रुपए से लेकर 500 रुपए तक चंदा दिया। इस अवसर पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खाते बीच चुनाव में सीज करने और इंडिया गठबंधन के नेताओं और मुख्यमंत्रियों को जेल भेजने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने एक वोट, एक नोट का अभियान शुरू किया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरे प्रदेश में चलेगा। देश में तानाशाही सरकार चल रही है। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस इनसे डरने वाली नहीं है। हम मौजूदा सरकार की ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स को आगे कर निर्दोष लोगों को डराने की नीति को जनता के बीच लेकर जाएंगे। पटवारी ने कहा कि भाजपा को जनता सबक सीखाएगी। बता दें कांग्रेस चुनाव में अपने अभियान में कांग्रेस के खाते फ्रीज होने और इनकम टैक्स विभाग की तरफ से भेजे गए 1823 करोड़ रुपए के नोटिस को जनता के बीच लेकर जाएगी और मुद्दा बनाएगी।

# प्रशासनिक अधिकारी बचकानी हरकत कर रहे हैं: स्वामी प्रसाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजीपुर: गाजीपुर** में मुख्तार अंसारी के शव को दफनाने के दौरान बेकाबू हुई भीड़ और लगाए जा रहे नारेबाजी को लेकर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी नाराज हो गई थीं। इसी बात को लेकर उनकी मुख्तार अंसारी के भाई और सांसद अफजाल अंसारी से बहस तक हो गई थी। इस घटना का विरोध राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने किया है। शोक जताने मुहम्मदाबाद आए पूर्व मंत्री ने यहां तक कहा कि प्रशासनिक अधिकारी भी सरकार के इशारे पर बचकानी हरकत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने भी वीडियो देखा जिलाधिकारी ने जनाजे में आने से रोकने के लिए बड़ी लंबी फोर्स लगा दी थी। सांसद अफजाल अंसारी के साथ बेहुदगी के साथ जिलाधिकारी बात कर रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी के जनाजे में उमड़ी हुई भीड़ उनके लोकप्रियता की गवाह थी, जो प्रशासन के रोकने के बाद भी पहुंच गई थी।

चुनावी बिसात

## 5 बार पिछड़ी तो 4 बार ब्राह्मण, राजपूत व मुसलमान बने सांसद

# भदोही लोकसभा: हर जाति-बिरादरी को जनता ने दिया मौका



**जमीनी हकीकत**

**राजनीति में जाति एक बड़ा फैक्टर है। सोशल इंजीनियरिंग का गणित बैठाने के बाद प्रत्याशी का चुनाव करती हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**भदोही:** पूर्वांचल की राजनीति में जाति एक बड़ा फैक्टर है। हर पार्टियां सोशल इंजीनियरिंग का गणित बैठाने के बाद ही प्रत्याशी का चुनाव करती हैं। भदोही लोकसभा सीट से सर्वाधिक पांच सांसद पिछड़ी जाति के हैं। वहीं ब्राह्मण, राजपूत और मुसलमानों के बीच बराबरी का मुकाबला रहा है। 2009 के परिसीमन के बाद हुए तीन लोकसभा चुनावों में ब्राह्मण, राजपूत और पिछड़ी जाति के एक-एक सांसद हुए हैं। पूर्वांचल की सियासी जमीन जातीय राजनीति के लिहाज से काफी मुफीद मानी जाती है। राजनीतिक पार्टियों का पूर्वांचल की सीटों पर काफी फोकस होता है। कहीं राजभर, कहीं भूमिहार, कहीं राजपूत तो किसी सीट पर मुसलमान और ब्राह्मण उम्मीदवारों को तरजीह मिलती है। भदोही लोकसभा सीट 2009 के परिसीमन के पहले मिर्जापुर-भदोही संसदीय सीट के नाम से जानी जाती थी। परिसीमन के बाद प्रयागराज की दो विधानसभा प्रतापपुर और हंडिया को जोड़ने के बाद भदोही लोकसभा अस्तित्व में आई। भदोही लोकसभा में ब्राह्मण, बिंद और मुसलमान मतदाता हार-जीत की भूमिका तय करते आ रहे हैं। अब तक के परिणामों की बात करें तो मुकाबला बराबरी वाला रहा है। इस लोकसभा से पांच बार पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों ने विजयश्री हासिल की है। वहीं ब्राह्मण, राजपूत एवं मुस्लिम सांसद भी चुने गए। भदोही सीट पर पिछड़ी जाति से आने वाले सांसदों में फूलन देवी, रामरति बिंद और रमेश चन्द्र बिंद और नरेंद्र कुशवाहा हैं। फूलन देवी ने यहां से दो बार जीत दर्ज की है। इसी तरह इस सीट से पंडित श्यामधर मिश्र, उमाकांत मिश्र, रमेश कुमार दुबे और गोरखनाथ पांडेय को सांसद बनने का गौरव प्राप्त है।

# करीला धाम: रंगपंचमी मेले का हुआ शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**करीला धाम:** जिले के तहसील मुख्यालय से महज 30 किलोमीटर की दूरी पर लगने वाले देश के बहुचर्चित मेलों में से एक मां जानकी के दरबार करीला धाम में रंग पंचमी पर लगने वाले ऐतिहासिक मेले का सुबह दिव्य गुफा के कपाट खुलने के साथ ही शुभारंभ हो गया। इस मेले में करीब 25 से 30 लाख श्रद्धालुओं ने माता जानकी के दर्शन किये और मान्यता के अनुसार राई नृत्य भी कराया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव भी शाम करीला धाम पहुंचे और माता के दरबार में पूजन अर्चन कर आरती की और माता जानकी का आशीर्वाद लिया। वहीं मंदिर के पुजारी ने मुख्यमंत्री को पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। करीला ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री को भगवान श्रीराम की एक फोटो भेंट की।

**इस केंद्र पर शीश नवाता हूं: सीएम मोहन यादव**
माता जानकी के दर्शन के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंदिर परिसर के अंदर रखे ढोल को अपने ही अंदाज में बजाते नजर आये, वहीं माता करीला को झंडा भी चढ़ाया।
इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं करीला धाम में माता जानकी के दर्शन करने आया हूं। मैं आस्था और श्रद्धा के इस केंद्र पर शीश नवाता हूं। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से अतीत में शिवराज सिंह की सरकार ने जो काम किए थे, मैं कोशिश करूंगा आने वाले समय में इस पूरे धाम को लेकर आचार संहिता के बाद विस्तृत प्लान भी बनाएंगे।